U.P. CHAMOLI

FOR REFERENCE ONLY

सातवीं

पंचवर्षीय योजना

१९८५-९०

एवं

वार्षिक जिला योजना

१९८७-८८

54215
309.26
UTT-S

उत्तर प्रदेश सरकार

जनपद–चमोली

प्रस्तावना

वर्ष 1987-88 सातवीं पंचवर्षीय योजना का तृतीय वर्ष है, इस वर्ष जिला सैक्टर योजना के अन्तर्गत जनपद चमोली की योजना का आकार 13·65 करोड़ रूपये प्रस्तावित की गयी है । ये गत वर्ष की स्वीकृत योजना से 10 प्रतिशत अधिक है । प्रस्तावित योजना में शासन के उद्देश्य के अनुरूप कृषि, सिंचाई, क्षेत्रीय विकास, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना, ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारन्टी योजना शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, निर्बल वर्ग आवास, तथा हरिजन एवं समाज कल्याण कार्यक्रम को प्राथमिकता दी गयी है । 20 सूत्रीय कार्यक्रमों हेतु अधिक धनराशि आवंटित की गयी है ताकि जनपद में कार्य क्रम को सफलता से कार्यान्वित किया जा सके । इसके अतिरिक्त विकास कार्यक्रमों में बैंकों से भी सदैव की भांति पूर्ण सहयोग मिलने की आशा है ।

मैं अपने सहयोगी तत्कालीन अतिरिक्त जिला अधिकारी, (विकास) श्री ब्रह्मसिंह द्वारा जिला योजना संरचना में दिये गये मार्गदर्शन के लिए आभारी हूँ । अर्थ अधिकारी श्रीमती संगीता वर्मा तथा नियोजन व अर्थ एवं संख्या विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी धन्यवाद देता हूँ जिनके अथक प्रयासों के फलस्वरूप यह योजना प्रस्तुत की जा सकी ।

मुझे आशा है कि जनपद की जनता जन प्रतिनिधि एवं कार्यक्रमों से सम्बद्ध अधिकारियों में आपस के अच्छे सामान्जस्य से हम कार्य क्रमों का सफल कार्यान्वयन में सक्षम होंगे और जनपद को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने में समर्थ होंगे ।

(लव वर्मा)
जिला अधिकारी,
चमोली ।

NIEPA DC
D03676

54215 309.2
UTT-S

PLN
UTT-S

Sub. National Systems Unit,
National Institute of Educational
3676
Date 16/4/87

आमुख

नियोजन का विकेन्द्रीकरण वास्तव में प्रजातांत्रिक ढांचे में नीचे के स्तर से नियोजन किये जाने की मूल आवश्यकता के अनुरूप ही है । इसी विकेन्द्रित नियोजन नीति के अनुपालन में वर्ष 1987-88 जो कि सातवीं पंचवर्षीय योजना का तृतीय वर्ष है, की जिला वार्षिक योजना तैयार की गयी है । योजना बनाते समय शासन द्वारा इंगित बिन्दुओं तथा जनपद की मूल-भूत समस्याओं को दृष्टिगत रखा गया है ।

वर्ष 1987-88 के लिए जिला योजना हेतु 13.65 करोड़ रूपये का प्राविधान किया गया है । जिला योजना की संरचना का मुख्य उद्देश्य जनपद के आर्थिक विकास को विशेष गति प्रदान करना है । इसके अतिरिक्त आर्थिक विषमता दूर करने का प्रयास किया गया है, तथा पिछड़े और निर्बल वर्गों के विकास को विशेष प्राथमिकता दी गयी है । भारत सरकार की नीति के अनुरूप न्यूनतम् आवश्यकता कार्यक्रम को भी महत्व दिया गया है । मुझे आशा है कि जनता तथा जनप्रतिनिधियों के सहयोग से वर्ष 1987-88 की योजना के सफल कार्यान्वयन से जनपद प्रगति की राह पर अग्रसर होने में सक्षम हो सकेगा ।

इस योजना की संरचना में संख्या अधिकारी, श्री डी०डी० कापरी के मार्ग दर्शन तथा सहयोग के लिए मैं आभारी हूँ । सहायक अर्थ एवं संख्या अधिकारी, श्री डी०के० वार्ष्णेय का जिला योजना वर्ष 1987-88, समय से पूर्ण करने में अथक प्रयास सराहनीय है । इसके अतिरिक्त सहायक . अर्थ एवं संख्याधिकारी श्री दर्शनसिंह नेगी, श्री वेद प्रकाश कौशिक, वरिष्ठ लिपिक श्री रामनरेश शुक्ला, कनिष्ठ लिपिक श्री रमेशलाल एवं कनिष्ठ लिपिक जिला विकास कार्यालय के श्री जगदम्बा प्रसाद का सहयोग जिला योजना संरचना में अच्छा रहा । श्रीमती विजया भट्ट, चपरासी ने डुप्लीकेटिंग कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। इसी प्रकार अल्प सिंचाई विभाग, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण एवं कार्यालय अपर जिला विकास अधिकारी (ह०क०) द्वारा भी पूर्ण सहयोग दिये जाने के लिए मैं उनके आभारी हूँ जिसके कारण जनपद की योजना का कार्य समय से सम्पन्न किया जा सका ।

मैं इस योजना की संरचना में श्री लव वर्मा, जिला अधिकारी चमोली के मार्ग दर्शन के लिए आभारी हूँ ।

संगीता वर्मा

(संगीता वर्मा)

अर्थ अधिकारी,
चमोली ।

1

विषय सूची

क्र. सं.	अध्याय	पृष्ठ संख्या
1.	भूमिका	1- 5
2.	अवस्थापना	6- 8
3.	प्रशासनिक तथा संस्थागत ढांचा	9-11
4.	आर्थिक कार्यकलाप	12-14
5.	सेवायोजन सम्बन्धी समस्याये	15-16
6.	पिछड़े समुदाय की समस्यायें	17
7.	जिला योजना का समालोचनात्मक मूल्यांकन	18-23
8.	स्थानीय संसाधन	24-26
9.	दीर्घकालीन विकास की रूप रेखा	27-29
10.	जिला योजना की पूर्वता	30-40
11.	राष्ट्रीय न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम	41-42
12.	पिछड़े समुदाय के लिए कार्यक्रम	43-46
13	जिले के विकास कार्यक्रम	
	§1§ कृषि	47-50
	§2§ उद्यान	51-55
	§3§ लघु सीमान्त कृषक योजना	56
	§4§ भूमि संरक्षण	57
	§5§ पशुपालन	58-62
	§6§ मत्स्य	63
	§7§ वन	63
	§8§ एकीकृत ग्राम्य विकास योजना	63-64
	§9§ राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना	64-65
	§10§ भूमिहीन श्रमिक रोजगार गारन्टी योजना	65-66
	§11§ पंचायत	66-67
	§12§ प्रादेशिक विकास दल	67-68
	§13§ सामुदायिक विकास	68-69
	§14§ सहकारिता	69-70

क्र. सं.	अध्याय	पृष्ठ संख्या
	(15) निजी लघु सिंचाई	71
	(16) राजकीय सिंचाई	71
	(17) विधुत	71-72
	(18) ग्रामीण लघु उद्योग	73
	(19) उद्योग (रेशम)	73
	(20) पर्यटन	73
	(21) शिक्षा (प्रारम्भिक)	73-76
	(22) शिक्षा (माध्यमिक)	76
	(23) प्राविधिक शिक्षा	77
	(24) क्रीडा	77
	(25) जनस्वास्थ्य	78-79
	(26) जल निगम	80
	(27) सूचना	81
	(28) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान	81-82
	(29) सेवा योजन	82
	(30) हरिजन कल्याण	82-84
	(31) समाज कल्याण	84-85
	(32) सैनिक कल्याण	85
	(33) पुष्टाहार	85
	(34) विभाग वार प्रस्तावित परिव्यय का प्रतिशत	86-87
14-	(35) योजनाओं का वित्त पोषण	88
15-	जिला योजना 87-88 का संक्षिप्त विवरण	89-92
16-	जी.एन. -1 एंव रूप पत्र -1	83-95
17-	जी. एन. -2	96-164
18-	जी. एन. -3	165-202
19.	जी.एन.-2 अनुसूचित जाति	203-210
20-	जी.एन.-3 ,, ,,	211-219
21-	जी.एन.-2 अनुसूचित जनजाति	220-233
22-	जी.एन.-3 ,, ,,	234-241

III

क्र. सं.	अध्याय	पृष्ठ संख्या
23-	जी. एन. -2 राज्य सेक्टर	242-252
24-	जी. एन. -3 ,, ,,	253-256
25-	आधारभूत आंकड़े	257-302
26-	नक्शे	

--- xxx ---

अध्याय-1
भोगोलिक स्थिति

जनपद चमोली को दिनांक 24 फरवरी 1960 को तत्कालीन जनपद पौढ़ी गढ़वाल की तहसील चमोली को उच्चीकृत कर जनपद स्तर प्रदान किया गया। यह जनपद 29^{0}-55-37 से 31^{0}-27-3 उत्तरी अक्षांश तथा 78^{0}-54-3 से 80^{0}-2-23, पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। जनपद के उत्तर में हिमाच्छादित हिमालय पर्वत श्रेणीयां इसे तिब्बत से पृथक करती है। दक्षिण में जनपद अल्मोड़ा तथा पौड़ी गढ़वाल स्थित है। पूर्व में जनपद पिथौरागढ़ व अल्मोड़ा है और पश्चिम में उत्तरकाशी तथा टिहरी गढ़वाल जनपद स्थित है। इस जनपद की समुद्रतल से अधिकतम ऊचाई 7917 मीटर है जो भारत में हिमालय का सर्वोच्च शिखर नन्दादेवी है। जनपद का मुख्यत: भाग पहाड़ी है। जनपद का भोगोलिक क्षेत्रफल 9125 वर्ग कि0मी0 है। क्षेत्रफल की दृष्टि से जनपद का स्थान प्रदेश में द्वितीय है तथा पर्वतीय क्षेत्र के जनपदो में प्रथम स्थान है। जनगणना 1981 के अनुसार जनपद की जनसंख्या 364346 है0 है। जनसंख्या की दृष्टि से जनपद का स्थान प्रदेश में 56 वां है। यह जनपद सीमान्त जनपद है।

1- नदियां :-

जनपद में नदियों के उद्गम स्थान है तथा संगम है। इस जनपद में 7 नदियां सतत प्रवाहशील है। यह नदियां अलकनन्दा, धौली, विरही, नन्दाकिनी, मन्दाकिनी पिण्डर एंव रामगंगा है। इसके अतिरिक्त 12 नदियां मौसमी है। यह नदियां सरस्वती, काकड़ागाड, ब्यगाड, बालखिला, मोंग गधेरा, गरूड़ गंगा, पातालगंगा निगोलगाड, ऊरागाड, थेलसाढगाड़, सौकाड़ एंव प्रागमति है। जनपद का ढाल उत्तर एंव पूर्वोत्तर से दक्षिण की ओर है। इस जनपद में चार घाटी है वह निम्न है:-
1. अलकनन्दा घाटी 2. नन्दाकिनी घाटी 3. पिण्डर घाटी 4. मन्दाकिनी घाटी । इन घाटियों के नाम नदियों के नाम पर है। यह जनपद इन घाटियों से चार भाग में विभाजित है, इन घाटियों के दोनो ओर ऊचे ऊचे शिखर पर्वत है। अधिकांश कृषि क्षेत्र इन घाटियों में ही है। इसी कारण जनसंख्या इन घाटियों में निवास करती है, जनपद में आबाद ग्रामों की संख्या इन्ही घाटियों में है।

2. झीलें :-

जनपद में स्थित झीलों में मुख्यत: भीष्मताल देवरियाताल, वेनीताल, रूपकुण्ड, वासकी ताल, हेमकुण्ड और तपोवन है जो आकर्षक एंव रमणीय स्थान है साथ ही साथ धार्मिक तथा ऐतिहासिक महत्व भी रखते है जिनसे पर्यटक आकर्षित होते है।

3. जलवायु :-

जनपद में विभिन्न ऊचाई वाले क्षेत्र होने के फलस्वरूप जलवायु भिन्न है। 1300 मीटर ऊचाई तक उष्ण जलवायु तथा 1300 मीटर से 2000 मीटर ऊचाई तक शीतोष्ण जलवायु पाई जाती है। 2000 मीटर से 4000 मीटर की ऊचाई तक शीतल एंव बुग्याल जलवायु पाई जाती है। इस जलवायु वाले क्षेत्र घास से आच्छादित है।

4000 मीटर से 5000 मीटर तक की ऊंचाई के भूभाग में ध्रुव प्रदेशीय जलवायु है तथा इन से ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात होता है। इस भाग में 6 माह तक वर्ष में बर्फ जमी रहती है।

4. वर्षा एवं तापमान :-

सामान्य वर्षा इस जनपद में 1425-9 मि0मी0 है तथा वास्तविक वर्षा 1984 को 978 मि0मी0 है। जनपद का तापमान वर्ष 84-85 में न्यूनतम 1-9 सें0ग्रे0 तथा अधिकतम 38.5 सें0ग्रेड रहा। इस से स्पष्ट है कि तापमान में काफी असमानता है।

5. वन सम्पदा :-

जनपद में वन क्षेत्र 52935 है0 है। जनपद में इन वनों का बहुत महत्व है। यह वन जनपद के तापमान, वर्षा तथा अन्य वातावरण पर प्रभाव डालते है। यह वन इस जनपद में आर्थिक दृष्टिकोण से भी अपना विशेष महत्व रखते है। इस जनपद में चीड़, देवदार, साल, शीशम, खैर, पांगर, पापड़ी, भीमल, फर्र, खर्सर आदि प्रजाति के वृक्ष पाये जाते है। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की जड़ी बुटी भी मिलती है। इन जंगलों में शेर, बाघ, चीता, हाथी, जंगली सुअर, काकड़, हिरन एवं रीछ आदि जानवर रहते है।

6. खनिज सम्पत्ति:-

यद्यपि भारत सरकार के भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग द्वारा जनपद में सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर है तथापि अभी तक किए गये सर्वेक्षण के आधार पर यह कहा जा सकता है कि जनपद में पीपलकोटी, कर्णप्रयाग, जोशीमठ एवं चमोली तहसील के कुछ भाग में डोलामाईट, लोहा, ईस्पात, चूने का पत्थर, संगमरमर तथा मैगनेसाईट के भण्डार उपलब्ध है। खनिजों की मात्रा के संबंध में निश्चित आकड़े उपलब्ध न होने के कारण अभी तक जनपद में खनिज पदार्थ पर आधारित कोई उद्योग नही है।

7. जनपद के उप सम्भाग:-

भौगोलिक विषमताओं को दृष्टिगत करते हुये जनपद को दो उप संभागों में बाटा जा सकता है वह निम्न प्रकार है -

(क) 2000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाला क्षेत्र- इस क्षेत्र के अन्तर्गत केदारनाथ (ऊखीमठ) दशोली, घाट, जोशीमठ, थराली एवं देवाल विकास खण्ड है। यह उप-सम्भाग काफी ऊंचाई पर भी है। इस सम्भाग में बर्फ भी पड़ती है। यहां पर कृषि योग्य भूमि अपेक्षाकृत दूसरे सम्भाग से कम है।

(ख) 2000 मीटर से कम ऊंचाई वाला भाग- इस उप सम्भाग में विकास खण्ड, अगस्त्यमुनी, नागपोखरी, कर्णप्रयाग, नारायणबगड़ तथा गैरसैण है। यह उप सम्भाग अपेक्षाकृत दूसरे सम्भाग से अधिक उपजाऊ समतल एवं अधिक जनसंख्या वाला क्षेत्र है। इस क्षेत्र की जलवायु उष्ण एवं शीतोष्ण है।

8. जनसंख्या एवं व्यवसाय :-

जनपद की कुल जनसंख्या 364345 है। 1971 में यह जनगणना 292571 की थी जो 24.5 प्रतिशत बढ़ी है। विभिन्न दशकों की जनसंख्या इस जनपद

जनगणना वर्ष०	कुल	जनसंख्या ग्रामीण	नगरीय	प्रतिशत वृद्धि
1901	145670	145670	-	-
1911	162703	162703	-	11•7
1921	164584	164584	-	1•2
1931	181103	181103	-	10•0
1941	204248	204248	-	22•8
1951	216972	216972	-	6•2
1961	253137	253137	-	16•2
1971	292571	280365	12206	15•6
1981	364346	335172	29174	24•5

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि प्रत्येक दशक में जनसंख्या में वृद्धि हुई है। वर्ष 1911-1921 के दशक में जनसंख्या बहुत कम वृद्धि हुई है। 1971-81 में अधिकत्तम नगरीय जनसंख्या में वृद्धि हुई है नगरीय जनसंख्या वर्ष 1970 से पूर्व नहीं थी। इस समय जनपद में 7 नगर है तथा जनसंख्या का घनत्व प्रति वर्ग कि०मी० 40 व्यक्ति है जबकि प्रदेश में 377 व्यक्ति प्रति वर्ग कि०मी० है जनसंख्या के कम घनत्व का कारण यहाँ की विषम भौगोलिक परिस्थिति है जनपद में प्रति पुरुषों के पीछे 1041 स्त्रियाँ है। जबकि ग्रामीण क्षेत्र में लिंग अनुपात 1088 तथा नगर क्षेत्र में अनुपात 615 है।

1981 के गणना के अनुसार कर्मकरों की संख्या 163025 है जो जनसंख्या का 44•59 प्रतिशत है इसमें कृषक 80•92 प्रतिशत, खेतिहर मजदूर 0•33 प्रतिशत है तथा अन्य कार्यों के लोग व्यक्ति 14•75 प्रतिशत है कूल जनसंख्या में 136482 व्यक्ति साक्षर है ग्रामीण क्षेत्र में साक्षरता मे प्रतिशत 35•16, नगरीय क्षेत्र में 63•87 प्रतिशत एवं कुल साक्षरता का प्रतिशत 37•46है। 1981 की जनगणना के अनुसार जनपद में अनुसूचित जाति की जनसंख्या 62886 तथा अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 9164 है जो कि कुल जनसंख्या का क्रमशः 17•2 तथा 2•5 है जबकि प्रदेश में प्रतिशत 21•2 तथा 0•2 है जनपद में जोशीमठ विकास खण्ड को जनजाति बाहुल्य विकास खण्ड घोषित किया गया है।

कृषि:- इस जनपद का मुख्य जीविका उपार्जन खेती से ही होता है। इस जनपद का क्षेत्रफल बहुत अधिक है . परन्तु कृषि योग्य क्षेत्र फल बहुत कम है जिस पर यहाँ की जनता निर्भर रहती है।

भूमि उपयोगिता के आकड़े निम्न प्रकार है:-

विकास खण्डवार भूमि उपयोग के आकड़े §है0§ वर्ष 1983-84

विकास खण्ड का नाम	कुल प्रतिवेदित क्षेत्र	वन	कृषि योग्य बंजर भूमि	वर्तमान परती	अन्य परती	ऊसर कृषि अयो0 भूमि	कृषि के अतिरिक्त अन्य उप0 में भूमि
1• जोशीमठ	216553	39638	9677	95	231	141077	8016
2• कर्णप्रयाग	20565	4655	187	-	61	4627	1093
3• गैरसैण	32341	13987	2101	87	240	2625	468
4• नारायणबगड़	20350	7167	121	43	76	701	496
5• थराली	13784	6125	390	19	37	1344	176
6• देवाल	20667	11024	702	35	66	2418	316
7• दशोली	33139	16922	1565	171	161	2191	800
8• घाट	11474	5979	553	46	57	774	283
9• ना0पोखरी	28818	9541	503	67	98	2440	5167
10• ऊखीमठ	39072	22245	1880	49	99	2784	916
11• अगस्तमुनी	39353	4172	3245	12	34	16415	778
वन क्षेत्र	385480	385480	-	-	-	-	-
योग	861596	526935	20724	582	1160	177405	18509

	चरागाह	उद्यानों के अन्तर्गत क्षेत्र	शुद्ध बोया गया क्षेत्र	एक से अधिक बार बोया गया क्षेत्र	सकल बोया गया क्षेत्र	शुद्ध सिंचित क्षेत्र
1• जोशीमठ	7322	7344	3113	339	3462	93
2• कर्णप्रयाग	1088	2817	6037	3732	9769	730
3• गैरसैण	2940	4916	4977	4276	9253	291
4• नारायणबगड	3532	2916	5298	2262	7560	353
5• थराली	463	1844	3386	1109	4495	249
6• देवाल	832	3320	1956	1030	2986	23
7• दशोली	3800	2726	4843	2156	6999	294
8• घाट	1342	557	1883	1882	3765	71
9• ना0पोखरी	1338	427	5580	4855	10435	349
10• ऊखीमठ	728	6337	3634	1756	5390	35
11• अगस्तमुनी	3195	8262	7518	3049	10567	554
वन क्षेत्र	-	-	-	-	-	-
योग	26580	41466	43235	26446	74681	3042

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि कु क्षेत्रफलके विपरीत शुद्ध बोया गया क्षेत्रफल कम है। इसके मुख्य फसलों का विवरण विकास खण्डवार निम्न प्रकार है:-

फसलवार आकड़े § हैक्टर § वर्ष 1983-84

विकास खण्ड का नाम	धान	गेहूँ	जौ	मक्का	दालें	तिलहन	आलू	तम्बाकू
1• जोशीमठ	889	1116	90	27	16	10	132	-
2• कर्णप्रयाग	2508	3149	254	49	13	7	55	2
3• गैरसैण	2376	2982	242	46	18	10	31	1
4• नारायणबगड़	1941	2437	196	38	25	14	18	1
5• थराली	1154	1449	117	22	2[illegible]	13	27	-
6• देवाल	767	963	77	15	7	5	65	-
7• दशोली	1797	2256	182	35	6	12	60	12
8• घाट	967	1214	98	19	4	16	53	4
9• ना०पोखरी	2679	3364	271	52	2[illegible]	30	184	3
10• ऊखीमठ	1384	1737	140	27	1[illegible]	8	58	5
11• अगस्तमुनी	2711	3405	277	54	2[illegible]	16	12	3
योग	19173	24072	1944	374	22[illegible]	141	645	31

भौगोलिक स्थिति के कारण जनपद के विकास में कठिनाई है। अधिकतम पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यातायात के साधन कम है फिर भी शासन द्वारा मार्गों का निर्माण कराया गया है। जनपद सीमान्त होने के फलस्वरूप यातायात के साधन एवं विकास की तीव्रगति से होना चाहिये। जनपद की मुख्य समस्यायें निम्न प्रकार है :-

1• क्षेत्रफल की दृष्टि से यह जनपद बहुत बड़ा है परन्तु जनसंख्या की दृष्टि से छोटा है और प्रदेश में इस का स्थान 56वां है।

2• जनपद का सभी भाग पहाड़ी है तथा वन के अन्तर्गत क्षेत्र 60•71 प्रतिशत है।

3• कर्मकरों की दृष्टि से जनपद की अर्थ व्यवस्था कृषि प्रधान प्रतीत होती है परन्तु शुद्ध बोया गया क्षेत्र प्रतिवेदित क्षेत्र का केवल 5•5 प्रतिशत है। इसी कारण गरीबी एवं बेरोजगारी की समस्या है।

4• जनपद चमोली आर्थिक दृष्टि से पिछड़े जनपदों की श्रेणी में आता है।

5• जनपद में अवस्थापना संबंधी कमी है। यातायात, संचार, विद्युतीकरण, सिंचाई विपणन आदि की कमी है।

6• खनिजों का समुचित उपयोग नहीं हो रहा है।

7• जनपद में पंजीकृत उद्योग नहीं है जिससे जनपद उद्योग की दृष्टि से बहुत पिछड़ा हुआ है।

8• यहां पर वित्तीय संस्थाओं की कमी है।

अध्याय - 2

अवस्थापना

किसो भो क्षेत्र के विकास में अवस्थापनाओं का स्थान बहुत महत्वपूर्णहोता है। जिस क्षेत्र में अधिक अवस्थापना होगो उतना हो उस क्षेत्र का विकास अधिक तोव्रता से होगा । जनपद में अवस्थापनाओं को कमो है, क्योंकि यहाँ को भौगोलिक परिस्थिति ऐसो है जनपद की अवस्थापना का विवरण निम्न प्रकार है:-

1- संचार प्रणालो :- इस जनपद में पक्को सड़कों को लम्बाई 1124•5 कि0मो0 है। इनमें 893•5 कि0मो0 सार्वजनिक निमार्ण विभाग को सड़के है। प्रति हजार कि0मो0 पर सड़कों को लम्बाई 123 कि0मो0 है। 256 ग्राम में पक्को सड़के है। पक्को सड़क से एक कि0मो0 से कम दूरो पर ग्राम 101, 1-3कि0मो0 दूरो पर 256 ग्राम 3-5 कि0म0ो दूरो पर 265 ग्राम तथा 5 कि0मो0 एवं अधिक दूरो पर 626 ग्राम है। अभो जनपद में पक्को सड़को को कमो है जनपद में 109 बस स्टाप है। दूरस्थ क्षेत्र में घोड़े खच्चर बकिरियाँ आदि से समान का दुलान कार्य किया जाता है।

जनपद में 304 डाकघर, 57 तारघर, 372 टेलोफोन, एवं 57 पब्लिक काल आँफिस हैं।

शिक्षा:- इस जनपद में वर्ष 1985-86 तक जुनियर बेसिक स्कूल 782, सोनियर बेसिक स्कूल 149, उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय 88, एवं महाविद्यालय 3 हैं। बो0 टो0सो0 प्रशिक्षण केन्द्र दो एवं बो0एड0 प्रशिक्षण केन्द्र -1 है। कक्षा 1-5 तक के छात्रों को संख्या 32138 तथा छात्राओं को संख्या 23186 है। 6-8 कक्षा के छात्रों को संख्या 14003 तथा छात्राओं को संख्या 1657 है। डिग्रो कालेज में छात्र संख्या 1219 तथा छात्रायें 82 है। बो0टो0सो0एवं बो0एड0 को छात्र संख्या 145 है। अनुसूचित जाति/ जनजाति के भर्ती कक्षा 1-5 में 13522, कक्षा 6-8 में 3616 कक्षा 9-12 में 1717, तथा डिग्री कालेज में 119 है। उपरोक्त के अतिरिक्त कर्णप्रयाग में एक आई0टो0आई तथा गौचर में एक राजकोय पॉलो टैक्निक भो है। इन संस्थाओं द्वारा तकनोको प्रशिक्षण दिया जाता है। आइ0टो0 में वर्ष 1985-85 में छात्र संख्या 89 तथा राजकोय पॉलोटैक्निक में 93 है।

2- क्रय विक्रय सुविधा :- जनपद में 53 ग्राम ऐसे हैंजाहँ बाजार लगते हैं नियमित बाजार गोपेश्वर, चमोलो, नन्दप्रयाग, कर्णप्रयाग गौचर, रूद्रप्रयाग, घाट, थरालो, ग्वालदम, जोशोमठ, नारायण बगड़ बद्रोनाथ, अगस्तमुनि, और ऊखोमठ आदि स्थान पर लगते हैं। जनपद में कोई भो थोक मण्डो नहों हैएक क्रय विक्रय समिति विकास खण्ड थरालो में है। शासन द्वारा विपणन को और कोई सुविधा उपलब्ध नहों है। जनपद में पशु बाजार कहीं भी नहीं लगता है।

3- भण्डार एवं विधायन:- बोज गोदाम 11, एवं कोटनाशक डिपों 12 है तथा शोतभण्डार कोई नहों है ग्रामोण गोदाम 49 है इसके अतिरिक्त जनपद में कोई कृषि सेवा केन्द्र नहो है। जनपद में कोई विधायन समिति नहो है। यहाँ पर ऊन विधायन के द्रोत्रों को कमो है।

4- सिचाई सुविधा:- जनपद में सिचाई के मुख्य स्त्रोत नहरे हैं । जनपद में नहरों को लम्बाई 201 कि0मी0 है इसके अतिरिक्त 7 पम्पिग सेट, 1829 हौज, हाईड्राम 66 एवं 559 कि0मी0 गूल है। इन स्त्रोतो के माध्यम से सिचाई को जाती है। शुद्ध सिचित क्षेत्र 3042 हैक्टयर है। जो शुद्ध बोये गये क्षेत्र फल का 6 प्रतिशत है एक बार से अधिक बोये गये क्षेत्रफल का 54·82प्रतिशत सकल सिचित क्षेत्र का सकल बोये गये क्षेत्र का 7·2 प्रतिशत है स्त्रोत वार सिचित क्षेत्र नहरों द्वारा 1290 हैक्टेअर तथा अन्य साधनोंसे 1752 हैक्टेअर है सकल सिंचित क्षेत्र 5376 है0 है। सिचाई सुविधा को इस जनपद में कमी है।

5- विधुत सुविधा:- जनपद में 1504 ग्राम आवाद ग्राम है। इनमें से विद्युत को सुविधा 636 ग्रामों को दी जा चुको है। जनपद में 7 नगर है। जो सभी विद्युतीकृत हैं। 374 हरिजन वस्तियों में बिजली को सुविधा प्रदान को जा चुको है।जनपद में मार्च 86 त हाईटेन्सन लाईन 11 कि0 613·48कि0मी0 है तथा 33 कि0वा0 कोई लाइन नहीं है। लोटेन्सन लाइन 872·65 कि0मी0 । विद्युत उपयोग के आकड़े वर्ष 1984-85 में निम्न प्रकार है:-

क्र0 सं0	मद	हजार किलोवाट घण्टे 1982-83	1983-84	1984-85
1·	घरेलु प्रकाश एवं लघु विद्युत शक्ति	2341	235	2914
2·	वाणिज्य प्रकाश एवं लघु विद्युत शक्ति	32	53	59
3·	औद्योगिक शक्ति	664	49	614
4·	सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था	14	18	15
5·	रेल -ट्राम्वे	-	-	-
6·	कृषि विद्युत शक्ति	-	98	545
7·	सार्वजनिक जलकल एवं	-	-	-
	योग	305[illegible]	373	4144
	प्रति व्यक्ति विद्युत उपभोग कि0वा0घण्टे	8·[illegible]	1033	12·37

6-बैंक:- आर्थिक स्थिति सुदृढ बनाने में बैंक व्यवस्था का बहुत योगदान होता है। जनपद में बैंक व्यवस्था है। जनपद में 26 राष्ट्रीयकृत बैंक, 17 सहकारी बैंक, एक भूमि विकास बैंक, 2 ग्रामीण बैंक स्थित है। बैंक का विकास खण्ड वार व्यौरा निम्न प्रकार है:-

विकास खण्ड का नाम	स्टेट बैंक	पंजाब नेशनल बैंक	पंजाब [ज0 बैंक	भूमि विकास बैंक	सहकारी बैंक	ग्रा
1• जोशीमठ	1	1	1		1	1
2• कर्णप्रयाग	4	–	–	–	1	
3• गैरसैण	3	–	–	–	2	–
4• नारायण बगड़	1	–	–	–	1	–
5• थराली	2	–	–	–	1	–
6• देवाल	1	–	–	–	1	–
7• दशौली	3	–	–	1	1	–
8• घाट	1	–	–	–	3	–
9• ना0पोखरी	1	–	–	–	1	–
10• ऊखीमठ	4	–	–	–	3	–
11• अगस्तमुनि	3	–	–	–	2	1
योग	24	1	1	1	17	2

जनसंख्या की दृष्टि से बैंक शाखायें उचित है परन्तु भौगोलिक परिस्थिति को दृष्टि में रखते हुये यह शाखायें बहुत ही कम है। बैंकों द्वारा जनपद में आर्थिक स्थिति में सुधार आया है मार्च 1986 में बैंको में 215975 हजार रूपयें जमा धनराशि तथा 84723 हजार रुपयें अग्रिम था। प्राथमिकता के क्षेत्र में 75731 हजार रूपयें वितरित किये गये जो कुल अग्रिम का [illegible] प्रतिशत है।

सेवायोजन:- जनपद मुख्यालय पर सेवायोजन कार्यालय बेरोजगारों के पंजीकरण एवं उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने हेतु कार्यरत है।

पेयजल व्यवस्था :- जनपद में मार्च 86 तक जल निगम द्वारा 1226 ग्रामों में पाइप द्वारा पेयजल उपलब्ध कराया जा चुका है। ग्राम विकास विभाग द्वारा 96 हरिजन बस्तियों में पेयजल उपलब्ध कराया गया।

चिकित्सा :- जनपद में मार्च 86 तक 15 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 94 एलोपैथिक अस्पताल, 5 होम्योपैथिक अस्पताल, 55 आयुर्वेदिक चिकित्सालय, 1 टी.बी. अस्पताल 1 संक्रामक चिकित्सालय, 1 नेत्र चिकित्सालय 5 महिला चिकित्सालय तथा एक पुलिस अस्पताल कार्यरत है। इसके अलावा एक पोस्ट मार्टम सेन्टर तथा 9 परिवार कल्याण मुख्य केन्द्र तथा 124 परिवार कल्याण मातृ शिशु कल्याण उप केन्द्र कार्यरत है।

अध्याय - 3

प्रशासनिक तथा संस्थागत ढाँचा

यह सीमान्त जनपद है तथा यह पर्वतीय क्षेत्र है जनपद चमोली का मुख्यालय गोपेश्वर है । जनपद में चार तहसील चमोली, कर्णप्रयाग, जोशीमठ, एवं उखीमठ है। इस जनपद में ग्यारह विकास खण्ड जोशीमठ, कर्णप्रयाग, गैरसैण, देवाल, घाट, दशौली, थराली, अगस्तमुनि, नागनाथपोखरी, नारायणबगड़ एवं उखीमठ है जनपद में थाने चमोली, गोपेश्वर, कर्णप्रयाग, उखीमठ, जोशीमठ एवं बद्रीनाथ है इसके अतिरिक्त पुलिस चौकी थराली एवं महलचौरी में है और एक सीजनल चौकी मलारी भी है। जनपद में नगर पालिका जोशीमठ वगोपेश्वर,- चमोली टाउन एरिया गौचर तथा नोटिफाइड एरिया बद्रीनाथ, कर्णप्रयाग, नन्दप्रयाग, एवं केदारनाथ है जनपद में कुल ग्रामों की संख्या 1633 है जिसमें से आबाद ग्राम 1504 है तथा 13 वन ग्राम है इस जनपद में 54 न्याय पंचायत एवं 632 ग्राम सभाओं में विभक्त किया गया है। एक जिला परिषद भी है।

स्थानीय निकाय :- स्थानीय निकाय के अन्तर्गत जनपद में जिला परिषद है। जिला परिषद का मुख्य कार्य ग्रामीण अंचलों में विकास कार्यों गति प्रदान करना है इस के द्वारा ग्रामों में सड़के पेयजल आदि का प्रबन्ध होता है । वर्ष 1984-85 की आय व्यय विवरण जिला परिषद का निम्नानुसार है:-

वर्ष 1984-85 के आय व्यय के विवरण के जनपद जिला परिषद की कुल आय 7771749 रूपये है यह आय सम्पत्ति कर से 5588 सेवा कर से 125229 रूपया व्यापार व कृतिकर से 44705 तथा विविध कर से 347223 रूपये हुई। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा 7424526 अनुदान दिया गया । वर्ष 1984-85 में जिला परिषद द्वारा भवन नव निर्माण पर 16752 रूपये, पुलिया निमार्ण पर 52934रू0 तथा पुलिया मरम्मत पर 10583 रूपये व्यय किये गये अन्य निमार्ण पर 29126 रूपये व्यय किये गये । इधारण शासन तथा एकत्रीकरण पर व्यय 535972 रूपयें, [illegible] र 7855 रू0, सार्वजनिक निमार्ण पर 5349137 रूपयें व्यय हुआ । अन्य व्यय 29126 रूपयें हुआ। कुल व्यय 5992810 रूपया हुआ।

नगरपालिकाओं की वर्ष 1984-85 में आय जनपद में 241029 रूपयें हुई आय का मुख्य स्त्रोत करेत्तर राजस्व से 45583रूपये तथा साधारण अनुदान से 430501 रूपयें हुई। सम्पत्ति करसे 66182 रू0 टोलकर से 240000 रूपये एवं अन्य करों से 48509 रूपये हुई । नगर पालिकाओं की व्यय प्रशासन पर 203838 रू0 [illegible] पर 136238 रूपयें सुरक्षा सुविधा पर 85432 रूपयें शिक्षा पर 205 रूपये सार्वजनिक निमार्ण पर 512549 रूपये अन्य व्यय 187166 रूपया हुआ तथा ऋणों की अदायगी 1030 रूपयें की गई। इस प्रकार कुल व्यय 1166458 रूपया हुआ । निमार्ण कार्यो पर सड़क निमार्ण पर 481417 रूपये तथा सड़क मरम्मत पर 31132 रूपया किया गया । जनपद में एक टाउन एरिया है इस की कुल आय 83429 रूपये वर्ष 1984-85 में हुई । यह आय व्यापार वृत्ति कर से 6464 रूपये, टोलकर से 11000रूपये करेत्तर [illegible] से 15965 रूपये साधारण अनुदान से 50000 रूपये हुई ।

इस टाउन एरिया का व्यय प्रशासन पर 15458 रू0 सार्वजनिक निर्माण कार्य पर 56899 रूपये तथा अन्य व्यय 2991 रूपये हुआ । कुल व्यय इस प्रकार वर्ष 1984-85 में 75348 रूपया हुआ । सड़क निर्माण पर इस टाउन एरिया द्वारा 56899 रूपया खर्च किया गया ।

जनपद में चार नोटिफाइड एरिया है। इन की कुल आय वर्ष 1984-85 में 595498 रू0 है। व्यापार/कर से आय 7295 रू0, पशुओं एवं सवारियों पर कर से 6075 रू0, टोलकर से 97160 रू0, और विविध कर से 37008 रू0 करेत्तर राजस्व से 50747 रू0, तथा साधारण अनुदान से 300000 रू0 से हुई। कुल राजस्व व्यय इन नोटिफाइड एरिया पर 532774 रू0 हुआ. साधारण प्रशासन पर 50997 रू0, जनस्वास्थ्य पर 76038 रू0 तथा सुरक्षा पर 3045 रू0, सार्वजनिक निर्माण पर 361849 रू0 एंव विविध व्यय 40845 रू0 हुआ सड़क निर्माण पर 178191 रू0 तथा सड़क मरम्मत पर 337 रू0 व्यय हुये ।

विकास खण्ड स्तर पर एक क्षेत्र समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति का अध्यक्ष प्रमुख तथा सचिव क्षेत्र विकास अधिकारी, एंव सदस्य सम्बन्धित विकास खण्डों ,ग्राम पंचायतों के प्रधान एंव अन्य चुने सदस्य होते है। इस समिति का मुख्य उद्देश्य विकास की गति में तेजी लाना ।।

सहकारी समितियां :-

जनपद में वर्ष 85-86 के अन्त तक 75कृषि सहकारी समितियां थी। इन समितियों में सदस्य संख्या 63372, हिस्सा पूंजी 6806 हजार रू0 , जमाधन 711 हजार रू0 है। एक क्रय विक्रय समिति, 8 श्रमिक सहकारी समितियां, 68 सहकारी खाद बिक्री केन्द्र, 74 सस्ते गल्ले की दुकाने एं 17 सहकारी बैंक है। एक पी0सी0 एफ0 गोदाम है। वर्ष 85-86 में अल्पकालीन ऋण 76 लाख रू0, मध्यकालीन ऋण 65 लाख रूपये तथा दीर्घकालीन ऋण ? लाखरूपये वितरण किये गये। यह समितियां जनपद की अर्थ व्यवस्था में सहयोग प्रदान कर रही है।

विभिन्न विभागीय अनुभागों के बीच पारस्परिक सम्बन्ध :- प्रशासन ढांचे में जनपद स्तर पर जिलाधिकारी विभागीय अनुभागों के बीच पारस्परिक सम्बन्ध स्थापित करने हेतु नियुक्त है। जिलाधिकारी के सहयोग हेतु अपर जिलाधिकारी §वि0§ मुख्य विकास अधिकारी / जिला विकास अधिकारी नियुक्त है। इसके पश्चात विकास की गति तीव्र करने हेतु जिला स्तरीय अधिकारी नियुक्त किये गये है। विकेन्द्रित नियोजन प्रणाली एक जिला समन्वय एंव कार्यान्वयन समिति गठित की गई है जो योजना कार्य को सफलीभूत बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान करती है। इस समिति का गठन निम्न प्रकार किया गया है :-

1• अध्यक्ष - जिलाधिकारी ।
2• सचिव - अपर जिलाधिकारी §वि0§
3• सह सचिव - अर्थ अधिकारी
4• समस्त विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी सदस्य है।

जनपद स्तर पर मुख्यत: निम्न अधिकारी है जो जनपद के विकास में पूर्ण सहयोग प्रदान करते है ।

1• परियोजना निदेशक ।
2• जिला कृषि अधिकारी ।
3• अपर मुख्य अधिकारी जिला परिषद ।
4• कृषि रक्षा अधिकारी ।
5• जिला पशुधन अधिकारी ।
6• जिला पंचायतराज अधिकारी ।
7• भूमि संरक्षण अधिकारी ।
8• सहायक निबन्धक सहकारी समितिया ।
9• सहायक अभियन्ता §लघु सिंचाई §
10• जिला युवा कल्याण अधिकारी एंव प्रादेशिक विकास दल ।
11• जिला क्रीडा अधिकारी ।
12• जिला सूचना अधिकारी ।
13• जिला हरिजन एंव समाज कल्याण अधिकारी ।
14• जिला सेवायोजन अधिकारी ।
15• अपर जिला विकास अधिकारी §ह0क0§
16• बनाधिकारी ।
17• सहायक निदेशक § मत्स्य §
18• सामान्य प्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र ।
19• मुख्य चिकित्साधिकारी ।
20• जिला विद्यालय निरीक्षक
21• जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ।
22• अधिशासी अभियन्ता §विद्युत §
23• अधिशासी अभियन्ता §राजकीय सिंचाई§
24• अधिशासी अभियन्ता §जल निगम§
25• बाल विकास परियोजना अधिकारी बाला आहार योजना।

उपरोक्त को योजनाओ के चलाने का दायत्व है। इन योजनाओ का करने हेतु शासन द्वारा अर्थ एंव संख्या प्रभाग का जिला स्तर पर संख्याधिकारी कार्यालय गया है। संख्याधिकारी अर्थ अधिकारी एंव सहायक अर्थ एंव संख्याधिकारी द्वारा स्थलीय सत्यापन से किया जाता है।

अध्याय - 4

आर्थिक कार्य कलाप

आर्थिक कार्य कलाप किसी क्षेत्र देश या राज्य के विकसित तथा समृद्धिशाली होने के [ ]तक होते हैं । प्रत्येक देश में आर्थिक कलाप, भौगोलि राजनैतिक तथा सामाजिक परिस्थितियों के अनुसार होते हैं । इस जनपद की भौगोलिक स्थिति बहुत ही विचित्र है, क्यों कि मुख्यत: क्षेत्र पर्वतीय तथा नदि का जाल सा है बिछा है । जो जनपद के आर्थिक कार्य कलापों को प्रभावित क है ।

जनपद का क्षेत्रफल 9125 वर्ग कि०मी०है परंतु 1981 की जनगणना अनुसार जनसंख्या 364346 है तथा घनत्व 40 व्यक्ति प्रति वर्ग कि०मी० है । में कर्मकरों की संख्या 163025 है । यह जनसंख्या का 44-6 प्रतिशत है ।

यहाँ के लोगों का मुख्य उद्देश्य खेती है§ कृषि तथा संवर्गीय का में 81•25 प्रतिशत कर्मकर कार्यरत हैं § परन्तु खेतों का आकार बहुत छोटा तथा कुल क्षेत्र के अनुपात में शुद्ध बोया गया क्षेत्रफल कम है । इस कारण खा उत्पादन में जनपद आत्मनिर्भर नहीं है । खाद्यान्न अन्य जनपदों से आता है । शासन द्वारा कृषि उद्यम को विकसित करने हेतु कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं । कार्यक्रम के अन्तर्गत अच्छे किस्म के बीजों का वितरण रसायनिक उर्वरक वितरण शाक सब्जी उत्पादन कार्यक्रम के अन्तर्गत सब्जी बीज वितरण, आलू के अच्छे कि के बीज वितरण एवं पौध सुरक्षा कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं । इसके अतिरिक्त भूमि संरक्षण कार्य तथा सिंचाई के साधनों को विकसित किया जा रहा है । सिंचाई साधनों के विकास के संबंध में उल्लेखनीय है कि जनपद में नदियों का जाल बिछा होने के बावजूद इन नदियों से सिंचाई करने में कठिनाई होती है, क्यों कि जनपद में अधिकांश खेती नदी की सतह से काफी ऊपर है । नदी का पानी ऊपर स्थित खेतों तक पहुँचाने हेतु लघु सिंचाई के अन्तर्गत पम्पिंग योजनायें तथा हाईड्रम योजनायें चलाई जा रही हैं । किन्तु पम्पिंग योजनाओं के लिए बिजली की पूर्ति अक्सर नहीं हो पाती अत: हाईड्रम योजनाओं को ही औ प्रभावशाली बनाने का प्रयत्न किया जाना चाहिए । वर्तमान में जनपद में 66 हाईड्रम कार्यरत हैं ।

पशुपालन:- जनपद में भेड़, सुअर, भारवाहक पशु, दुधारू पशु तथा कुक्कट व्यापारिक तथा निजी प्रयोग हेतु पाले जाते हैं, जनपद में भेड़, सुअर आदि पशुओं का मांस भी बिकता है । जिले के गरीब परिवारों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाने के लक्ष्य से आई•आर•डी• कार्यक्रम के अन्तर्गत उक्त सभी पशुओं के क्रय हेतु अनुदान सहित ऋण दिया जाता है ।

दुधारू पशुओं के लिए "स्टाल फीडिंग" की कोई व्यवस्था नहीं है और अधिकांश पशु जंगलों में चरने पर ही मुख्य रूप से आधारित हैं । इन पशुओं में से अधिकांश स्थानीय पशु होने से उन्नत नस्ल के नहीं हैं ।इसी कारण दुग्ध उत्पादन की मात्रा प्रति दुधारू पशु बहुत कम है ।

जनपद में मत्स्य पालन तथा मत्स्य आखेट को बढावा देने हेतु तलवाड़ी में एक मत्स्य बीज फार्म की स्थापना की गयी है । इस फार्म द्वारा वर्ष 1985-86 में कुल 4700 अंगुलिकाओं का उत्पादन, वितरण तथा संचय किया गया ।मत्स्यपालन हेतु क्षेत्र तलवाड़ी विकास खण्ड थराली में एक सरकारी फार्म है ।

औद्योगिक विकास:- औद्योगिक विकास की दृष्टि से जनपद पिछड़े जनपद की श्रेणी में आता है । जनपद में उद्योग पारिवारिक उद्योग के रूप में हैं, 1981 की जनगणना के अनुसार पारिवारिक उद्योग में 3409 व्यक्ति लगे हैं । जनपद में अगस्तमुनी में एक तारपिनटाइन एवं रोजिन फैक्ट्री तथा कर्णप्रयाग में यू0पी0एग्रो इकाई कार्यरत है । उद्योग विभाग द्वारा भीमतल्ला में ऊनी तथा लकड़ी का कार्य किया जा रहा है । भारत सरकार के सहयोग से चमोली में एक बुनकर केन्द्र खोला गया है, उद्योग में पिछड़ेपन का मुख्य कारण अच्छे कच्चे माल की कमी अवस्थापना की सुविधाओं की न्यूनता है । विपणन पर्याप्त सुविधा का अभाव तथा उद्योगी व्यक्तियों का अभाव है । औद्योगिक गति में तीव्रता लाने के उद्देश्य से उद्योग विभाग द्वारा उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम के अतिरिक्त कालीन बुनाई पागड़ी काष्टकला तथा रिंगाल का प्रशिक्षण दिया जाता है । वर्ष 1984-85 के अन्त में 1008 लघु उद्योग इकाइयाँ कार्यरत थी इनमें 2875 व्यक्ति लगे हुए थे ।

उपरोक्त परिस्थितियों के कारण जनपद में प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष बेरोजगारी है । बेरोजगारी को कम करने के उद्देश्य तथा गरीबी की रेखा से ऊपर उठाने के लिए एकीकृत ग्राम्य विकास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना तथा आर0एल0इ0जी0पी0योजना चलाई जा रही है । इन योजनाओं के अतिरिक्त शिक्षित बेरोजगारयोजना भी चलाई जा रही है । इन

योजनाओं के अन्तर्गत बैंको द्वारा ऋण प्रदत्त किया गया है । अनुसूचित जाति परिवारों को लाभान्वित करने हेतु विशेष समन्वित योजना चलाई जा रही साथ ही साथ लघु सीमान्त कृषक योजना भी कार्यान्वयन की गयी है ।अनु जाति/ जनजाति के उत्थान केलिए जिला हरिजन एवं समाज कल्याण अधिका के माध्यम से योजनाओं को कार्यान्वित किया जा रहा है ।

क्रय विक्रय:- जनपद में कोई थोक मण्डी नहीं है । यहाँ पर 7 नियमित ब हैं तथा ग्राम में 53 बाजार लगते हैं । इन्हीं के माध्यम से यहाँ के लोग अपनी उपभोग की वस्तुओं का क्रय विक्रय करते हैं । एक क्रय विक्रय समिति भी है ज विकास खण्ड अगस्त्यमुनी के अन्तर्गत आती है ।

ऋण :- ऋण वितरण का कार्य सहकारी समितियों तथा बैंको द्वारा किया है । जनपद में राष्ट्रीयकृत बैंक 26 ग्रामीण बैंक 2,जिला सहकारी बैंक 17 तथ भूमि विकास बैंक है । इसके अतिरिक्त 75 सहकारी समितियाँ हैं जो विकास ख से संबंधित ऋण उपलब्ध कराती है ।

भण्डारण:- भण्डारण हेतु 49 ग्रामीण गोदाम 11 कृषि गोदाम तथा पी०सी०एफ० का गोदाम उपलब्ध है ।

विधायन:- यहाँ पर कोई विधायन सुविधा उपलब्ध नहीं है ।

यातायात:- जनपद में दुर्गम स्थानों में माल पहुँचाने का कार्य पशुओं द्वारा जाता है,यात्रा के मौसम में स्थानीय लोग अपने घोड़े,खच्चरों से दुर्गम स्थानों यात्रियों को लाने ले जाने का कार्य करते हैं ।

पर्यटन :- जनपद में कई दर्शनीय ,धार्मिक तथा तीर्थ स्थल भी हैं,जिस बहुत पर्यटक बाहर से आते हैं । जनपद की अर्थ व्यवस्था में पर्यटन को बढावा दे की आवश्यकता है,इन पर्यटकों के आने से यहाँ पर रह रही जनता को मौसमीत पर कार्य भी मिल जाता है ।

अध्याय-5

।। सेवायोजन सम्बन्धी समस्यायें ।।

जनपद चमोली के लोगों का मुख्य उद्देश्य खेती है । खेती का आकार छोटा व सीढी दार खेत होने के कारण उत्पादन क्षमता कम है इसके अतिरिक्त शुद्ध बोया गया क्षेत्रफल प्रतिवेदित क्षेत्रफल से कम है । एवं औद्योगिक विकास नगण्य रूप है । यहाँ पर जो उद्योग हैं वह मुख्यत: पारिवारिक उद्योग ही हैं । जिसके कारण जनपद में बेरोजगारी काफी है, जनशक्ति का पूर्ण उपयोग इस जनपद में नहीं हो पा रहा है । शहरों में बेरोजगारों की संख्या अधिक है क्यों कि जो शिक्षित बेरोजगार व्यक्ति हैं वे यह नहीं चाहते कि वह ग्रामीण अंचल में कार्य करें । अपितु उनका मुख्य उद्देश्य राजकीय सेवा करना होता है । अत: शहरों में बेरोजगारी ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक है ।

भूमिहीन श्रमिकों, शिल्पकार तथा शिक्षित नवजवानों को रोजगार प्राप्त करने हेतु जनपद में पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं हैं, यहाँ पर राजकीय कार्यालय ही उपलब्ध हैं जिन में ये लोग सेवा कार्य में लग पाते हैं । यहाँ पर ऐसी कोई अन्य सुविधा उपलब्ध नहीं है जिससे इनको जीविका कमाने के साधन उपलब्ध हो सकें ।

जनपद में एकजिलासेवायोजन कार्यालय स्थापित किया गया है जो बेरोजगार व्यक्तियों के नाम अंकित करता है तथा समय-समय पर सृजित होने वाले पदों हेतु उपयुक्त नव युवकों को रोजगार प्रदत्त कराता है । जिला सेवायोजन कार्यालय चमोली के 3 वर्ष के आंकड़े निम्न प्रकार हैं

क्र0सं0	मद	वर्ष		
		83-84	84-85	85-86
1	2	3	4	5
1-	जीवित पंजिका पर उपलब्ध अभ्यर्थी	6775	6847	9619
2-	वर्ष में पंजीकृत अभ्यर्थी	4064	3123	3381
3-	अधिसूचित रिक्तियों की संख्या	374	300	421
4-	नौकरी पर लगे अभ्यर्थियों की संख्या	310	271	355

इसके अतिरिक्त शासन द्वारा बेरोजगारी दूर करने हेतु एकीकृत ग्राम्य विकास योजना, विशेष समन्वित योजना, ट्राइसेम योजना, तथा अन्य योजनायें चलाई जा रही है, जिससे जनपद में उपलब्ध जनशक्ति का पूर्ण उपयोग हो सके। उपरोक्त योजनाओं के अन्तर्गत बैंकों द्वारा मुख्य/लघु उद्योग व्यापार, उद्योग पशुपालन कृषि विकास तथा अन्य योजनाओं को ऋण दिया जाता है ताकि उक्त जनशक्ति अपनी आजीविका कमा सके। इसके साथ इन योजनाओं के अन्तर्गत विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण देने की व्यवस्था है। शासन द्वारा बेरोजगारी दूर करने हेतु समुचित प्रयास किये जा रहे हैं।

अध्याय-6

पिछड़े समुदाय की समस्या:-

जनपद चमोली की वर्ष 1981 की जनगणनानुसार कुल जनसंख्या 364346 थी, जिसमें कुल अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों की संख्या क्रमश: 62686 तथा 9164 थी, जिनकी कुल जनसंख्या में प्रतिशत क्रमश: 17-3 तथा 2-5 है जब कि प्रदेश स्तर में इसका प्रतिशत क्रमश: 21-16 और 8-21 है। इन जातियों के आर्थिक शैक्षिक तथा स्वास्थ्य आवास एवं अन्य उत्थान हेतु जिला ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा एकीकृत ग्राम्य विकास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम, ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम, द्वारा लाभान्वित किया गया तथा आगामी वर्षों में भी इस प्रकार के विकास की योजना है। इसी प्रकार पर्वतीय क्षेत्रीय विकास योजना, अन्त्योदय, विशेष समन्वित योजना, हरिजन एवं समाज कल्याण, हरिजन पेयजल योजना, निर्बल वर्ग आवास हरिजन बस्तियों का विद्युतीकरण, जल निगम द्वारा हरिजन बस्तियों में जल सम्पूर्ति आदि कार्यक्रमों से इन समुदाय के लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।

वर्ष 1985-86 तथा 86-87 की जिला योजना में अधिकांश विभागों द्वारा जिले में चलाई जा रही योजनाओं में से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों के लाभार्थ वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्यों को मात्राकृत किया गया है, जिसका विवरण जी0एन0-2, जी0एन0-3 प्रारूपों में दिया गया है।

शासन का स्पष्ट मत है कि प्रत्येक विभाग अनुसूचित जातियों हेतु 21 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजातियों हेतु 2 प्रतिशत धनराशि एवं भौतिक लक्ष्यों का मात्राकरण करें। इसी को दृष्टिगत रखते हुए यह प्रयास किया गया है कि वर्ष 1987-88 में भी इन निर्देशों का भरपूर पालन जिला योजना में हो जाय।

अध्याय-7

जिला योजनाओं का समालोचनात्मक मूल्यांकन

24 फरवरी, 1960 को जनपद चमोली के सृजन के साथ सुरक्षा की दृष्टि से सीमान्त क्षेत्र घोषित किया गया तथा यहाँ पर विकास कार्यक्रम द्रुत गति से चलाये जा रहे हैं । उत्तर प्रदेश शासन ने जनपद स्तर पर उपलब्ध होने वाली लगभग सभी सेवाओं का प्रसार यहाँ पर किया गया है । साथ ही साथ इसके पिछड़ेपन को देखते हुए विभिन्न कार्यक्रमों में अतिरिक्त बजट का प्राविधान भी कराया गया । विकास कार्यक्रमों का लाभ जनपद के निवासियों को मिला किन्तु गत 23 वर्षों में विभिन्न योजनावधि में जिस अनुपात से धनराशि व्यय की गयी उस अनुपात में यहाँ पर आर्थिक विकास नहीं हो सका । इसका मुख्य कारण क्षेत्र की कठिन भौगोलिक स्थिति का होना है । साथ ही योजनाओं का स्थानीय आवश्यकताओं के सर्वथा अनुकूल न होना भी है । समीक्षात्मक विवरण निम्न प्रकार है ।

1- कृषि एवं औद्यानिकी:- जनपद में कृषि योग्य क्षेत्रफल नदियों की घाटियों में ही है । शेष भागों में उपजाऊ क्षेत्र नहीं है । फलत: कृषि कार्यक्रम यहाँ पर विस्तृत रूप से सफल नहीं हो सका । फिर भी कृषि कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं । वर्ष 1981-82 में नत्रजन खाद 79 मी0टन, फास्फेटिक 60 मी0टन तथा पोटासिक 18 मी0टन वितरित किया गया, जब कि वर्ष 1983-84 में 161 मी0टन फास्फेटिक 116 मी0टन एवं तथा पोटासिक 15 मी0टन वितरण हुआ । इस प्रकार वर्ष 1981-82 में प्रति हैक्टर 3-72 किलोग्राम तथा वर्ष 1983-84 में 6-05 किलो ग्राम रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग किया गया है । कुल खाद्यान्न उत्पादन वर्ष 1981-82 में 61691 मी0 टन तथा वर्ष 1983-84 में 77145 मी0टन उत्पादन हुआ है । उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि खाद्यान उत्पादन बढा है । कृषकों द्वारा आज भी परम्परागत फसलें धान, गेहूँ, जौ, मक्का, झंगोरा, मडुवा अन्य धान्यें, लाही तथा आलू आदि फसलें उगाई जाती हैं । जनपद में कृषि विभाग द्वारा अच्छे व अधिक उपज

जाति के बीजों का उत्पादन एवं वितरण किया जाता है। प्रत्येक विकास खण्ड में एक बीज गोदाम है। जनपद का क्षेत्रफल अधिक होने की दृष्टि से प्रत्येक विकास खण्ड में दो बीज गोदाम होने चाहिए। वर्ष 1982-83 में कृषि विकास हेतु पर्वतीय क्षेत्र में जनजाति विकास में उर्वरकों के कम्पोजिट प्रदर्शन अधिक उपज देने वाली प्रजातियों के बीजों पर राजसहायता की योजनायें चलाई जा रही हैं और कृषि रक्षा कार्यक्रम आदि है। जनपद में औद्यानिकी भी अपना विशेष महत्व रखती है। जनपद में औद्यानिकी विकास की पूर्ण सम्भावनायें हैं। शाक-सब्जी उत्पादन एवं आलू उत्पादन अच्छा है। आलू का उत्पादन बढ़ कर 119680 क्विंटल वर्ष 1983-84 तक हो गया है। इसके अतिरिक्त जनपद में उद्यानों का विस्तार तथा बागों का जीर्णोद्धार की आवश्यकता है। जनपद में उद्यानों का क्षेत्रफल 4144 हैक्टर है। फलों के परिवहन एवं विपणन तथा विधायन की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

2-सिंचाई :- वर्ष 1983-84 के आंकड़ों के अनुसार जनपद का शुद्ध बोया गया क्षेत्र फल 48235 है तथा शुद्ध सिंचित क्षेत्रफल 3042 हैक्टर जो शुद्ध बोये गये क्षेत्रफल का 6-30 प्रतिशत है। सिंचित क्षेत्र बढ़ाने की आवश्यकता है। तभी कृषि का विकास सम्भव है। जनपद में नहरों द्वारा सिंचाई 1290 हैक्टयर तथा अन्य साधनों से 1752 हैक्टयर सिंचाई हुई है। जनपद में सिंचाई की प्रमुख समस्या है। जनपद में 201 कि0मी0 नहरें, 4 भूस्तरीय पम्पिंग सेट तथा 3 बोरिंग पम्पिंग सेट, हौज 1829 तथा गूल 559 कि0मी0 हैं। इसके अतिरिक्त जनपद में 66 हाईड्रम भी हैं। सिंचाई विकास की आवश्यकता है। अतः राजकीय नहरें तथा हाईड्रम निर्माण कर सिंचन क्षमता में वृद्धि की जा रही है। भूमिगत जल उपलब्ध न होने के कारण नदियों पर हाईड्रम लगाने की व्यवस्था की गयी है। राजकीय लघु सिंचाई की नहरों द्वारा यद्यपि अभी तक सिंचित क्षेत्रफल में प्रभावी वृद्धि नहीं की जा सकी है किन्तु भविष्य में ऐसी आशा की जाती है कि वर्तमान में निर्माणाधीन योजनाओं के आशातीत परिणाम होंगे।

3-भूमि संरक्षण:- पर्वतीय क्षेत्र में ~~पर्याप्त रूप~~ एवं ऐकोलाजी के महत्त्व से भूमि संरक्षण योजनाओं का विशिष्ट स्थान है । कृषि विभाग एवं भूमि संरक्षण विभाग द्वारा वर्तमान में संपादित कार्यों को और सघन करने की आवश्यकता अनुभव की जा रही है । जनपद योजना में सीमित परिव्यय के कारण नयें प्रस्ताव नहीं दिये जा सके हैं । भूमि संरक्षण(कृषि विभाग) द्वारा प्रति वर्ष 1200 हैक्टयर भूमि को संरक्षित करने का लक्ष्य है ।इसके अतिरिक्त वन विभाग द्वारा भी भूमि संरक्षण हेतु वनीकरण तथा कटाव नियंत्रण कार्य क्रम चलाये जा रहे हैं ।

4- क्षेत्रीय विकास:- क्षेत्रीय विकास परियोजना के गत वर्षों में उपलब्धियों को देखते हुए प्रति वर्ष प्रत्येक विकास खण्ड का लक्ष्य गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले 600 परिवारों को लाभान्वित करने का रखा गया है । गत वर्ष 1985-86 में एकीकृत ग्राम्य विकास योजना के अन्तर्गत नयें परिवारों को 2915 तथा पुराने परिवारों को 4284 लाभान्वित किया गया । अनुसूचित जाति /जनजाति के ~~कस~~ नयें परिवार 869, अनुसूचित जाति/जनजाति के परिवारों के पुराने 1169 लाभान्वित किया गया । छटी पंचवर्षीय योजना में 26525 परिवार लाभान्वित हुए ।

5-राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना:- राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजनाओं के द्वारा क्रय शक्ति के उपयोग तथा ग्रामीण क्षेत्रों में वैकल्पिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा स्थाई परिसंपतियों के सृजन के कार्य छटी पंचवर्षीय योजना में बहुत सफल रहे हैं । सातवीं पंचवर्षीय योजना में भी इन कार्यों को गति दी जा रही है । वर्ष 1985-86 में इस योजना के अन्तर्गत रू0 1965 हजार व्यय किया गया तथा 86-87 में रू0 2757 हजार स्वीकृत किया गया है । तथा मानव दिवस सृजन का लक्ष्य है ।

5- वन:- आरक्षित वनों से संबंधित कार्यक्रम जनपद में यथावत चलते रहेंगे । गत वर्षों में पर्यावरण की दृष्टि से वनों के कटान पर प्रतिबन्ध रहने तथा संवेदनशील स्थानों पर वनीकरण के कार्यों को गति देने के विषय

पर सोचा गया । राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में वनों को सुरक्षित करना तथा वन विभाग के प्रबंध के अन्तर्गत खाली स्थानों पर वृक्षारोपण के कार्य को प्राथमिकता दी जायेगी ।

7- - सहकारिता:- प्रारम्भिक सहकारी ऋण समिति के कार्य क्षेत्र को बढाने तथा क्रय विक्रय सहकारी समिति को और सुदृढ करना छटी पंचवर्षीय योजना में प्रस्तावित था । वर्तमान में चल रहे कार्यक्रम को और गति प्रदान करने की आवश्यकता है ।

8- ग्रामीण विद्युतीकरण:- जनपद में वर्ष 1984-85 तक 636 ग्राम तथा 374 हरिजन बस्तियाँ विद्युतीकृत की जा चुकी हैं । यह मद न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत आती है । इस कार्यक्रम में शासन द्वारा तीव्र गति से विकास करने का निर्णय लिया गया है ।

9- उद्योग:- जनपद उद्योग के क्षेत्र में सबसे पिछड़ा हुआ है । इसका कारण यहाँ पर यातायात की कठिनाइयाँ, कच्चेमाल की दुर्लभता तथा कुशल कारीगरों का न होना है । जनपद में दिनांक 31-3-86 तक औद्योगिक अधिनियम 1948 के अन्तर्गत कोई इकाई पंजीकृत नहीं थी । लघु उद्योग इकाई की संख्या 1000 है तथा इनमें लगे व्यक्तियों की संख्या 2825 है । आगामी वर्षों में लघु एवं कुटीर उद्योग इकाइयों की स्थापना करना तथा उन्हें वित्तीय सहायता देना प्रस्तावित है ।

10- सड़क:- वर्ष 1983-84 के अन्त तक प्रति हजार वर्ग कि0मी0 पर पक्की सड़के 98 कि0मी0 तथा प्रति लाख जनसंख्या पर 309 कि0मी0 पक्की सड़कें हैं । मोटर मार्ग 893-5 कि0मी0 है । सड़क निर्माण का कार्य जनपद में चल रहा है । सड़क निर्माण का कार्य हेतु राज्य सैक्टर से व्यय किया जाना प्रस्तावित है ।

11- पर्यटन:- जनपद में दो मुख्य तीर्थ स्थान बद्रीनाथ एवं केदारनाथ हैं । पर्यटन की दृष्टि से यह जनपद महत्त्वपूर्ण है क्यों कि यहाँ कई धार्मिक तथा

दर्शनीय स्थल हैं । तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों के लिए आवासगृह निर्माण के विकास की आवश्यकता है । यह कार्य गढ़वाल मण्डल विकास निगम द्वारा भी किया जा रहा है ।

12- शिक्षा:- छठी पंचवर्षीय योजना की अवधि में बेसिक शिक्षा एवं सीनियर बेसिक स्कूलों को खोलने के कार्य में पर्याप्त वृद्धि हुई । इस समय जनपद में 782 प्राइमरी स्कूल, 149 जूनियर हाई स्कूल, 88 उच्चतर माध्यमिक कालेज तथा तीन डिग्री कालेज हैं । प्रयत्न यह रहा है कि प्रत्येक ग्राम के बालकों को प्रारम्भिक शिक्षा सुलभ हो किन्तु विषम स्थलाकृति के कारण ऐसा शतप्रतिशत सम्भव नहीं हो सका है । चतुर्थ शैक्षिक सर्वेक्षण 1978 में शासन द्वारा नये मानक के अनुसार 6-11 आयु वर्ग के बच्चों को शत प्रतिशत शिक्षा देना प्रस्तावित है ।

13- प्राविधिक शिक्षा:- जनपद में तकनीकी व्यक्तियों की कमी है । तकनीकी व्यक्तियों की कमी को पूरा करने के लिए एक राजकीय पोलीटेक्निक की स्थापना गोचर में की गयी है तथा एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्णप्रयाग में स्थापित है । इनके सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता है ।

14- चिकित्सा एवं परिवार कल्याण:- जनपद में वर्ष 1985-86 के अंत तक 15 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 55 एलोपैथिक, चिकित्सालय, 56 आयुर्वेदिक चिकित्सालय हैं । जनसंख्या के अनुसार 6 होम्योपैथिक चिकित्सालयों की संख्या उचित हैं । परन्तु भौगोलिक स्थिति को देखते हुए कम है । इनको पूरा करने की अब भी आवश्यकता है । चिकित्सा एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम को योजनावधि में गति देना प्रस्तावित है ।

15- पिछड़े वर्ग के कार्यक्रम:- समाज के कमजोर वर्ग के लोगों की आर्थिक दशा सुधारने एवं उनमें सामाजिक चेतना का उदय करने के कार्यक्रमों में सातवीं पंचवर्षीय योजना में और तेजी लाने की आवश्यकता अनुभव की जा रही है । हरिजन एवं समाज कल्याण विभाग अनुसूचित जाति वित्त निगम द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं से अभी भी अनुसूचित जाति /

जनजाति के बहुत से परिवार अछूते हैं । आगामी योजना में पिछड़े वर्ग के कार्यक्रमों को समुचित बल दिया गया है ।

1.6- ग्रामीण पेय जल:- जल निगम द्वारा 31 मार्च, 1986 के अन्त तक 1105 ग्रामों को नल द्वारा पानी देने की व्यवस्था है । इस व्यवस्था से 266102 जनसंख्या लाभान्वित होती है । डिग्गी द्वारा 138 ग्रामों को पीने के पानी की व्यवस्था है और 191 ग्राम अन्य साधनों से पीने का पानी प्राप्त कर पाते हैं । जनपद में पेयजल सुविधा हेतु अभाव ग्रस्त 169 ग्राम हैं । जनपद में ऐसे ग्राम भी हैं जिनमें नल लगाने के पश्चात भी पीने का पानी सुलभ नहीं हो पा रहा है । ग्राम्य विकास विभाग द्वारा भी पूर्व वर्षों में पेयजल योजनाओं का निर्माण करा कर हरिजन बस्तियों में पीने का पानी सुलभ कराया गया है । परन्तु हरिजन पेयजल योजनाओं के रखरखाव एवं अनुरक्षण में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है । इसके कारण उक्त पानी की व्यवस्था निष्क्रिय हो गयी है । शासन का उद्देश्य [illegible] समस्त ग्रामों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है । उक्त कार्य जल निगम के माध्यम से करना प्रस्तावित है ।

अध्याय-8

स्थानीय संसाधन

योजनाओं के क्रियान्वयन में स्थानीय संसाधनों का विशेष महत्त्व है ।अत: स्थानीय संसाधनों को ध्यान में रखते हुए वार्षिक योजना तैयार की गयी है योजनाओं का क्रियान्वयन जनता के सहयोग पर निर्भर करता है इसलि योजनाओं के प्रचार एवं प्रसार के लिए विभागीय संस्थायें प्रयत्नशील हैं ।जनपद के मुख्य-मुख्य संसाधनों का विवरण निम्न प्रकार है ।

§1§ मिट्टी- नदी के किनारे घाटियों में उपलब्ध भूमि की मिट्ट खेती के अनुरूप है और इसमें बलवी से बलवी दोमट मिट्टी पाई जाती है । ऊँचा के क्षेत्रों की भूमि में प्राय: बड़े-बड़े बोल्डरस हैं और मिट्टी ढालों मेंपाई जाती है । अत: भूमि क्षरण एवं समतलीकरण कार्य हेतु वन एवं कृषि योग्य भूमि में भूमि संरक्षण इकाइयाँ कार्यरत हैं । कृषि विभाग के चार भूमिसंरक्षण इकाई भूमि संरक्षण कार्य के निष्पादन के कार्य हेतु,लागत व्यय का 50 % अधिकतम् रू0 2500/-प्रति है0 अनुदान के रूप में दिया जाता है । शेष व्यय कृषकों द्वारा स्वयं बहन किया जाता है ।

§2§ जल:- इस संसाधन की पर्याप्त मात्रा जनपद में नदियों,झीलों, जलाशयों के रूप में विद्यमान है जिनसे दो राजकीय लघुसिंचाई खण्डों द्वारा नहरों का निर्माण कर इस संसाधन का उपयोग किया जा रहा है ।विद्युत विभाग द्वारा लघु विद्युत प्रजनन इकाई द्वारा विद्युत तैयार की जाती है ।छोटे-छोटे श्रोतों एवं गधेरों एवं नालों से लघुसिंचाई विभाग द्वारा हौज,गूल निर्माण किया जा रहा है तथा हाईड्रम इकाई की स्थापना कर सिंचन क्षमता में वृद्धि की जा रही है। इसके अतिरिक्त जल विद्युत से स्थानीय लघु एवं कुटीर उद्योग चलाये जा रहें हैं ।

§3§ पशुधन- जनपद में पशुपालन विकास हेतु विदेशी पशु प्रजनन भरारीसैंण कुक्कुट पालन विस्तार हेतु राजकीय कुक्कुट फार्म गोपेश्वर,

भेड़ नस्ल सुधार हेतु मक्कू एवं बंगालो फार्म तथा कई भेड़ा केन्द्र ऊन तथा भेड़ प्रसार केन्द्र तथा कृतिम गर्भाधान एवं नैसर्गिक अभिजनन केन्द्रों की स्थापना की गयी है ।

{4} वन- जनपद में वन संसाधन भी पर्याप्त हैं । जनपद के प्रतिवेदित क्षेत्रफल का 61•6 प्रतिशत भूमि वनों से आच्छादित है । वनसंपदा में इमारती लकड़ी ,आर्थिक एंव औद्योगिक महत्व की प्रजातियों के वृक्ष एवं ईंधन की लकड़ी उपलब्ध है । इसके अतिरिक्त रिंगाल एवं लोसा का उपयोग कर रिंगाल पापड़ी काष्टकला,टरपेन्टाइन और रेजिन उद्योग चलाये जा रहे हैं । इसके अतिरिक्त सहकारिता एंव वन विभाग के माध्यम से भेषज कार्यक्रम चलाया जा रहा है । वन संपदा से वर्ष 1985-86 में उत्पादन एंव विक्रय 13 लाख रू0 का किया गया । उक्त उत्पादन एवं बिक्रय का विवरण निम्न प्रकार है :-

मद	उत्पादित लकड़ी	उत्पादित लकड़ी का मूल्य रू0	बिक्री की गयी लकड़ी का मूल्य रू0
1	2	3	4
वन निगम द्वारा चीड़	2127-288 घन मी0	810300	810300
रागा	490-443 ,, ,,	83400	83400
जलौनी लकड़ी	611 पेड़	130859	130859
गिरे पेड़ विविध	47574 क्वि0	475740	475740
योग वन निगम		1300299	1300299

इसके अतिरिक्त 2563•520 घन मी0 लकड़ी निशुल्क दी गयी तथा विभागीय ऐजेन्सी द्वारा 18-527 घन मी0 लकड़ी का उपयोग किया गया।

{5} खनिज- भारतीय भूगर्भ सर्वेक्षण के अनुसार साफ्ट स्टोन,मैगनेसाइट, एस्बेस्टस,ताँबा,शीशा,जस्ता,गंधक,रेडियन धर्मी एन्टामनी,लाइनस्टोन,मार्बल, डोलोमाइट,लोहा आदि खनिज जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध है ।इसके

अतिरिक्त स्लेट, बोल्डरस वाइम स्टोन व अन्य निर्माण कारी पत्थर आदि उप खनिज भी विद्यमान हैं। परन्तु अभी तक जनपद में कोई बृहद उद्योग की स्थापना नहीं हो पाई है।

§6§ फल एवं उद्यान- जनपद में मुख्य रूप से माल्टा, नारंगी, नींबू सेव आदि का उत्पादन उचित मात्रा में होता है। जनपद में उपलब्ध फल पौध की सुरक्षा हेतु राज सहायता दिये जाने का प्राविधान है। फलों के संरक्षण हेतु फल संरक्षण इकाइयाँ कार्यरत हैं जिसमें कृषकों को प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था है। उद्यानों के विकास हेतु दीर्घकालीन ऋण दिये जाने का प्राविधान है। सब्जी के अन्तर्गत आलू उत्पादन भी काफी होता है। विशेष रूप से इसे बोने में जोशीमठ विकास खण्ड अग्रणी रहा है।

§7§ जनशक्ति:- 1981 की जनगणना के अनुसार जनपद में 131921 कृषक, 546 कृषक मजदूर, 3172 परिवारिक उद्योग, 27386 अन्य कर्मकर, 194118 सीमान्त कर्मकर बर्गीकृत हैं, इस प्रकार कुल जनसंख्या में 182443 कर्मकर कार्यरत हैं। स्पष्ट है कि अधिकांश लोगों की आजीविका कृषि पर ही निर्भर है। जनपद में उपलब्ध जनशक्ति के विकास हेतु कृषि/उद्यान, पशुपालन, जिला विकास प्राधिकरण, ग्राम्य विकास, युवा कल्याण, हरिजन एवं समाजकल्याण, उद्योग, शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, जल संपूर्ति, सा0नि0वि0 आदि विभागों की योजनायें कार्यान्वित की जा रही हैं एवं सम्भावित विकास हेतु योजनायें तैयार की गयी हैं।

अध्याय-9
xxxxxxxxxxx

दीर्घकालीन विकास की रूप -रेखा

जनपद की वर्तमान योजनाओं की स्थिति देखते हुए इस बात की आवश्यकता है कि जनपद के विकास के लिए दीर्घकालीन योजनाओं के लिए भी पहले से ही एक अनुमान लगाया जाय/गत 10 वर्षों में किये जा रहे कार्यों एवं आवश्यकताओं को देखते हुए आगामी 10 वर्षों के परिपेक्ष में एक 10 वर्षीय ढाँचा भी हमारे समक्ष हो ताकि हम अभी से ऐसे कार्यक्रम तैयार करें अथवा ऐसी नियोजन प्रणाली अपनायें कि हमें दीर्घकालीन कार्यक्रमों का ज्ञान हो और उनके लिए भी नियोजन करें । नियोजन करते समय निम्न तत्थ्यों को ध्यान में रखना आवश्यक है ।

§1§ जनसंख्या:- प्रत्येक नियोजन में जनसंख्या अपना महत्त्व रखती है ।यहाँ की जनसंख्या केवल 364346 है परन्तु जनपद का क्षेत्रफल 9125 वर्ग कि0मी0 है । जनसंख्या का घनत्त्व 40 प्रति वर्ग कि0मी0 है । यद्यपि प्रति कि0मी0 जनसंख्या कम है, क्यों कि भौगोलिक परिस्थितियाँ इस प्रकार की है जिसके कारण जनसंख्या कम है परन्तु जनसंख्या की वृद्धि गत दशक से ... 24-51 प्रतिशत है जब कि 1951-1961 के दशक में 16-67 प्रतिशत एवं 96 -1971 के दशक में 15-58 प्रतिशत वृद्धि हुई है । अत: जनसंख्या का दबाव निरन्तर बढ रहा है । यदि जनसंख्या की वृद्धि पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आगामी 10 वर्षों में जनसंख्या की वृद्धि दर और बढ जायेगी जो जनपद के आर्थिक ढाँचों को प्रभावित करेंगी क्यों कि उक्त जनसंख्या हेतु भोजन एँव वस्त्र की ब्यवस्था उपलब्ध कराई जानी होगी । इनके लिये निवास हेतु मकान शिक्षा के लिए विद्यालय, स्वास्थ्य के लिय अस्पताल भी उसी अनुपात में होने चाहिए । साथ ही साथ यातायात, सफाई और विजली आदि की उपलब्धता भी तदनुसार बढानी होगी । इन समस्त आवश्यक ब्यवस्थाओं की की उपलब्धियों के लिए अतिरिक्त साधन जुटानें होंगे । बढती हुई जनसंख्या का प्रभाव बेरोजगारी पर भी पड़ेगा । अत: उसी अनुपात में सेवाओं और

व्यवसायों तथा उद्योग धन्धों का भी बढ़ावा देना होगा ।

उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए परिवार नियोजन /परिवार कल्याण की आवश्यकता पड़ेगी । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत पिछले पाँच वर्षों में अच्छी प्रगति हुई है । वर्ष 1985-86 में नसबन्दी 3058 हुई है ।

2- कृषि कार्यक्रम:- अगले 10 वर्षों में कृषि क्षेत्र में कहाँ तक पहुँचना होगा, इसके लिए दो फसली क्षेत्र को बढ़ाना होगा, इस जनपद में वर्ष 1983-84 में शुद्ध बोया गया क्षेत्रफल 48235 हैक्टयर था तथा दोफसली क्षेत्रफल 26446 है0 जिसको और भी बढ़ाया जा सकता है तथा 22466 हैक्टयर कृषि भूमि बंजर भूमि पर खेती करनी होगी, तभी कृषि क्षेत्र में प्रगति हो सकती है ।

3- सिंचाई- उपरोक्त कृषि कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए अगले 10 वर्षों में अल्प सिंचाई कार्यों व सिंचाई कार्यों में वृद्धि करनी होगी । अत: इसके लिए हाईड्रम, गूल निर्माण एवं नहरों का निर्माण करना होगा । वर्ष 1983-84 का सिंचित क्षेत्रफल 3042 (6-3 प्रतिशत) हैक्टयर है । अगले 10 वर्षों में इस सिंचन क्षमता को बढ़ाकर 19000 है0 करनी होगी ।

4- पशुपालन:- जनपद में अच्छे नस्ल के पशु नहीं हैं । इन पशुओं की नस्ल बदलने की आवश्यकता है । विशेषतया दुधारू पशुओं हेतु विचार की आवश्यकता है ताकि दूध का उत्पादन आवश्यकतानुसार हो सके । इसके अतिरिक्त जनपद में पशुओं स्वास्थ्य हेतु पशु सेवा केन्द्र तथा पशु चिकित्सालय खोलने की आवश्यकता होगी । पशु सेवा केन्द्रों को उच्चीकृत कर डी क्लास के पशु चिकित्सालय स्थापित किया गया है ।

5- क्षेत्रीय विकास:- एकीकृत ग्राम्य विकास योजना के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष प्रति विकास खण्ड 600 ऐसे परिवारों को गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं, का चयन किया जायेगा । स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को विशेष लाभ पहुँचाने की योजना है । तथा ट्राइबल सब प्लान के अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति को विशेष लाभ पहुँचाया जायेगा इस जनपद में विकास खण्ड जोशीमठ को जनजाति बाहुल्य विकास खण्ड घोषित किया गया है तथा वहाँ एकीकृत जनजाति विकास परियोजना द्वारा

जनजाति को लाभान्वित किया जाता रहेगा ।

शिक्षा:- शिक्षा के अन्तर्गत 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए शिक्षा की यह एक वर्षीय योजना है । इस आयु वर्ग के शतप्रतिशत बच्चों को शिक्षा की व्यवस्था करना है । अत: नये प्राइमरी विद्यालय खोल कर तथा भवन रहित विद्यालयों में भवन बनवा कर इस लक्ष्य को प्राप्त करने का लक्ष्य है । बेरोजगारी दूर करने हेतु बैंकों के माध्यम से तकनीकी शिक्षा प्राप्त व्यक्तियों को उनके स्वयं के व्यवसाय में लगाने की भी योजना है ।

7- उद्योग:- उद्योग की दृष्टि से यह जनपद पिछड़ा हुआ है । लघु उद्योग इकाइयाँ 1000 है तथा इनमें लगे व्यक्तियों की संख्या 3172 है । जनपद में पंजीकृत कारखाना नहीं है । अत: उद्योग विकास की योजना बनाने की आवश्यकता है ।

जनपद में पढ़े लिखे बेरोजगार लोगों की एक प्रमुख समस्या है यह सम्भव नहीं है कि सभी बेरोजगार नवयुवकों को नौकरी दिलाई जा सके अत: शिक्षित बेरोजगार नवयुवकों को स्वत: रोजगार पर लगाने की योजना है । ट्राईसम अथवा अन्य औद्योगिक कार्यों में इन युवकों को प्रशिक्षण देकर बैंक से ऋण दिलाया जायेगा ताकि वे अपना स्वयं रोजगार स्थापित कर सकें ।

उद्यान: - जनपद की जलवायु हर प्रकार से फल सब्जी के लिए उपयुक्त है । यहाँ पर 1500 मीटर से ऊँचाई वाले स्थानों में शीतोष्ण जिन में मुख्यत: सेव 900 मीटर तक की ऊँचाई पर मुख्यत: माल्टा, सन्तरा एवं 900 मीटर से नीची वाली घाटी में सदाबहार फलदार पौधे जैसे आम, अमरूद आदि सुगमता से उत्पादित होते हैं । इनके विकास हेतु -- बागों का जीर्णोद्धार तथा नये बागों के विस्तार की योजना चलाई जा रही है ।

आलू का उत्पादन जनपद में सब्जियों में मुख्य है । इसका क्षेत्र वर्ष 1983-84 में 645 हेक्टयर था । आलू उत्पादन का विकास करने की आवश्यकता है । जनपद में एक आलू विकास अधिकारी की नियुक्ति की गयी है । अगले 10 वर्षों में इस कार्यालय के सुदृढ़ीकरण की योजना है ।

अध्याय-10

जिला योजना की पूर्वतायें

योजना संरचना में निम्न मूलभूत राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय नीति सिद्धान्तों को ध्यान में रखा जाना है:-

§1§ विकास सामाजिक न्याय के साथ हो । इस सिद्धान्त को मानते हुए जो विकास कार्यक्रम प्रस्तावित किये जा रहे हैं उनमें रोजगार एवं आर्थिक विकास के अवसर समाज के पिछड़े हुए वर्गों के लिए विशेष रूप से उपलब्ध हो सकेंगे ।

§2§ जनपद के आर्थिक विकास हेतु स्थानीय, भौतिक तथा मानवीय साधनों का अधिकतम् एवं सर्वोत्तम उपयोग हो जिससे आय एवं रोजगार दोनों में अभिवृद्धि हो सके तथा गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों के जीवन स्तर में वृद्धि हो ।

§3§ भूमि, पशुधन, लघु एवं कुटीर उद्योगों की उत्पादकता की वृद्धि । इस प्रकार के विकास से जो लाभ संभावित हो उसका अधिकांश भाग समाज के दलित वर्ग, छोटे किसान, भूमिहीन कृषक तथा ग्रामीण उद्यमियों को मिले ।

§4§ राष्ट्रीय न्यूनतम् आवश्यकता कार्यक्रम जिसमें 1- प्राथमिक एवं प्रौढ़शिक्षा, 2- ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पेयजल 3- ग्रामीण सड़कें 4-ग्रामीण विद्युतीकरण 5- ग्रामीण निर्धनों हेतु आवास, 6-पौष्टिक आहार सम्मिलित है की पूर्ति ।

§5§ ऐसे सामाजिक तथा आर्थिक अवस्थापनाओं का निर्माण किया जाना। जिनसे उपरोक्त तथ्यों की पूर्ति हो सके ।

§6§ अव्यवस्थित अवस्थापनाओं को इस प्रकार पुर्नगठित किया जाये जिससे गरीबों के हितों की रक्षा हो सके ।

§7§ रोजगार के ऐसे अवसरों का सृजन किया जाय जिन से भूमिहीनों छोटे कृषकों आदि को रोजगार के अधिकतम् अवसर उपलब्ध हो सके ।

§8§ रोजगार के अधिक अवसरों को उपलब्ध कराने हेतु उक्त दलित वर्ग, भूमिहीनों एवं ग्रामीण उद्यमियों को विभिन्न प्रशिक्षणों द्वारा विकसित किया जाना ।

योजनागत परिव्यय को जिला सेक्टर को उपयोग के लिए राज्य सेक्टर के समान निम्न पूर्वतायें निर्धारित है:-

§1§ खाद्यान्न तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि । लघु एवं सीमान्त कृषकों को उत्पादकता को बढ़ाने हेतु समान रूप से राज्य एवं केन्द्रीय सहायता ।

§2§ कृषि पर निर्भर लोगों के लिए पूरक व्यवसाय और उत्पादन कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करना जिनसे उनकी आय में वृद्धि की जा सके ।

§3§ ऐसे उपाय करना जिससे गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले परिवार की आय में वृद्धि हो सके और वे गरीबी की रेखा से ऊपर आ सके ।

§4§ लघु एवं कुटीर उद्योगों में कार्यरत कारीगरोंकी उत्पादकता और आय में वृद्धि करना ।

§5§ निर्धन एवं पिछड़े वर्ग की लोगों की आधारित आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सुविधायें प्रदान करना जिससे उनके रहन सहन का स्तर ऊंचा हो सके।

उपरोक्त पूर्वताओं को ध्यान में रखते हुए जिला सेक्टर परिव्यय में से निम्न प्राथमिकताओं के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों/योजनाओं के लिए जिला योजना में उपयुक्त प्राविधान किया गया है -

§क§ चालू कार्यक्रमों /परियोजनाओं के लिए आगामी वर्ष का अनुमानित व्यय ।

§ख§ चालू कार्यक्रमों योजनाओं में अपरिहार्य विस्तार तथा उस पर होने वाला व्यय, ।

§ग§ केन्द्र द्वारा पुरोनिर्धारित योजनायें अथवा ऐसी अन्य ऐसी योजनाओं के लिए निर्धारित अंश जो प्रशासकीय विभाग स्वीकृत करें ।

§घ§ नये कार्यक्रमों/योजनायें तथा उन पर अनुमानित व्यय ।

विभाग - - वार परिव्यय के जी०एन०-1 तथा विभाग के योजनावार वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्यों के लिए क्रमश: संबंधित विभाग के

जी0एन0-2,जी0एन0-3 का अवलोकन किया जा सकता है ।

वर्ष 87-88 की जिला योजना संरचना हेतु प्राथमिकतायें एवं मार्ग निर्देशक विन्दु

कृषि विभाग

§1§ कृषि प्रक्षेत्रों पर बीज गोदाम निर्माण, सिंचाई आदि का कार्य उन्नतिशील बीजों के सम्बर्द्धन एवं संग्रहण की योजना के अन्तर्गत होता है । इन कार्यों हेतु पृथक से नई योजनायें प्रस्तावित की जायें । निर्माण कार्यों के विस्तृत विवरण तथा आगणन अवश्य दिये जायें ।

§2§ नये प्रक्षेत्रों की स्थापना संबंधित प्रस्ताव करने से पूर्व निःशुल्क भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाय ।

§3§ केन्द्र पोषित दलहन, जूट तथा कपास संबंधी योजनाओं के लिए जिले पहले से सुनिश्चित हैं । अन्य जनपदों में इन केन्द्रपोषित योजनाओं के प्रस्तव न किये जायें । यदि विभागीय मार्ग निर्देश हों तो पूर्णतया राज्य द्वारा चलाये जाने वाली योजना के रूप में इनका प्रस्ताव किया जा सकता है ।

§4§ पूर्व में चल रही तिलहन विकास से संबंधित योजनाओं को समाप्त कर पिछले वर्ष प्रदेश में शत-प्रतिशत केन्द्रीय सहायता प्राप्त राष्ट्रीय तिलहन विकास योजना कार्यान्वित की गयी थी जो अब 50 प्रतिशत केन्द्रीय सहायता के आधार पर चल रही है । अतः इस योजना में राज्य अंश के समतुल्य परिब्यय प्रस्तावित किया जाये ।

उद्यान विभाग

§1§ पौधशाला की स्थापना प्रस्तावित करने से पूर्व भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाय ।

§3§ फल संरक्षण केन्द्रों के विस्तार तथा सुदृढीकरण नामक योजना में नयें केन्द्र तथा सम्भव प्रस्तावित - किये जायँ ।

भूमि सुधार :- भूमि सुधार सेक्टर के अन्तर्गत ग्राम सभा भूमि के आवंटियों को आर्थिक सहायता नामक योजना आई0आर0डी0 के द्वारा वित्त पोषित की जाती है अत: इस योजना में परिव्यय प्रस्तावित न किया जाय ।

§2§ सीलिंग भूमि के आवंटियों को आर्थिक सहायता नाम क योजना में आवेटियों को अभिज्ञान करते हुए अवशेष आवंटियों को निधारित मानक के अनुसार सहायता उपलब्ध कराने हेतु परिव्यय प्रस्तावित किया जाय ।

निजी लघु सिंचाई

§1§ अन्य व्यय के मद के अन्तर्गत जिला स्तर पर कार्यरत स्टाफ हेतु व्यवस्था की जाती है । इस संबंध में विस्तृत विवरण विभाग से प्राप्त कर परिव्यय प्रस्तावित किया जाय । यथासंभव नवीन स्टाफ के प्रस्ताव न किये जायँ ।

§2§ लघु एवं सीमान्त कृषकों को /नि:शुल्क बोरिंग हेतु सहायता नामक योजना में अनुदान अन्तर के भुगतान हेतु ही प्राविधान करना है । अत: योजना का सही आकलन करने के बाद प्राविधान किया जाय ।

§3§ डाईकूल सुधार योजना हेतु केन्द्रीय सहायता का उपयोग करने के लिए पर्याप्त परिव्यय प्रस्तावित किया जाये ।

राजकीय लघु सिंचाई :- पक्कीय नहर

§1§ राजकीय पक्कीय नहर योजना के अन्त में विभाग के पास जा अवशेष कार्य थे उन्हें पूरा करने के लिए यथासम्भव शासन स्तर पर परिव्यय उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया, फिर भी अपने जनपद में अवशेष कार्यों का अभिज्ञान कर उनके लिए प्राथमिकता के आधार पर धनराशि का का प्रविधान किया जाय ।

भूमि एवं जल संरक्षण कृषि:-

§1§ प्रत्येक स्थापित भूमि संरक्षण इकाई का अधिष्ठान व्यय औसतन प्रति वर्ष लगभग 7.00 लाख रू0 होता है । तद्नुसार ही प्राविधान कर ही विकास कार्य के लिए अतिरिक्त धन रखा जाय । स्थापित इकाई कीक्षमता का उपयोग करने के लिए विकास कार्य हेतु परिव्यय उपलब्ध करान अपरिहार्य है ।

§2§ गत वर्षों में क्षारीय एलकलाइन भूमि के सुधार की योजना के अन्तर्गत जिन जनपदों में यह योजना चल रही है,आवश्यकता अनुसार परिव्यय उपलब्ध नहीं हुआ है अत: इस योजना हेतु पर्याप्त परिव्यय प्रस्तावित किये जाने पर विचार किया जाये ।

एकीकृत ग्राम्य विकास

§1§ इस योजना के अन्तर्गत अभी तक 6.0 लाख रू0 प्रति ब्लाक की दर से राज्यांश के रूप में परिव्यय उपलब्ध कराया जाता था । इस संबंध में विस्तृत निर्देश ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी किये जायेंगे उन्हीं के अनुरूप अपरिहार्य परिव्यय रखा जाये ।

सूखोन्मुख कार्यक्रम

§1§ सूखोन्मुख कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रति ब्लाक 7.50 लाख रू0 की दर से राज्यांश के रूप में परिव्यय प्रस्तावित किया जाय ।

लघु एवं सीमान्त कृषकों की उत्पादकता बढाने हेतु सहायता-

§1§ इस योजना के अन्तर्गत प्रति ब्लाक 2.50 लाख रू0 की दर से राज्यांश परिव्यय प्रस्तावित किये जायें ।

पशुपालन विभाग

§1§ जनपद में स्थानीय निकायों द्वारा चालित पशु चिकित्सालय प्रान्तीकरण हेतु उपलब्ध है । अत: जिन पशु चिकित्सालयों का प्रान्तीकरण अवशेष है उन्हें बेहतर स्थिति में लाने हेत प्रान्तीकरण करने के लिए परिव्यय प्रस्तावित किया जाये ।

§2§ विभिन्न जनपदों में बहुत से पशु चिकित्सालय अथवा पशु सेवा केन्द्र के भवनों का निर्माण अवशेष है । अत: भवनों के निर्माण के संबंध में निर्धारित मानक के अनुसार परिव्यय प्रस्तावित किया जाये ।

§3§ अतिहिमीकृत वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान का सुदृढीकरण एवं विस्तार नामक योजना में अतिरिक्त केन्द्रों तथा अतिरिक्त स्टाफ के प्रस्ताव न किये जायें । वर्तमान में जिन जनपदों में केन्द्र स्थापित किये जा चुके हैं उन्हीं को अधिष्ठापित क्षमता तक उपयोग किया जाय ।

वन विभाग-

§1§ सामाजिक वानिकी योजना जो विश्वबैंक की सहायता से कार्यान्वित हो रही है, हेतु विभाग के मार्ग निर्देशानुसार परिव्यय उपलब्ध कराये जाने पर विचार किया जाये ।

§2§ ग्रामीण क्षेत्र में ईंधन प्रजातियों का वृक्षारोपण नामक योजना कुछ ही जनपदों तक सीमित है । अत: जिन जनपदों में यह योजना चल रही है, उनमें 7·50 लाख रू0 की दर से राज्यांश के रूप में परिव्यय उपलब्ध कराया जाय ।

पंचायत/राज विभाग-

§1§ पंचायतराज संस्थाओं की आय में वृद्धि हेतु सहायतानामक योजना में 6·0 हजार रू0 प्रति जिला प्रविधान किया जाय ।

§2§ पंचायत उद्योगों को तकनीकी तथा प्रबन्धकीय सहायता नामक योजना में उन्हीं पंचायत उद्योगों को सहायता उपलब्ध होती है जो 50 हजार से एक लाख रू0 के मध्य वार्षिक उत्पादन करते हैं ।

§3§ पंचायत भवनों का निर्माण नामक योजना में ग्राम स्तरीय पंचायत भवनों के लिए अधिकतम् 25·0 हजार तथा जिला स्तरीय पंचायत भवनों के लिए अधिकतम 1·0 लाख रू0 शासन से सहायता प्राप्त होती है परन्तु क्रमश: इन पंचायत भवनों की लागत 50·0 हजार तथा 3·0 लाख रू0 से अधिक नहीं होगी । अवशेष धनराशि ग्राम सभाओं से अंशदान के रूप में प्राप्त कर उपयोग की जायेगी ।

सहकारिता-

§1§ सहकारिता विभाग को परियोजनावार जैसा कि बर्गीकरण में दिया गया है परिव्यय आवंटित किया जायेगा ।

विद्युत विभाग-

§1§ विद्युत विभाग का राज्य सामान्य योजना कतिपय जनपदों में समाप्त हो गयो है और ऐसे जनपदों में न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम अथवा आर0.ई0सी0 योजना के अन्तर्गत जो राज्य सैक्टर में बर्गीकृत है सभी ब्लाकों को ले लिया गया है । अत: इस संबंध में विद्युत परिषद द्वारा सूचित जनपदवार परिव्यय के अनुरूप जिला योजनाओं में व्यवस्था को जाये ।

उद्योग विभाग-

§1§ औद्योगिक आस्थान नामक योजना में केवल स्वतंत्र फोडर लाइन मरम्मत तथा बिजलो पानी को व्यवस्था का कार्य जिला सैक्टर में है । अत: इस कार्य हेतु हो परिव्यय प्रस्तावित किया जाना चाहिए । इस योजना के अन्तर्गत मिनो औद्योगिक आस्थान अथवा नयाँ औद्योगिक आस्थान स्थापित करने का कार्य राज्य सैक्टर के परिव्यय से होगा ।

§2§ जिला उद्योग केन्द्र के माध्यम से मार्जिनमनो ऋण संबंधी योजना एक लाख रू0 प्रति जनपद को दर से राज्यांश के रूप में परिव्यय प्रस्तावित किया जाये । मार्जिनमनी से संबंधित दूसरी योजना एकोकृत मार्जिनमनी ऋण योजना के अन्तर्गत आवश्यकतानुसार परिव्यय प्रस्तावित किया जा सकता है ।

सड़क एवं पुल-

§1§ विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत जनपदों में बहुत बड़ी संख्या में कच्ची सड़कों का निर्माण हो गया है । अतएव सार्वजनिक निर्माण विभाग हो जिला योजना को धनराशि का उपयोग मुख्य रूप से कच्चे बनी सड़कों को पक्का करने के लिए या छूटी हुई कड़ियों या पुलों के निर्माण के लिये किया जायेगा ।

§2§ एन0आर0ई0पी0 और आर0एल0ई0जी0पी0 में उपलब्ध धनराशि का उपयोग कच्ची सड़कों के निर्माण एवं खड़ंजा स्तर तक के निर्माण के लिए किया

जा रहा है । इन कार्यक्रमों के अन्तर्गत जिन परिसम्पत्तियों का निर्माण हो रहा है उनको स्थाई स्वरूप देने अथवा रखारखाव करने के लिए जिला योजना से उपलब्ध धनराशि का उपयोग सर्वप्रथम अतिआवश्यक है ।

(3) **ऐसी सड़के जो न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम को है जैसे 1500 सौ से अधिक आबादी वाले ग्रामों को या 1000 और 1500 सौ के बीच की** आबादी वाले गाँवों को सड़क से जोड़ने के कार्यक्रम को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय । एन0आर0ई0पी0तथा आर0एल0ई0जी0पी0कार्यक्रम से भी एम0एन0पी0कार्यक्रम के मदों को सड़कों को लिया जाय ।

(4) नई सड़कों की स्वकृति अवशेष कार्य का ज्ञान करके ही की जाय । इसके लिए यह फारमूला रखा जाये कि आवंटित धनराशि के दुगने से अवशेष कार्य की धनराशि निकाल कर शेष धनराशि तक की अनुमानित लागत के कार्य स्वीकृत किये जा सकते है उदाहरणार्थ यदि किसी जनपदों में चालू कार्य को पूर्ण करने के लिए अवशेष धनराशि 1करोड़ रू0 है और वर्ष 87-88 में जनपद द्वारा सड़क एवं पुल के मद में 70 लाख रू0 का आवंटन किया जाता है तो इस वर्ष 40 लाख रू0 के अतिरिक्त कार्य स्वीकृत किये जा सकते हैं । यदि किसी जनपद में 1 करोड़ रू0 की धनराशि के अधूरे कार्य हैं और उपलब्ध कराने वाला ब्यय 40 लाख रूपया है तो नई सड़को की स्वीकृति न दी जाये । इस श्रेणी के जनपदों में नयें कार्य की स्वीकृति उपलब्ध परिब्यय के 10 प्रतिशत तक किये जा सकते हैं परन्तु इस आधार पर उसी दशा में नई सड़कें ली जायेगी जब कि चालू वित्तीय वर्ष में एन0आर0ई0पी0 तथा आर0एल0ई0जी0पी0 कार्यक्रम से नईसड़कें न ली जा रही हो यदि और उपलब्ध कराये जाने वाले परिब्यय से तीन गुना से अधिक अवशेष कार्य जनपद में नहीं, यदि वह न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्न उद्येश्यों के लिए प्रस्तावित है:-

(अ) ऐसे विकास खण्ड मुख्यालय,थाने,हाईस्कूल,इण्टरमीडिएट कालेज प्रसिद्ध मेले,मण्डियाँ या कस्बे जो सड़कों से नहीं जुड़े हैं,को सड़कों से जोड़ने के लिए प्रस्ताव किये गये हैं या और कोई ऐतिहासिक ,धार्मिक अथवा पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हों ।

§5§ जिला सेक्टर में वर्गीकृत योजनावार परिव्यय प्रस्तावित किया जाये ।

§6§ पूर्व निर्मित मार्गों की उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए अवशेष पुलों तथा सड़कों की छूटी कड़ियों को प्राथमिकता के आधार पर परिव्यय उपलब्ध कराया जाय ।

§7§ सामान्यत: जिला योजनाओं में सड़कों एवं पुलों के विवरण उपलब्ध नहीं कराये जाते । अत: वर्ष 1987-88 की जिला योजना संरचना करते समय जी0एन0-2 में ही सड़क एवं पुलों के विवरण, नाम व लागत सहित उपलब्ध कराते हुए उनके सम्मुख परिव्यय प्रस्तावित किया जाना अनिवार्य होगा।

पर्यटन विभाग-
----

§1§ पर्यटन विभाग के अन्तर्गत केवल स्थानीय महत्व की स्कीमें उनके पहुँच मार्ग, रोशनी, रूकने के प्रबंध के लिए शेड, जल व्यवस्था आदि की स्कीमें प्रस्तावित की जा सकती है जिनकी फिजिबिलटी नहीं देखी जाती ।

शिक्षा विभाग- प्रदेश में बड़ी संख्या में प्राइमरी स्कूल एवं जूनियर हाईस्कूल

भवन रहित हैं । साथ ही विभिन्न कारणों से पहले के बने हुए भवन भी कुछ अंश तक प्रत्येक वर्ष क्षतिग्रस्त हो कर उपयोग करने योग्य नहीं रह जाते हैं ।

सप्तम पंचवर्षीय योजना के अवशेष वर्षों में यह प्रयास होता है कि प्रदेश में कोई भी जूनियर हाई स्कूल भवन रहित न रह जाय । साथ ही यह भी प्रयास करना है कि जहाँ तक सम्भव हो कोई प्राइमरी स्कूल भी भवन रहित न रहे । आवश्यकता अनुसार पुर्न निर्माण भी करायें जायें ।

2- कोई भी नये प्राइमरी स्कूल एवं लड़कों के जूनियर हाई स्कूल न खोले जायें जहाँ पर छात्रों की संख्या अधिक हो, ऐसे विद्यालयों का अभिज्ञान करेंगे आवश्यकतानुसार अति0 व कक्षा भवन/अध्यापक पठन पाठन सामग्री आदि उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाये ।

3- लड़कियों के लिए नये जूनियर हाई स्कूल अधिक से अधिक खोलने का प्रयास किया जाये ।

4- लड़कों के नये राजकीय हाईस्कूल या इण्टरमीडिएट कालेज न प्रस्तावित किये जायें ।

5- जो वर्तमान राजकोय हाई स्कूलया इण्टरमोडिएट कालेज हैं या गैर सरकारी हाई स्कूल या इण्टर मीडिएट कालेज हैं उनमें आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त कक्षाओं के लिए प्राविधान किया जा सकता है ।

6- शासन की नीति है कि लड़कियों के हाईस्कूल एवं इण्टरमोडिएट कालेजों को अधिक से अधिक स्थापना की जाय । यह प्रयास हो कि ऐसे समस्त तहसील, मुख्यालयों, नोटीफाइड/एरिया तथा नगरपालिका जहाँ पर पहले से सरकारी या गैर सरकारी हाई स्कूल एवं इण्टर कालेज न हों या पूर्णतया अप्राप्त हों, वहाँ पर नये सरकारी लड़कियों के लिए हाई स्कूल एवं इण्टर कालेजों आदि के लिए प्राथमिकता पर प्राविधान किया जाय ।

7- यदि 300 से अधिक जनसंख्या और 1.5 कि०मी० की दूरी पर जिन ग्रामों में नये स्कूल खोले जाते हैं तो प्रत्येक स्कूल में अधिक से अधिक 30-35 छात्र ही प्रवेश लेंगे । इसके स्थान पर यदि नयें स्कूलों पर खोलने हेतु व्यय की जाने वाली धनराशि वर्तमान में चल रहे स्कूलों को सुसज्जित करने व उनके भवन निर्माण करने पर व्यय किया जाता है और यह प्रयास किया जाये कि प्रत्येक स्कूल में 10 अतिरिक्त छात्रों को प्रवेश दिया जाये तो लगभग 7 लाख नयें बालक प्रवेश पा सकते हैं । शिक्षा के सारभौमीकरण की दिशा में इस प्रकार नयें स्कूल खोलने को कोई विशेष महत्व नहीं है और इसमें कमी की जा सकती है । नयें स्कूल केवल अपरिहार्य स्थिति में बहुत ही पिछड़े दूरस्थ इलाकों में जहाँ आवागमन की सुविधा न हो नयें स्कूल प्रस्तावित किये जाने चाहिए ।

8- छटी योजना के अन्त में अनुदान सूची/में लिये गये विद्यालयों के अतिरिक्त वर्ष 1986-87 में 50 नयें जूनियर हाई स्कूलों को अनुदान सूची पर लियें जाने पर विचार किया जा रहा है । इन स्कूलों की जनपदवार सूची शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जायेगी । वर्ष 87-88 में केवल अनुदान सूची में लिये गये विद्यालयों के वचनबद्ध व्यय हेतु ही प्राविधान किया जाना है । उनके अतिरिक्त अन्य नयें विद्यालयों को अनुदान सूची पर लेने के प्रस्ताव न किये जायें ।

9- ग्रामीण एवं नगर क्षेत्रों में आयु वर्ग 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए अंशकालिक कक्षायें खोलने से संबंधित अनौपचारिक शिक्षा के अन्तर्गत प्रत्येक जनपद में प्राइमरी स्तर के 550 तथा माध्यमिक स्तर के 75 केन्द्र कार्यरत हैं । केवल लखनऊ, अलीगढ, तथा देवरिया जनपदों में कुछ अतिरिक्त केन्द्र कार्यरत हैं ।

अध्याय -11

न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम ।

पांचवी पंच वर्षीय योजना में केन्द्रीय योजना आयोग द्वारा यह महसूस किया गया कि गत योजनाओं में सामाजिक आवश्यकता को एक न्यूनतम सीमा तक विभिन्न क्षेत्रों एंव विभिन्न समुदायों को उपलब्ध कराने की दिशा में पर्याप्त उपलब्धि नहीं हो पायी थी। इस कमी के निराकरण के उद्देश्य से केन्द्रीय योजना आयोग ने विभिन्न सामाजिक आवश्यकताओं का अध्ययन किया तथा निर्णय लिया कि जनता का जीवन स्तर को उठाने के लिए व्यक्तिगत एंव सामूहिक खपत, जैसे शिक्षा, जनस्वास्थ्य पेयजल एंव आवास के लिए एक न्यूनतम मापदण्ड निर्धारित किया जाय। और न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम में इनका समावेश किया जाय। इस राष्ट्रीय लक्ष्य की पूर्ति हेतु विशेष प्रयत्न किया गया है।

इस जनपद में वर्ष 1987-88 की योजना ने न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत रू. 64472.95 का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है जिसकी विभागवार फांट निम्न प्रकार है :-

क्र. सं.	सेक्टर /विभाग	87-88 के लिए प्रस्तावित परिव्यय (हजार रू.)	प्रतिशत
1.	विद्युत	16265.35	25.23
2.	सामान्य शिक्षा	7374.00	11.47
3.	चिकित्सा एंव स्वास्थ्य	4860.00	7.54
4.	जल निगम	33714.00	52.32
5.	हरिजन पेयजल योजना	640.00	0.99
6.	ग्रामीण भूमिहीन मजदूर योजना	399.60	0.62
7.	हरिजन कल्याण में आवास	270.00	0.42
8.	पुष्टाहार समाज कल्याण	800.00	1.24
9.	व्यहारिक पुष्टाहार		
	योग	64322.95	100.00

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1987-88 के लिए निम्नांकित [illegible] लक्ष्य प्रस्तावित किए गए हैं। उनका विवरण निम्न प्रकार है :-

1. विद्युत :-

1.	ग्रामीण विधुतीकरण	100 ग्राम
2.	हरिजन बस्तियों का विधुतीकरण	80 बस्तियॉ

2. सामान्य शिक्षा :-

1.	भवन रहित जू. बे. स्कूलो में भवन हेतु अनुदान	8 भवन
2.	योग्यता छात्रवृत्रि हेतु अनुदान	96 छात्र
3.	बुक बैंक स्थापना हेतु अनुदान	12 स्कूल
4.	शिक्षोपसामग्री हेतु अनुदान	103 स्कूल
5.	साज्ज सज्जा / काष्ठोपकरण हेतु अनुदान	30 स्कूल
6.	दक्षता पुरूस्कार	6 अध्यापक

7. नगर क्षेत्र में जू. बे. स्कूल खोलने हेतु अनुदान — 2 स्कूल
8. ग्रामीण/ नगर क्षेत्र में सी. बे. स्कूल भवन निर्माण अनु. — 4 भवन
9. ग्रामीण क्षेत्र में नवीन सी. बे. स्कूल खोलने हेतु अनुदान — 2 स्कूल
10. पाठ्य पुस्तक वितरण हेतु अनुदान — 1500 छात्र
11. सी. बे. स्कूल खोलने हेतु अनुदान — 2 स्कूल
12. 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों के लिए अंशकालीन कक्षा खोलने हेतु अनुदान — 490 कक्षा
13. शाखा आधारिक विद्यालयों को पूर्ण विद्यालय का दर्जा देने हेतु अनुदान — 65 विद्यालय
14. ग्रामीण क्षेत्र में मिश्रित जू. बे. स्कूल खोलने हेतु अनुदान — 12 स्कूल
15. निर्बल वर्ग के बच्चों को पोषाक देने की व्यवस्था — 500 छात्र
16. सहायता प्राप्त सी. बे. स्कूलों को भवन अनुदान — 1 स्कूल
17. जू. बे. स्कूल में प्रधानाध्यापकों तथा सीनियर बेसिक स्कूलों में अतिरिक्त अध्यापकों की नियुक्ति हेतु अनुदान — 449 स्कूल

3. चिकित्सा एंव स्वास्थ्य :-

1. नये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना — 1
2. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण — 1
3. उप केन्द्रों का भवन निर्माण — 15

4. जल निगम :- (ग्रामीण पेयजल योजना)

1. कुल ग्राम — 100
2. हरिजन बस्तियां — 55

5. हरिजन पेयजल योजना :-(ग्राम्य विकास)

1. ग्राम संख्या — 32

6. निर्बल वर्ग आवास :-

1. कुल आवास — 111
   क- अनुसूचित जाति/ जनजाति — 105 आवास
   ख- अन्य निर्बल वर्ग आवास — 6 ,,

7. समाज कल्याण विभाग द्वारा गृह निर्माण तथा सुधार हेतु अनुदान :- 90 आवास

8. पुष्टाहार (समाज कल्याण) :-

जनपद में अब तक एक विकास खण्ड जोशीमठ में सम्वन्वित बाल विकास योजना चलाई जा रही थी । वर्ष 87-88 में इस योजना को 2 अन्य विकास खण्डों- घाट तथा थैरसैण में भी चलाया जायेगा ।

अध्याय -12

पिछड़े समुदाय के लिये कार्यक्रम

जनपद चमोली में 1981 की जनगणना के अनुसार 62886 अनुसूचित जाति तथा 9164 अनुसूचित जन जाति की जनसंख्या है। यह कुल जनसंख्या का क्रमश: 17-3 प्रतिशत और 2-5 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त पिछड़ी जातियों के व्यक्ति जिनमें भूमिहीन, लघु एवं सीमान्त कृषक, निराश्रित विधवा महिला, सीमान्त कर्मकर आदि सम्मिलित है। वर्ष 1987-88 की जिला योजना में जो योजनायें विशेष रूप से पिछड़े समुदायों के लिये प्रस्तावित है उनका विभागवार विवरण निम्न प्रकार है:-

विभाग का नाम / योजना	परिव्यय {रुपये हजार में}
1-कृषि :-	
1-पर्वतीय क्षेत्रों में जन जाति विकास खण्डों में	
1-उर्वरकों के कम्पोजिट प्रदर्शन	65=00
2-अधिक उपज देय प्रजातियों के बीजों पर रक्म सहायता	65=00
2-पर्वतीय क्षेत्रों में उर्वरक परिवहन पररलाज सहायता	605=00
3-पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि रक्षा सुदृढीकरण कुरमुला कीट नियन्त्रण एवं उन्मूलन योजना	475=00
4-गुणात्मक बीजों के उत्पादन, संग्रहण एव वितरण की योजना	750=00
2-उदयान	
1-अनुसूचित जाति/जनजाति बाहुल्य विकास खण्डों में सघन फल एवं सब्जी उत्पादन को लोकप्रिय बनाने की योजना	60=00
3-ग्राम्य विकास विभाग	
1-लघु सीमान्त कृषकों को सहायता	2750=00
2-उक्त योजना में आई0आर0 डी0 पैटर्न पर अतिरिक्त अनुदान	340=00
3-हरिजन पेय जल योजना	640=00
4-एकीकृत ग्राम्य विकास	3420=45
5-अतिरिक्त आई0 आर0 डी0	2676=30
6-रोजगार सृजन हेतु:-	
1-राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम	3032=70

2- 2-ग्रामीण भूमिहीन श्रमिक रोजगार गारंटी योजना	129=40
7-आवास स्थल विकास तथा निर्बल वर्ग आवास निर्माण।	399=60
8-विकास की गति में तेजी	1100=00

4-उद्योग

1 अनुसूचित जाति/जनजाति के आर्थिक उत्थान हेतु औद्योगिकरण एवं उनके विस्तार की योजना।	80=00

5-जल निगम

ग्रामीण पेय जल योजना	33714=00

6-प्रशिक्षण एवं सेवायोजन

अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये प्रशिक्षण एवं मार्ग-दर्शन केन्द्र की स्थापना	110=00

7-हरिजन एवं समाज कल्याण निदेशालय

क- अनुसूचित जाति के लिये	
1-शैक्षिक कार्यक्रम	711-00
2-आर्थिक उत्थान कार्यक्रम	240=00
3-स्वास्थ्य एवं आवास सम्बन्धी योजनायें।	270=00
ख- अन्य पिछड़ी जाति के लिये	
शैक्षिक कार्यक्रम	90=00
ग- अनुसूचित जन जाति के लिये	
1-शैक्षिक कार्यक्रम	230=00
2- आर्थिक उत्थान कार्यक्रम	352=00
3-गृह निर्माण/सुधार योजनायें	60=00
घ- निर्धन एवं निराश्रित महिलाओं का पुर्नवासन।	20=00
ङ- निराश्रित विधवाओं को सहायता	789=00
च- विकलांग व्यक्तियों हेतु योजनाये	298=60
छ- समन्वित बाल विकास योजना	800=00

8- शिक्षा

1-ग्रामीण क्षेत्रों में छात्र सं0 में वृद्धि तथा स्थिरता हेतु निर्बल वर्ग के बालकों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण एवं प्रोत्साहन अनुदान	5=00
2-वय वर्ग 6-11 के निर्बल वर्ग के बच्चों को विद्यालयों में लाने हेतु छात्रवृति	5=00
3- निर्बल वर्ग के बच्चों को पोशाक देना	50=00

उपरोक्त विशेष योजनाओं के अलावा अधिकांश विभागों ने अपनी योजनाओं में अनुसूचित जाति तथा जनजाति को लाभान्वित करने के लिये धनराशि मात्राकृत की है। मात्राकरण का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है :-

जनपद चमोली की जिला सेक्टर योजनायें 1987-88 हेतु मात्राकृत धनराशि का विवरण। (हजार रुपये में)

क्रमसं० विभाग का नाम	मात्राकृत धनराशि अनु जाति	अनु० जनजाति
1 2	3	4
1-कृषि	180=70	151=40
2-उद्यान	220=70	141=00
3-लघु एवं सीमान्त कृषकों की सहायता	927=00	61=80
4-भूमि संरक्षण	240=00	150=00
5-पशुपालन	362=00	40=00
6-ग्राम्य विकास(आई आर डी)	1026=13	68=40
7-अतिरिक्त आई०आर०डी०	802=89	53=52
8-एन०आर०ई०पी०	758=20	60=65
9-आर० एल० ई०जी०पी०	25=88	- -
10-पंचायत राज	20=00	10=00
11-युवा कल्याण	18=00	2=00
12-जिला परिषद	75=00	15=00
13-विकास खण्ड अनुदान	440=00	110=00
14-सहकारिता	51=00	44=00
15-निजी लघु सिंचाई	464=00	24=00
16-राजकीय सिंचाई	1800=00	1500=00
17-विद्युत	3000=00	1600=00
18-उद्योग	334=00	346=00
19-प्राथमिक शिक्षा	1558=00	899=00

20- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य	110=00	140=00
21 - जल निगम	5000=00	500=00
22- हरिजन पेय जल योजना	640=00	-
23- सामुदायिक विकास		
आवास स्थल	48=00	12=60
आवास	267=00	48=00
24- सेवायोजन	82=25	60=50
25- हरिजन समाज कल्याण	1221=00	642=00
योग	19671=75	6679=37
कुल योजना से प्रतिशत	14-41	4-89

अध्याय-13

जिले के विकास कार्यक्रम

कृषि विभाग- जनपद चमोली का भौगोलिक क्षेत्रफल 9125 वर्ग कि0मी0 है तथा जनपद की जनसंख्या 364346 §1981 की जनगणना§ है । शुद्ध व बोया गया क्षेत्र 48235 है0 है तथा सकल बोया गया क्षेत्रफल 74681 है0 है, जिसमें शुद्ध सिंचित क्षेत्रफल 3042 है0 है जो शुद्ध बोयेगये क्षेत्र का6-3 प्रतिशत है तथा शेष 93-7 प्रतिशत असिंचित क्षेत्र है जिसकी उत्पादकता काफी कम है । जनपद के कृषक गरीब हैं और उनका मुख्य व्यवसाय कृषि है, खेत सीढीनुमा तथा ढालदार हैं । जनपद में कृषि कार्यक्रम को लाभप्रद बनाने तथा फसलों की उत्पादकता बढाने के लिए मंडुवा एवं झंगोरा के क्षेत्र को कम कर सोयाबीन के क्षेत्र के अन्तर्गत लाया जा रहा है । वर्ष 1986-87 के अंत तक जनपद में सोयाबीन 9321 है0 शुद्ध तथा 496 है0 मिश्रित क्षेत्र में लाया गया है। रबी में लाई/सरसों की शुद्ध फसल का क्षेत्रफल तथा औसत उपज बढाने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं । वर्ष 83-84 में जनपद में 77-145 हजार मीट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन, 8-050 हजार मैट्रिक टन तिलहन उत्पादन तथा 11-968 हजार मैट्रिक टन आलू उत्पादन हुआ । जनपद की सातवीं पंचवर्षीय योजना में कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता बढाने तथा अलाभकारी फसलों के स्थान पर लाभकारी फसलों के क्षेत्र में वृद्धि के प्रस्ताव हैं । वर्ष 87-88 के लिए निम्न योजनायें प्रस्तावित हैं :-

1- जनजाति विकास खण्डों में उर्वरकों के कम्पोजिट प्रदर्शन:-

इस योजना अन्तर्गत वर्ष 1986-87 में 60000/- का प्राविधान है। ~~उर्वरकके~~ उर्वरकों की लोकप्रियता बढाने के लिए वर्ष 1987-88 में 800 उर्वरक प्रदर्शन प्रस्तावित हैं, जिसके लिए 65,000/- की व्यवस्था प्रस्तावित की जाती है जिसमें 800 कृषक लाभान्वित किये जाने का प्राविधान किया गया है ।

2- जनजाति विकास खण्डों में बीज विनिमय की योजना:-

इस जनपद में केवल एक विकास खण्ड, जोशीमठ, इस योजना के अन्तर्गत आता है । योजना के अन्तर्गत कृषकों को 50 प्रतिशत अनुदान पर उन्नत प्रजाति के बीज उपलब्ध कराये जाते हैं जिसके लिए वर्ष 1986-87 में 60,000/- स्वीकृत परिव्यय के रूप में हो चुका है । वर्ष 1987-88 में यह परिव्यय 65000/- प्रस्तावित किया गया है जिसमें 275 कुन्तल गुणात्मक बीज 1500 कृषकों को उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है ।

3-पर्वतीय क्षेत्र में सघन दलहन योजना:-

जनपद में दलहनी फसलों का औसत उत्पादन लगभग 10 कुन्तल प्रति है0 है तथा शुद्ध फसल के रूप में क्षेत्र कम है । इसके क्षेत्र को बढाने के लिए फास्फेटिक उर्वरकों के उपयोग पर बल दिया जाना आवश्यक है । इस योजना के अन्तर्गत 33 प्रतिशत प्रति है0 अनुदान फास्फेटिक उर्वरकों पर दिया जा रहा है । वर्ष 1986-87 में 30 हजार परिव्यय स्वीकृत है । वर्ष 87-88 में यह परिव्यय 35 हजार का प्रस्तावित है । 400 है0 क्षेत्र में उक्त धन राशि व्यय की जायेगी, जिसमें 720 अनुसूचित जाति 80 अनुसूचित जनजाति के कृषक भी सम्मिलित होंगे ।

4- पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि रक्षा सुदृढीकरण एवं कुरमुला कीट उन्नमूलन की योजना :-

कृषि रक्षा कार्यक्रमों में द्रुतगति लाने के लिए शासन ने इस जनपद में कृषि रक्षा कार्यक्रमों के सुदृढीकरण एवं कुरमुला कीट उन्नमूलन की योजना वर्ष 1977-78 से आरम्भ की । योजना के अन्तर्गत कृषि रक्षा रसायनों के विक्रय मूल्य पर सामान्य कीटों के निवारण हेतु 50 % तथा कुरमुला कीट नियंत्रण पर 75 % राज सहायता कृषकों को उपलब्ध कराई जाती है । वर्ष 86-87 में इस योजनान्तर्गत अनुदान/स्थापना मद हेतु 4,30,000/-परिव्यय स्वीकृत है, तथा 85 है0 क्षेत्र उपचारित किया जायेगा । वर्ष 1987-88 हेतु 4,75,000/- का परिव्यय प्रस्तावित है । वर्ष में 90,000 है0 क्षेत्र उपचारित किया जायेगा ।

5-गुणात्मक बीजों के उत्पादन संग्रहण एवं वितरण की योजना:-

कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए गुणात्मक बीज अत्यन्त महत्वपूर्ण कृषि निवेश हैं। स्थानीय जलवायु एवं परिस्थितियों में गुणात्मक बीज तैयार कर के कृषकों को वितरीत करने हेतु 4.0 है. क्षेत्रफल का पंचाखिला प्रक्षेत्र स्थापित है। इस प्रक्षेत्र में वर्ष 87-88 में लगभग 250 कुन्टल गुणात्मक बीज तैयार किया जायेगा तथा रू. 150000 ग गोचर कफर गोदाम में कृषि निवेश तथा स्टाफ के वेतन आदि पर प्रस्तावित है।

जनपद में कृषकों को गुणात्मक बीज तथा रासायनिक उर्वरक , कृषि यंत्र आदि, कृषि निवेश वितरण का कार्य मुख्य रूप से कृषि विभाग द्वारा किया जाता है। इस कार्य के सुगम सम्पादन के लिए वर्ष 86-87 में विकास खण्ड जोशीमठ, गैरसैण तथा दशोली में गोदामो के निर्माण हेतु रू. 620000/- स्वीकृत किया गया। वर्ष 87-88 में विकास खण्ड ऊखीम०, थराली तथा घाट में क्रमशः 50 मै.टन क्षमता के ~~हिसाब~~ गोदाम निर्माण के लिए रू. 1.5 लाख प्रति गोदाम के हिसाब से रू. 4.50 लाख प्रस्तावित किया जाता है तथा रू. 1.5 लाख फार्म व्यय हेतु प्रस्तावित किया जाता है। इस प्रकार गुणात्मक बीजों के उत्पादन, संग्रहण एवं वितरण की योजना पर वर्ष 87-88 में कुल रू. 7.50 लाख प्रस्तावित है जिसमें से 6.00 लाख पूंजीगत व्यय होगा ।

6- उर्वरक परिवहन पर राज सहायता :-

पर्वतीय क्षेत्र होने के फलस्वरूप परिवहन एवं यातायात में काफी कठिनाइयां हैं। विभाग द्वारा अधिकांश उर्वरक 50 किलो की पैकिंग में उपलब्ध कराई जाती है। जनपद की दुर्गम परिस्थितियों को दृष्टिगत करते हुए केन्द्रीय बीज भण्डार गोचर पर 10 किलो की थैलियों को तैयार कर विभिन्न विकास खण्ड मुख्यालयों तक पहुचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। वर्ष 87-88 के लिए 15000, 10किलो की थैलियां बनाने का लक्ष्य है।

इसके अतिरिक्त इस योजना के अन्तर्गत कृषकों को उर्वरक उचित कीमत पर उपलब्ध कराने के लिए रेल हेड से बिक्री केन्द्र तक ढुलान अनुदान दिया जाता है। वर्ष 1987-88 में 650 मै. टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य प्रस्तावित है।

योजना अन्तर्गत वर्ष 87-88 में रू. 2,00,000 का व्यय प्रस्तावित किया जाता है। जिसमें 2700 अनुसूचित जाति एवं 300 अनुसूचित जन जाति के कृषक लाभान्वित होगें योजना के अन्तर्गत उर्वरक परिवहन पर राज सहायता मद में वर्ष 86-87 में 635 मै.टन उर्वरक वितरण प्रस्तावित थे वर्ष 87-88 में 650 मै.टन उर्वरक

वितरण का लक्ष्य प्रस्तावित किया जाता है।

योजना अन्तर्गत 1986-87 में 180000 परिव्यय स्वीकृत है तथा वर्ष 87-88 में 200000 प्रस्तावित किया जाता है।

7- सघन कृषि एंव बहुफसलीय योजना :-

जनपद में मुख्य फसलें तथा वाणिज्य फसल सोयाबीन ,रामदाना की उत्पादकता बढ़ाने की काफी सम्भावनाये है। लेकिन जनपद में गरीब एंव सीमान्त कृषकों की संख्या ही अधिक है। जिसका कारण कृषक महगें कृषि निवेश खरीदने में असमर्थ रहते है। विकास खण्ड पर नियुक्त एक मात्र एक स०वि०अ०(कृषि) दूरस्थ क्षेत्रो के कृषकों को आधुनिक नवीतम जानकारी नहीं दे पाता हैं। जिसके लिए प्रत्येक विकास खण्ड में 5 सहायक कृषि निरीक्षक के पदों की स्वीकृति हो जाने पर इनके माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों के कृषको के नवीनतम वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों की जानकारी दी जायेगी तथा कृषक फसल चक्र योजना बना कर कार्यान्वित की जायेगी। प्रत्येक कृषक की खेतो पर 0.1 है. का प्रदर्शन आयोजित कर जिसमें रू. 100/- के कृषि निवेश उपलब्ध करा कर वैज्ञानिक विधि द्वारा अधिक उत्पादन हेतु प्रदर्शन आयोजित किये जायेगें ।

वर्ष 86-87 में 550000 परिव्यय स्वीकृत है अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था न होने पर केवल 2000 प्रदर्शन धान ,गेहूँ के कृषि कार्यकर्ताओं के द्वारा कराये जा रहें है। वर्ष 87-88 में वांच्छित स्टाफ (55 सहायक कृषि निरीक्षक) की नियुक्ति हो जाती है तो योजना पर 605000 रू. व्यय प्रस्तावित किया जाता है।

8- तिलहन विकास परियोजना(नई योजना):-

वर्ष 86-87 तक योजना केन्द्र पोषित रही है अब इस योजना का 50 प्रतिशत राज्य अंश को जिला योजना में सम्मिलित किया जाता है, योजना अन्तर्गत मुख्य रूप से तिलहनी फसलो का उत्पादन जिसमें क्षेत्राच्छादन मिनिकिट वितरण, वृहत प्रदर्शन तथा सोयाबीन कलचर पैकेट वितरण की व्यवस्था अनुदानित रूप से है। वर्ष 87-88 में राज्य अंश जो 205000 रू. है को जिला सेक्टर में सम्मिलित किया जाता है जिसके अन्तर्गत उक्त कार्यक्रम सम्पादन किये जायेगें। वर्ष 87-88 में 200 तिलहन प्रदर्शन का लक्ष्य रखा गया है।

2- उद्यान एवं फलोपयोग विभाग :-

जनपद चमोली की जलवायु हर प्रकार से फल, सब्जी के लिए उपयुक्त है। यहां पर 1500 मी. की ऊंचाई वाले स्थानों में शीतोष्ण जलवायु है जिसमें, मुख्यतया सेब, 900 से 1500 मी. तक की ऊंचाई वाले स्थनों में मुख्यतया माल्टा, सन्तरा तथा 900 मी. से नीचे वाली घाटियों में सदाबहार फलदार पौधे जैसे आम, अमरूद, केला आदि आसानी से पैदा किये जा रहे है।

कृषकों के पास छोटे छोटे सीढ़ीदार खेत है जिसमें कृषि फसलों के उत्पादन की अपेक्षा सब्जी की फसलों से अधिक आय प्राप्त हो सकती है वर्तमान में, सब्जियों में अधिकतर आलू उगाया जा रहा है। फल तथा सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु उद्यान विभाग द्वारा जो योजनाये चलाई जा रही है उनका विवरण निम्न प्रकार है :-

I- औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित देने हेतु विभिन्न इनपुट्स तथा फल पौध सब्जी बीज के परिवहन कीट एवं व्याधियों (कुरमुला सहित) की रोकथाम अ औद्यानिक ऋण एवं संयत्रों के वितरण पर राज सहायता:-

(1) फल पौध., सब्जी, बीज के परिवहन पर राज सहायता:- इस योजना के अन्तर्गत उपरोक्त के परिवहन पर मीटर हेड से रेल हेतु तक शत प्रतिशत राज सहायता दी जा रही है वर्ष 1986-87 में इस योजना के अन्तर्गत एक ट्रक की खरीद एव एक चालक व परिचालक की नियुक्ति प्रस्तावित है अत: इस हेतु वर्ष 1987-88 में अन्य इस=हेतुसामान्य व्यय के अतिरिक्त चालक एवं परिचालक के आवास के स्थल विकास एवं निमार्ण हेतु परिव्यय प्रस्तावित है। वर्ष 1987-88 हेतु रू03.12 लाख का परिव्यय प्रस्तावित है जिसका विस्तृत विवरण निम्न प्रकार है:-

(अ) फल पौध सब्जी बीज एवं अन्य औद्यानिक सामग्री के परिवहन पर राज सहायता :-	50,000.00
(ब) चालक (330-495) तथा क्लीनर (305-390) के वेतन तथा भत्तों पर व्यय एवं ट्रक के अनुरक्षण एवं डीजल पर व्यय	1,12,000.00
(स) ट्रक चालक एवं क्लीनर हेतु आवास एवं स्थल विकास	1,50,000.00

इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1987-88 में 2 लाख फल पौध वितरण, 1.25 लाख शोभाकार पौध वितरण, 7000 कि0ग्रा0 सब्जी बीज वितरण तथा 40.00 लाख सब्जी पौध वितरण का लक्ष्य रखा गया है। इस प्रकार 225 है0 अति अतिरिक्त क्षेत्र उत्पादन के अन्तर्गत लाया जायेगा।

§2§ औद्योगिक फसलों के कीट एवं व्याधि की रोकथाम पौध रक्षा कार्यों पर राज सहायता :-

पौध सुरक्षा कार्य के लिये रसायन दल एवं कुरमुला कीट निवारण हेतु 50 प्रतिशत राज सहायता कृषकों को दी जा रही है वर्ष 1987-88 में 2000 है० क्षेत्र में सामान्य पौध रक्षा का कार्य 1500 है० पर कुरमुला कीट रोकथाम तथा 525है० पुराने उद्यानों का जीर्णोद्धारा किया जाना लक्षित है। इन कार्यों हेतु रू० 50,000/= राज सहायता के रूप में व्यय प्रस्तावित है।

§3§ वितरित किये गये दीर्घकालीन औद्यानिक ऋण के मूलधन पर राज सहायता:-

वर्ष 1987-88 में रू० 4,23,600/= के मूलधन पर 1/4§ 25 प्रतिशत§ की दर से राज सहायता देनी होगी । जिसके लिये रू०1,00,000/= की राज सहायता की आवश्यकता होगी ।

§4§ औद्यानिक औजार एवं संयन्त्रों के वितरण पर राज सहायता:-

उद्यानपतियों को प्रोत्साहन देने हेतु गत वर्षों की भाँति वर्ष 1987-88 में भी 50 प्रतिशत राज सहायता पर औद्यानिक संयन्त्रों एवं औजारों के वितरण हेतु रू० 15,000/= की आवश्यकता होगी। इस योजना में 150 संयंत्र के वितरण का लक्ष्य है।

§5§ आलू एवं सब्जियों की फसल पर कुरमुला कीट विरूद्ध उपचार:-

गत वर्षों की भाँति 1,500 है० क्षेत्र में कुरमुला कीट की रोकथाम हेतु 75 प्रतिशत राज सहायता के आधार पर रू० 63,000/= के रसायन दवाओं के क्रय प्रस्तावित की गयी है।

II:= नवीन उद्यान, खुम्ब उत्पादन इकाई तथा शीतगृह की स्थापना हेतु कृषकों को दीर्घकालीन ऋण :-

§1§ दीर्घकालीन बागवानी ऋण§तकावी §

जनपद चमोली हेतु वर्ष 1987-88 हेतु रू० 23,00,000/= का परिव्यय जो निर्धारित किया गया है, व्यय किया जाना असम्भव है, क्योंकि वर्ष 1986-87 से उद्यान ऋण वितरित किया जा रहा है और काश्तकारों के पास एक ही स्थान पर भूमि उपलब्ध नहीं है, खेत छितरे क्षेत्र में है। वर्ष वर्ष 1985-86 तक कुल रू० 1,24,000/= उद्यान ऋण वितरित किया जा चुका है, और वर्ष 1986-87 में विभागीय उद्यान ऋण रू० 20,00,000/= के अतिरिक्त जलागम क्षेत्र में रू० 60,000/= का ऋण भी वितरित होना है जिन काश्तकारों को पास एकमुश्त भूमि उपलब्ध थी, उन्हेंउनकी माँग के अनुसार ऋण मिल चुका है अब प्रायः अधिकतर

ऐसे काश्तकार हैं कि जिनके पास बहुत ही छोटी जोत की भूमि है। इसलिये ऐसे कृषकों को ऋण देने पर दुरुपयोग होने की सम्भावना है अत: वर्ष 1987-88 हेतु केवल रू0 10,00 उद्यान ऋण वितरण का प्रस्ताव किया जा रहा है। इसमें से रू0 1,00,000/= जनजाति को दिया जायेगा ।

वर्तमान समय में मूल्य वृद्धि को देखते हुए शासन द्वारा निर्धारित काश्त भूमि में रू01500/= एवं बंजर भूमि में 2500/= रू0 प्रति एकड़ उद्यान ऋण दिया जाना बहुत ही कम है इस काश्त भूमि पर 3500/= तथा बंजर भूमि पर 5000/= प्रति एकड़ किये जाने का सुझाव दिया जाता है अधिकतम रू0 25000/= दिया जाना उचित होगा ।

(2) फल उत्पादकों को शीतगृह निर्माण हेतु तकावी ऋण :-

वर्ष 1987-88 में काश्तकारों को रू0 90,000/= ऋण वितरित किया जाना प्रस्तावित है। निर्माण कार्य की लागत वृद्धि को देखते हुए रू0 15000/= प्रति शीतगृह की धनराशि पर्याप्त नहीं है जिसे बढ़ा कर रू0 25000/= प्रति शीतगृह करने का सुझाव दिया जाता है ।

III :- उद्यान एवं पौध रक्षा सेवा का सुदृढ़ीकरण तथा विकास क्षेत्र स्तर पर औद्यानिक कार्यों का विस्तार एवं समन्वय :-

(1) पर्वतीय क्षेत्र में विकास खण्डों में औद्यानिक कार्यों का विस्तार एवं समन्वय

जनपद के विकास खण्डों घाट देवाल नारायणबगड़ कर्णप्रयाग पोखरी एवं अगस्तमुनि में एक एक पद विशेषज्ञ (उद्यान) की आवश्यकता है। इन विकास खण्डों में इन पदों का सृजन होने से उद्यान ऋण वितरण एवं वसूली तथा बगीचों का समुचित रख रखाव हेतु तकनीकी जानकारी में काश्तकारों को सहयोग देते रहेंगे जिससे वे औद्यानिक कार्यों में अधिक रूचि लेकर अपने जीवन स्तर को ऊँचा उठा सकेंगे ।

इसके अतिरिक्त विकास खण्ड घाट में एक उद्यान निरीक्षक वर्ग-2 व दो माली देवाल में दो माली तथा काटा में एक उद्यान निरीक्षक वर्ग -2 व दो मालियों की आवश्यकता है इनके सृजन होने से औद्यानिक कार्यों को अधिक बढ़ावा मिल जायेगा इन पदों के वेतन तथा समस्त भत्तों हेतु रू0 142,600/= का परिव्यय प्रस्तावित किया किया जाता है ।

(2) उद्यान एवं पौध रक्षा प्रसार सेवा का सुदृढ़ीकरण :-

औद्यानिकरण को बढ़ावा देते हुए यदि उद्यान पौध रक्षा प्रसार सेवा की तुलनात्मक वृद्धि नहीं हुई तो औद्यानिकरण की वांछित प्रगति नहीं हो पायेगी । इस आशय से वर्ष 1985-86 से दो उद्यान रक्षा सचल दल आदिबद्री व थराली में स्थापित किए गए वर्ष 1987-88 में अन्य चार सचल दल पोखरी, रामणी, मुन्दोली तथा सेलना में स्थापित करने का प्रस्ताव है अत: नए तथा पुराने दलों को मिला कर इसमें 6 उद्यान निरीक्षक वर्ग-2 (470-735) 6 उद्यान पर्यवेक्षकवर्ग

(400-615) तथा 36 माली (305-390) होंगे जिनके वेतन तथा समस्त भत्तों पर वर्ष 87-88 में रू0 580.50 हजार प्रस्तावित है।

IV :- आलू विकास एवं प्रमाणित आलू तथा सब्जी उत्पादन का सुदृढीकरण:=

(1) सब्जी बीज एवं आलू बीज के सम्बन्ध र्धन एवं प्रमाणीकरण की योजना:-

वर्तमान मे इस योजना के अन्तर्गत एक ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक वर्ग -1 तथा दो माली कार्यरत है जिनके लिए वर्ष 87-88 हेतु वेतन आदि पर रू. 46300 का व्यय होगा ।

इसके अतिरिक्त वर्ष 87-88 में रोग रहित अधिक उत्पादन देने वाले एंव प्रमाणित बीज की किस्मो के उत्पादन को बढावा देने के लिए प्रामाणीकरण हेतु कृषकों को आलू बीज, उर्वरक (डी.ए.पी., एम.ओ.पी तथा यूरिया) एंव रसायन दवाओं इत्यादि में 50 % राज सहायता देने का प्रस्ताव है। सन्दर्भित वर्ष में आलू बीज उत्पादन 32 है. क्षेत्र में किया जायेगा। इस कार्य हेतु रू. 101700 प्रस्तावित है।

इस प्रकार कुल योजना पर रू. 148000 रू. प्रस्तावित किया जाता है।

2- पर्वतीय क्षेत्र में आलू विकास को सघन करने की योजना:- गत वर्षो की तरह वर्ष 87-88 में भी आलू विकास को सघन करने की योजना के अन्तर्गत कृषकों को उन्नतशील आलू बीज उपलब्ध कराने हेतु परिवहन पर राज सहायता की आवश्यकता होगी। इसके लिए रू. 50000 रू. का व्यय किया जायेगा ।

जनपद चमोली की मिट्टी तथा जलवायु आलू उत्पादन के लिए अत्यन्त उपयुक्त है। आलू उत्पादन को बढावा देने के लिए वर्ष 65-66 में एक आलू बीज उत्पादन एंव सम्वर्द्धन प्रक्षेत्र की स्थापना जनपद के विकास खण्ड जोशीमठ में कोटि नामक स्थान पर की गई । इसी विकास खण्ड में फिर 76-77 में 3 स्थान औली में स्थित राजकीय उद्यान , परसारी से 25 एकड़ क्षेत्रफल आलू बीज उत्पादन एंव सम्वर्द्धन कार्य हेतु प्राप्त किया गया। इन दोनों प्रक्षेत्रो में शुद्ध एंव रोग/ कीट मुक्त , उच्च स्तर का आलू बीज पैदा किया जाता है। इस उत्पादन का एक भाग जनपद के सभी कृषकों को उनकी बुआई हेतु हर साल उनकी मांग के अनुसार उपलब्ध कराया जाता है तथा शेष अन्य पर्वतीय जनपदो में आलू बीज उत्पादन प्रक्षेत्र /उद्यानो तथा कृषको को उपलब्ध कराया जाता है। विगत पांच वर्षो में यहां से आलू बीज परिवहन बंगाल भी भेजा गया जिससे कृषकों की आय में बढ़ोत्तरी हुई ।

वर्तमान में आलू उत्पादन को लोकप्रिय कृषकों के मध्य व्यवसायिक फसल के रूप में बढ़ती जा रही है। इससे कृषकों की आर्थिक स्थिति में सुधार की अत्यधिक सम्भावना है। किन्तु वर्तमान में जोशीमठ के अलावा जनपद के अन्य 10 विकास क्षेत्रों में आलू बीज के प्रचार व विकास कार्य हेतु शासन द्वारा कोई भी पद सृजित नहीं किया गया है। कर्मचारियो के अभाव में दूर दराज इलाकों में आलू बीज समय से उपलब्ध कराना

सम्भव नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण कृषक अपनी भूमि का भरपूर उपयोग इस व्यवसायिक फसल के द्वारा नहीं कर पाता है। अत: जनपद के सभी निकटतम व दूर दराज के इलाकों में उन्नतशील आलू बीज का वितरण, प्रचार व विकास कार्य, उच्च स्तर की फसल का उत्पादन कराना तथा जनपद में अधिक से अधिक भूमि को आलू उत्पाद से आच्छादित करने के उद्देश्य से जनपद के चार विकास क्षेत्रों, देवाल, कांता (ऊखीमठ), गैरसैंण तथा दशोली में आलू विकास एवं रक्षा सघन दल केन्द्रों की स्थापना का प्रस्ताव है। इन दलों द्वारा समय समय पर आलू उत्पादकों को नई तकनीकी जानकारी भी उपलब्ध कराई जायेगी तथा उनकी आलू की फसलों का समय समय पर अवलोकन कर आवश्यक सुझाव दिए जायेंगे।

इन केन्द्रों पर प्रत्येक विकास क्षेत्र हेतु एक अधीनस्थ कृषि सेवा वर्ग-II (470-735) का पद तथा दो आलू कामदार (315-440) के पद सृजित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया है। उक्त के कार्यों में समन्वय व विकास सूचनाये एकत्रित करने हेतु एक वरिष्ठ लिपिक का पद भी प्रस्तावित है। इन केन्द्रों पर सृजित पदों के वेतन तथा अन्य समस्त भत्तों हेतु रू. 2.50 लाख परिव्यय का प्रस्ताव रखा गया है।

इस प्रकार आलू विकास को सघन करने की पूरी योजना पर रू. 3.00 लाख का परिव्यय प्रस्तावित है। इसमें 1000 क्विन्टल आलू बीज वितरण तथा 5000 मै. टन आलू उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

- अनुसूचित जाति/ जनजाति बाहुल्य विकास खण्डों में सघन फल एवं सब्जी उत्पादन को लोकप्रिय बनाने की योजना :-

जनजाति बाहुल्य विकास खण्ड जोशीमठ में कृषकों को ताजी सब्जी उगाकर उनके आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करने हेतु उन्हें सब्जियों के बीज, रासायनिक दवा एवं उर्वरक निःशुल्क उपलब्ध करा कर इस कार्यक्रम को आकर्षित किया जा रहा है। योजना में 100 सब्जी प्रदर्शन कार्य का लक्ष्य रखा गया है।

फल उत्पादन को लोकप्रिय करने हेतु जनजाति के कृषकों को उनकी नाप भूमि पर फल पौध रोपण हेतु फल पौध की कीमत, कम्पोस्ट खाद की कीमत, पौध रक्षा रसायन, उर्वरक, गड्ढा खुदान तथा औजार के लिए शत प्रतिशत राज सहायता देय होगी।

इस योजना हेतु कुल रू. 60.00 हजार का परिव्यय रखा गया है।

- भवन निर्माण कार्य :- विकास खण्ड नारायणबगढ़ में नारायणबगढ एवं डुंगरी-पैतोली में अवशेष कार्य पूर्ति हेतु रू. 2.71 लाख की मांग की गयी है।

3- जिला ग्राम्य विकास अभिकरण :-

1. लघु एवं सीमान्त कृषकों को वित्तीय सहायता :-

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि उत्पादन बढाने हेतु यह योजना केन्द्र सरकार के 50% अंशदान तथा 50 % राज्यअंश के आधार पर कृषि, नर्सरी एवं लघु सिंचाई योजना हेतु वर्ष 83-84 से प्रारम्भ की गयी। यह परिवारोन्मुख योजना है। लघु सिंचाई योजना के अन्तर्गत सामूहिक तथा व्यक्तिगत योजनाये ली जाती है।

वर्ष 87-88 में रू. 27.50 लाख की धनराशि प्रस्तावित है। इसमें से रू. 825 ह. अनुसूचित जाति तथा रू. 55 ह. अनुसूचित जनजाति के लिए मात्राकृत है। इस अवधि में कुल 12075 लाभार्थी, जिसमें से 3622 अनुसूचित जाति तथा 241 जनजाति के समुदाय के परिवार होंगे, को लाभान्वित किया जायेगा ।

प्रति विकास खण्ड 2.50 लाख रू. की धनराशि रखी गई है। इसमें से प्रति विकास खण्ड रू. 1.75 लाख लघु सिंचाई ,50 हजार भूमि सुधार तथा 25 हजार रू. निःशुल्क मिनिकीट वितरण के लिए व्यय का प्राविधान है।

इसके अतिरिक्त उक्त योजना पर लघु सिंचाई एवं भूमि सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत आई.आर.डी. पैटर्न पर अतिरिक्त अनुदान हेतु रू. 3.40 लाख की धनराशि प्रस्तावित की गयी है। इस प्रकार कुल योजना पर रू. 30.90 लाख का व्यय प्रस्तावित है।

4- भूमि संरक्षण विभाग -:

1. पर्वतीय क्षेत्रो में भूमि एंव जल संरक्षण योजना :- वर्तमान में जनपद अन्तर्गत चार भूमि संरक्षण इकाईयां कार्यरत है :-

1. चमोली (गोपेश्वर) 2. कर्णप्रयाग 3. अगस्तमुनी (रूद्रप्रयाग)
4. अपर गंगा गोपेश्वर ।

इन इकाईयों में तीन इकाईयॉ जिला सेक्टर अन्तर्गत एंव अपर गंगा भूमि संरक्षण इकाई राज्य सेक्टर अन्तर्गत आती है। छटी पंचवर्षीय योजना प्रारम्भ मे भूमि संरक्षण कार्य इकाई हेतु अनुमोदित जलागम क्षेत्रों में कराया जा रहा है। वर्तमान में जनपद के लगभग सभी विकास खण्डो में यह कार्य कराया जा रहा है।

पर्वतीय क्षेत्र में मुख्य तथा भूमि संरक्षण के निम्न कार्य सम्पन्न कराते भूमि कटाव, भूमि धसाव, बाढ आदि समस्याओं के समाधान किये जा रहे है जिससे प्रत्यक्ष लाभ जन साधारण को हो रहा है।

1. समतलीकरण 2. पुस्तीकरण समतलीकरण 3. पुस्तीकरण + पत्थर व बन्धियां 4. पत्थर बन्धियां 5. उधानीकरण
6. वनीकरण 7. चारागाह विकास 8. सिचाई टैंक/गूल निर्माण
9. जलमोड नाली/जल निकास नाली 10. सिंचाई नियन्त्रण/ भू-स्खलन नियन्त्रण

उक्त कार्यों द्वारा व्यक्तिगत भूमि (कृषि भूमि) का उपचार 50 % अनुदान पर कराया जाता है व सामूहिक /सामूदायिक कार्य 100 % राजकीय लागत पर सम्पन्न कराये जाते है। अब तक जनपद में चारो इकाईयो द्वारा लगभग 9827 है. समस्याग्रस्त क्षेत्र का उपचार उक्त कार्यो द्वारा किया जा चुका है, जिसका प्रत्यक्ष लाभ जनसाधारण को हुआ है व जनता को रोजगार के अवसर सुलभ हो रहे है।

वर्ष 87-88 हेतु 500 है. क्षेत्र उपचार के लक्ष्य प्रति इकाई रखते हुए कुल + 1500.00 है. का लक्ष्य प्रस्तावित है, जिसके विरूद्ध जनपदीय जिला सैक्टर योजनाओं (तीन इकाईयां) का व्यय 35.25 लाख रू. स्थापना व्यय सहित प्रस्तावित है जिसमें स्थापना व्यय लगभग 27.00 लाख रू. है।

5- पशुपालन विभाग :-

(1) पशु चिकित्सा सेवायें एवं स्वास्थ्य :-

1. खुरपका, मुंहपका रोग की रोकथाम हेतु एफ.एम.डी. वैक्सीन का क्रय (50% केन्द्र पोषित तथा 50% राज्य अंश)

इस योजना के अन्तर्गत कृषकों को उनके पशुओं पर खुरपका मुंहपका रोग के निदान हेतु 50% अनुदान पर एफ.एम.डी. वैक्सीन उपलब्ध कराई जायेगी जिससे लगभग 6000 पशुओं में उक्त वैक्सीनेशन किया जा सकेगा। इस योजना के संचालन पर रू. 20 हजार (राज्य अंश) परिव्यय का प्रस्ताव है।

2. रैबीज वाइरस रोग की रोकथाम हेतु ऐन्टीरैबीज वैक्सीन की व्यवस्था:-

इस योजना के अन्तर्गत निर्धन पशुपालकों के पशुओं को रैबीज बीमारी से मुक्त रखने के उद्देश्य से ऐन्टीरैबीज वैक्सीन का क्रय कर पशुओं में निःशुल्क वैक्सीनेशन का कार्य किया जाता है। वर्ष 87-88 में 700 पशुओं को वैक्सीनेशन का लाभ दिया जा सकेगा और योजना के संचालन पर 10 हजार रू. व्यय होने का अनुमान है।

3. "ए" तथा "ब" श्रेणी के पशु चिकित्सालयों में अतिरिक्त दवा एवं साज सज्जा का प्राविधान :-

इस जनपद में वर्तमान समय में 1 पशु चिकित्सालय "ए" श्रेणी दो पशु चिकित्सालय "बी" श्रेणी तथा शेष 18 पशु चिकित्सालय "सी" श्रेणी के अन्तर्गत आयोजनेत्तर पक्ष में कार्यरत है। किन्तु आयोजनेत्तर योजनाओं में बजट आवंटन अत्यन्त न्यून प्राप्त होने के कारण सभी पशु चिकित्सालयों का संचालन सम्भव नही हो पाता है इसलिए विभागीय मानक के हिसाब से रू. 2 हजार प्रति "ब" एवं बी श्रेणी तथा रू. 1 हजार प्रति "सी" श्रेणी पशु चिकित्सालयो के लिये गत वर्षों की भांति वर्ष 87-88 में भी कुल 24 हजार रू. की अतिरिक्त आवश्यकता इस योजना के अन्तर्गत होगी ताकि पशु चिकित्सालयो पर मानक के अनुसार 12 हजार पशुओं को चिकित्सा सुविधा दी जा सके।

4. पर्वतीय क्षेत्र में पशु चिकित्सालयो एंव पशु सेवा केन्द्रो की स्थापना :-

इस प्रकार इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 85-86 तथा 86-87 में स्थापित पांच पशु चिकित्सालयों तथा 8 पशु सेवा केन्द्रो का संचालन वर्ष 87-88 में किया जायेगा। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 87-88 में 250 हजार रू. व्यय होने का प्रस्ताव है। तथा इन केन्द्रो से वांछित वर्ष में लगभग 40 हजार पशुओं को चिकित्सा, टीकाकरण, बधियाकरण आदि कार्यक्रमों से लाभान्वित किया जा सकेगा ।

5. "ए" श्रेणी के पशु चिकित्सालय पर मुख्य औषधिक के पद का सृजन :-

वर्ष 85-86 में सृजित इस पद पर वर्ष 87-88 में 20 हजार रू. व्यय होने का अनुमान है।

2- पशुधन विकास :-

1. पशुधन प्रक्षेत्रों पर प्रजनन कार्य हेतु साड़ों के उत्पादन की योजना:- साड़ों का क्रय एवं वितरण - जनपद में विभिन्न योजनाओं में 90 सांड प्रसार केन्द्र कार्यरत हैं। इन केन्द्रों पर साड़ों की नश्वरता, वृद्धपन आदि भौतिक कारणों से उनके बदलने की आवश्यकता है। इस योजना में वर्ष 87-88 में साड़ों को बदलने हेतु 64 हजार रू. की आवश्यकता होगी ताकि 8 भैंसा सांड तथा 16 गाय सांड क्रय कर केन्द्रों पर ~~व्यवस्थ~~ व्यवस्थित किए जा सकें।

2. नैसर्गिक अभिजनन केन्द्र की स्थापना तथा सांड परिसर का प्राविधान- वर्ष 86-87 में स्थापित किए जाने वाले 4 सांडों केन्द्रों को मिला वर्ष 87-88 में कुल 35 सांड प्रसार केन्द्र/ नैसर्गिक अभिजनन कार्यरत रहेंगे। जिन पर 381 ह. रू. व्यय होने का प्रस्ताव है। यहाँ प्रति वर्ष 7 हजार पशुओं को गर्भित कराकर कृषकों को लाभान्वित किया जायेगा। पशु प्रजनन के महत्व को देखते हुए स्थान अखेड़ी, देवलधार (अगस्तमुनी) धूनी राजणी (घाट) तथा सकण्ड देवोली में सांड प्रसार /नैसर्गिक अभिजनन केन्द्र स्थापित किये जाने का प्रस्ताव है जिसके लिए 50 हजार रू. का परिव्यय रखा गया है।

3- कुक्कुट विकास :-

1. संयुक्त राष्ट्र बाल आपात निधि के सहयोग से चल रहे व्यवहारिक पुष्टाहार ~~क~~ कार्यक्रम के अन्तर्गत कुक्कुट उत्पादन की योजना:- इस योजना में वर्ष 87-88 में जनपद के दो विकास खण्डों, नारायणबगड़ तथा ऊखीमठ में चूजों के अनुरक्षण तथा परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 4 हजार रू. प्रति विकास खण्ड की दर से 8 हजार रू. की आवश्यकता होगी तथा 800 चूजे उपलब्ध कराये जायेंगे। वर्ष 86-87 में यह योजना जनपद के 3 विकास खण्डों में चलाई जा रही है। 2 नये कुक्कुट प्रक्षेत्रों की स्थापना तथा वर्तमान का सु

2. नये कुक्कुट प्रक्षेत्रों की स्थापना तथा वर्तमान का सुदृढ़ीकरण:- इस योजना के ~~लि~~ लिए वर्ष 87-88 में 140 हजार रूपये का व्यय प्रस्तावित है।

4- -- भेड एंव ऊन विकास -

अ- भेड प्रजनन सुविधा का प्रसार एंव सुदृढीकरण तथा स्वास्थ्य सेवायें -.

1. परजीवी कीटाणुओं से बचाने के लिये भेड़ो को सामूहिक रूप से दवा पिलाने की योजना -

इस योजना के अन्तर्गत भेड़ो को कृमिनाशक दवाओं को सामूहिक रूप से ~~पिलायी~~ पिलायी जाती है। ताकि वे रोग ग्रस्त न होकर अधिक उत्पादक हो सके। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 87-88 में 80 हजार भेड़ो को सामूहिक रूप से दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। तथा योजना में 160 हजार रू. व्यय होने का अनुमान है।

2- नये भेड एंव ऊन प्रसार केन्द्रो की स्थापना :-

इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 85-86 में स्थान पागा विकास खण्ड दशोली में स्थापित है। तथा वर्ष 86-87 में स्थान भेटी विकास खण्ड घाट में स्थापित दो भेड़ एंव ऊन प्रसार केन्द्र वर्ष 87-88 में कार्यरत रहेंगें। इन केन्द्रो के संचालन पर उक्त वर्ष में 90 हजार रूपया व्यय होने का अनुमान है इन केन्द्रो से प्रति वर्ष 1 हजार भेड़ो को गर्भित कर भौतिक लक्ष्यो की पूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

3- माइग्रेट्री रूटस पर बहुउद्देशीय केन्द्रो की स्थापना -

इस योजना के अन्तर्गत स्थान तपोवन (जोशीमठ) तथा घाट में दो मरइगेटी रूटस पर बहुउद्देश केन्द्रो की स्थापना वर्ष 85-86 में की गयी है। इन केन्द्रो पर बुगियाल जाने वाली भेड़ो तथा बुगियाल से लौटने वाली भेड़ो को वैक्सीनेशन, बधियाकरण तथा चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है ताकि उनकी नश्वरता में कमी लायी जा सके। इस योजना के संचालन पर वर्ष 87-88 में 25 हजार रूपया व्यय होगा। तथा 20 हजार भेड़ो को उक्त सुविधाये प्रदान की जा सकेगी।

4- भेड प्रजनन ~~प्रक्षेत्र~~ प्रक्षेत्र पीपलकोटी का सुधार एंव विस्तार की योजना-

इस योजना के अन्तर्गत भेड प्रजनन प्रक्षेत्र पीपलकोटी में भवनो की मरम्मत एंव निर्माण हेतु रू. 635 हजार के आगणन शासन के प्रशासनिक स्वीकृति हेतु वर्ष 86--87 में प्रेषित किये गये है तथा स्वीकृत परिव्यय के अनुसार 86--87 में 200 हजार रूपया अवमुक्त होने की आशा है। इस निर्माण कार्य को पूर्ण करने के उद्देश्य से वर्ष 87-88 में 200 हजार रूपये की आवश्यकता होगी और शेष धनराशि के व्यय का वहन 88-89 में किया जायेगा। प्रक्षेत्र पर बुगियाल उपकरणों की व्यवस्था एंव अन्य साज सज्जा आदि के क्रय हेतु 87-88 में 20 हजार रू. की आवश्यकता होगी। इस प्रकार इस योजना में 220 हजार रू. की परिव्यय की आवश्यकता वर्ष 87-88 में है।

5- पर्वतीय क्षेत्र में अंगोरा शशक प्रजनन प्रक्षेत्र की स्थापना -

इस में कृषकों में अंगोरा शशक पालन ~~व्यवस्था~~ व्यवसाय को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से एवं इच्छुक शशक पालकों को शशक उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से एक अंगोरा शशक प्रजनन प्रक्षे. ग्वालदम में स्थापित करने हेतु शासन को प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है वर्ष 85-86 में उक्त योजना में शैड के निर्माण हेतु 200 ह. रू. की धनराशि शासन से अवमुक्त हो चुकी है। वर्ष 86-87 के अन्त तक योजना के प्रारम्भ होने की आशा है।

वर्ष 87-88 में इस योजना के अन्तर्गत 300 हजार रूपया परिव्यय प्रस्तावित है जिसमें से 100 हजार रूपया अंगोरा शशकों के लिए तथा 200 हजार रू. निर्माण कार्यों के लिए प्रस्तावित है।

6. भेड़ एंव ऊन प्रसार केन्द्रों पर भवन निर्माण -

वर्तमान में भेड़ एंव ऊन प्रसार केन्द्र किराये के भवनो में स्थापित है किन्तु किराये के भवन उपयुक्त न होने के कारण इसका प्रभाव पशुओं के स्वास्थ्य एंव उनकी प्रजनन क्षमता पर पड़ता है। वर्ष 87-88 में नई योजना के रूप में कलगोठ तथा बड़ागांव (जोशीमठ) में एक बाड़ा, 1 टाइप -1 मकान तथा टाइप -11 में के मकान प्रति केन्द्र निर्माण का प्रस्ताव है। इस निर्माण पर 400 हजार रूपया परिव्यय का प्रस्ताव है।

~~5--ग्रामीण-प्रचार-का~~

5- <u>अन्य पशुधन विकास</u> :-

1- ग्रामीण प्रचार कार्यक्रम :-

पशुपालन विभाग की आधुनिक प्रगति को जनता तक पहुचाने एंव प्रचार एंव प्रसार कार्यक्रम इस योजना के अन्तर्गत चलाया जा रहा है ताकि प्रदर्शनी एंव समाचार पत्रों के माध्यम से इस का प्रचार एंव प्रसार किया जा सके। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 87-88 में 20 हजार रूपया व्यय होने का अनुमान है।

2- हाडा परिसम्पत्तियों का अधिग्रहण -

इस योजना के अन्तर्गत जनपद में 20 नैसर्गिक अभिजनन केन्द्र एंव एक अन्य प्रजनन केन्द्र कार्यरत है। वर्ष 87-88 में योजना में 138 हजार पशुओं को [illegible] लाभान्वित किया जा सकेगा।

3-चारा एंव पोषण विकास -

इस जनपद में वर्तमान समय में 9 चारा पौधालय कार्यरत है इन पौधालयों से कृषकों को उन्नत किस्म के चारा बीजों की जड़े एंव कटिंगस रोपण हेतु उपलब्ध कराई

जाती है। पौधालयों के सुदृढ़ीकरण हेतु वर्ष 87-88 में रु. 20 हजार परिव्यय की आवश्यकता होगी ।

1- पशु चिकित्सा एवं पशु स्वास्थ्य के सुधार एवं विस्तार की योजना :-

(अ) नये पशु चिकित्सालयों की स्थापना :- जनपद चमोली में वर्तमान समय में जनपद की विषम भौगोलिक परिस्थिति के आधार पर स्थान तपोवन (विकास खण्ड जोशीमठ) तथा स्थान चोपड़ा धारकोट (पोखरी) में पशु चिकित्सालय की स्थापना का प्रस्ताव है। इस योजना के संचालन हेतु 87-88 में 60 हजार रूपये परिव्यय की आवश्यकता होगी और 10 हजार पशुओं को चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

(ब) नये पशु सेवा केन्द्रों की स्थापना - जनपद में 60 पशु सेवा केन्द्र कार्यरत है । किन्तु जनपद की विषम भौगोलिक स्थिति एवं दुर्गम एवं चट्टानी मार्ग को देखते हुये यह संख्या पर्याप्त नही है। इस तथ्य को देखते हुये वर्ष 87-88 में 3 नये पशु सेवा केन्द्रों की स्थापना का लक्ष्य स्थान मोख, मायापुर, तथा अखेड़ी में खोलने का प्रस्ताव है। इस योजना के संचालन पर वर्ष 87-88 में 40 हजार रूपये के परिव्यय की आवश्यकता होगी ।

(स) पशु चिकित्सालयों पर टेलीफोन व्यवस्था :- वर्ष 86-87 में 6 पशुचिकित्सालयों पर टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। वर्ष 87-88 में 4 अन्य विकास खण्ड अगस्तमुनी, गोचर, ऊखीमठ तथा देवाल में टेलीफोन व्यवस्था किए जाने का प्रस्ताव है जिस पर 10 हजार रू. व्यय किया जायेगा ।

(द) पशु चिकित्सालयों तथा पशु सेवा केन्द्र हेतु भवन निर्माण:- वर्तमान में जनपद में पशु चिकित्सालयों तथा पशु सेवा केन्द्र किराये के भवनों में चलाये जा रहे है। किन्तु व्यक्तिगत भवन इन कार्यों के लिए उपयुक्त नहीं है अतः वर्ष 87-88 में 2 पशु चिकित्सालय घाट तथा देवाल के भवन निर्माण का प्रस्ताव है जिसके लिए 300 रू. का परिव्यय रखा जा रहा है। नयी योजनाओं में 4 पशु सेवा केन्द्रों, सिमली, लंगासू तथा पीपलकोटी पर भवन निर्माण किया जायेगा जिसके लिए 240 हजार रू. का प्रस्ताव है। निर्माण कार्य हेतु उक्त स्थानों पर विभाग के पास भूमि उपलब्ध है तथा निर्माण कार्य ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा द्वारा किया जायेगा ।

1. नई योजनाओं में वर्तमान पशु सेवा केन्द्रों का ही क्लास डिस्पेन्सरी के रूप में उच्चीकरण हेतु 65 हजार रूपया व्यय का प्रस्ताव है। इन केन्द्रों पर एक पशुधन प्रसार अधिकारी, एक ड्रेसर तथा एक अटेन्डर प्रति डिस्पेन्सरी , 3 डिस्पेन्सरियों हेतु सृजित किए जाने का प्रस्ताव है।

6- मत्स्य विभाग :-

1. तलवाड़ी हैचरी पर आवासीय गृह एंव अन्य भवनो का निर्माण- इस मत्स्य क्षेत्र प्रेक्षत्र में निजी क्षेत्र, जलाशय में संचय हेतु अंगुलिकाये वितरित की जाती है तथा ट्रूट मत्स्य अंगुलिकाओं का उत्पादन कर के नदियों में संचय किया जा रहा है। वर्ष 87-88 में सी. कार्पिया अंगुलिका वितरण का 5000 का लक्ष्य तथा ट्रूट अंगुलिका उत्पादन एंव संचय का भी 5000 का लक्ष्य है। हैचरी पर प्रयोगशाला की मरम्मत, लेन्टर डालना आदि कार्यों के 152 हजार रू. का प्रस्ताव ~~कार्यों-के-152-हजार-रू.~~ है। निर्माण कार्य ग्रामीण अभियंत्रण सेवा द्वारा किया जायेगा ।

इसके अतिरिक्त मत्सय विभाग के जनपद में जो पद स्वीकृत हुए हैं उनके वेतन तथा प्रशासनिक व्यय हेतु वर्ष 1987-88 में 340 हजार रूपये का प्रस्ताव रखा गया है।

इस प्रकार कुल योजना 492 हजार की प्रस्तावित है।

7- वन विभाग :-

इस विभाग द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग के किनारे वृक्षारोपण हेतु 233 हजार रूपया, भवन निर्माण के अन्तर्गत 6 भवनो को पूर्ण करने तथा 14 भवनो के आंशिक निर्माण हेतु 850 हजार रूपया , वन संचार योजना जिसके अन्तर्गत मोटर मार्ग सुधार , पैदल मार्ग निर्माण तथा सुधार एंव लकड़ी पुल सुधार के कार्य लिए जायेगें, के लिए 507 हजार रूपया, एक वन चेतना केन्द्र के लिए रू. 50 हजार तथा वन कर्मचारियों के आवासों में बिजली/ पानी की व्यवस्था हेतु रू. 156 हजार का व्यय प्रस्तावित है। इस प्रकार कुल रू. 1871 हजार का व्यय प्रस्तावित है। विभाग द्वारा कोई भी नई योजना नहीं रखी गयी है।

8- ग्राम्य विकास विभाग :-

1. एकीकृत ग्राम्य विकास योजना :- इस कार्यक्रम को केन्द्र द्वारा प्रोनिधानित योजना के अन्तर्गत लिया गया है। जिसमें राज्य तथा केन्द्र सरकार की 50,50 % की साझेदारी है। योजना का मुख्य उद्धेश्य ग्रामीण अंचलो में गरीबी रेखा के नीचे का जीवन यापन करने वाले परिवारो को वित्तीय संसाधनो की सुविधा सुलभ कराके उनको स्वत: रोजगार के अवसर देना है जिससे वह अपने परिवार की आमदनी में वृद्धि कर सके और गरीबी से उपर उठ सके ।

भारत सरकार ने सातवीं योजना काल में कार्यक्रम को नई दिशा देने हेतु कुछ मौलिक परिवर्तन किये जिनको ध्यान में रखते हुये योजना तैयार की गयी है। गरीबी रेखा की परिभाषा भी परिवर्तित कर दी गयी है अब 6400 रू. वार्षिक आमदनी से कम आमदनी वाले परिवारों को गरीबी रेखा में आते है।

प्राथमिकता के आधार पर सर्व प्रथम उन परिवारों को चयन करना है जिनकी पारिवारिक वार्षिक आमदनी रू. 3500 से कम हो। ऐसे परिवारों को लाभान्वित के बाद खण्ड विकास अधिकारी अभिकरण की अनुमति से 3500 से 4800 आय वर्ग के परिवारों को चयन करेंगे ।

भारत सरकार के निर्देशानुसार छठी पंचवर्षीय योजना काल में लाभान्वित उन परिवारों को दूसरी बार सहायता उपलब्ध कराने हेतु पुनः चयन करना है जो गरीबी की रेखा पार नहीं कर सके और 3000 रू. अनुदान नहीं दिया गया।

वर्ष 86-87 हेतु नये व 1164 पुराने लाभार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य शासन से निर्धारित है जिसमें से 192 नये 350 पुराने अनुसूचित जाति के व अनुसूचित जन जाति के 13 नये व 23 पुराने लाभार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित है।

वर्ष 87-88 हेतु 3108 नये लाभार्थी तथा 1079 पुराने लाभार्थियों का लक्ष्य प्रस्तावित है जिसके लिए जिला योजना में राज्यांश के रूप में सामान्य आई.आर.डी. योजना हेतु रू. 3425.45 हजार तथा अतिरिक्त आई.आर.डी. हेतु रू. 2676.30 ह. की आवश्यकता होगी ।

वर्ष 87-88 में उक्त लक्ष्यों में से अनुसूचित जाति के क्रमशः 211 नए तथा 385 पुराने लाभार्थी लाभान्वित किए जायेगे जिनके लिए कुल रू. 1829.02 हजार का प्रस्ताव है।

अनुसूचित जनजाति के 14 नए तथा 25 पुराने व्यक्तियों को लाभान्वित किया जायेगा और इनके लिए कुल रू. 121.92 ह. का व्यय प्रस्तावित है।

9- <u>राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम</u> -

2 अक्टूबर 1980 से राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। यह केन्द्र तथा राज्य पोषित योजना है। इस कार्यक्रम के लिए 50 % राज्य अंश तथा 50 % केन्द्रीय अंश प्राप्त होता है। इस योजना के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित है:-

(1) ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार तथा अल्प रोजगार वाले व्यक्तियों पुरूषों तथा महिलाओं के लिए अतिरिक्त लाभप्रद रोजगार का सृजन ।

(2) ग्रामीण आधारभूत ढाचे को मजबूत बनाने के लिए टिकाऊ सामुदायिक परिसम्पत्तियों का सृजन जिनके फलस्वरूप ग्रामीण अर्थ व्यवस्था का शीघ्र विकास हो और गरीब ग्रामीणों के आय स्तर में वृद्धि हो ।

(3) गरीब ग्रामीणो के पोषाहार स्तर तथा रहन सहन के स्तर में सुधार-

आवंटित धनराशि का कम से कम 50 % मजदूरी घटक एवं शेष 50% सामग्री घटक तथा प्रशासनिक मद में व्यय किया जाना है। इस जनपद के लिए शासन द्वारा निर्धारित दैनिक कृषि मजदूरी के आधार पर मजदूरी का भुगतान किया जाता है। कुल मजदूरी का 1.50 रू. प्रति किलो की दर से चार किलो खाधान्न तथा 5.50 रू. नकद देने का प्राविधान है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 25 % अनुसूचितजाति तथा 2 % अनुसूचित जनजाति के सामुहिक लाभ के लिए व्यय निर्धारित है। योजना का कार्यान्वयन सिंचाई विभाग, वन विभग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, लघु सिंचाई, जल संस्थान, भूमि संरक्षण तथा विकास विभाग द्वारा किया जाना है।

वर्ष 1980-85 छटी पंचवर्षीय योजना काल में 8743.45 हजार रू. व्यय किए गये 1379 हजार मानव दिवस रोजगार का सृजन किया ।

वर्ष 86-87 में 2757 ह. रू. व्यय एवं 239 ह. रोजगार मानव दिवस सृजन का प्राविधान रखा गया है किन्तु शासन से 1604 हजार रू. एवं 133 हजार रोजगार सृजन के मानव दिवस का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

वर्ष 87-88 में 3032.70 ह. रू. का परिव्यय तथा 263 हजार मानव दिवस रोजगार का सृजन प्रस्तावित किया गया है जिसमें से अनुसूचितजाति के लिए 758.20 हजार रू. परिव्यय एवं 65.75 हजार रोजगार सृजन एवं जनजाति के लिए 60.65 ह. रू. का परिव्यय एवं 6.00 हजार रोजगार मानव दिवस सृजन का प्रस्ताव है। शासन से प्रति मानव दिवस 4 किलोग्राम खाधान्न मजदूरी के रूप में दिये जाने का प्राविधान है इसलिए वर्ष 87-88 हेतु 1052 मी. टन खाधान्न का प्रस्ताव किया गया है।

10. <u>ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारन्टी योजना</u> :-

ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारन्टी योजना वर्ष 85-86 से इस जनपद में लागू की गई है। यह योजना शत प्रतिशत केन्द्र पोषित है। इस कार्यक्रम के निम्नलिखित दो मुख्य उद्देश्य है :-

(1) प्रत्येक भूमिहीन श्रमिक परिवार के कम से कम एक सदस्य को वर्ष में 100 दिनों तक रोजगार की गारन्टी सुलभ करने के उद्देश्य से ग्रामीण भूमिहीनों के लिए रोजगार के अवसरो में सुधार लाना तथा उनमें वृद्धि करना ।

§2§ ग्रामीण आधारभूत ढ़ाचे को सुदृढ़ बनाने के लिए टिकाऊ परिसम्पत्तियों का सृजन करना जिनके परिणामस्वरूप ग्रामीण अर्थ व्यवस्था का तेजी से विकास होगा ।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भूमिहीन श्रमिकों को विशेष रूप से अनुसूचित जातियों /जनजातियों के लोगों को रोजगार हेतु वरीयता दी जायेगी। कार्यक्रमों की अन्तिम स स्वीकृति भारत सरकार द्वारा प्राप्त होती है। 20 सूत्री कार्यक्रम तथा न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम से सम्बन्धित निम्न प्रकार के कार्य परियोजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी विभागों के माध्यम से कार्यान्वित किया जा सकता है।

§1§ न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अंग के रूप में ग्रामीण सम्पर्क सड़कों तथा पुलों का निर्माण ।

§2§ वर्तमान सिंचाई परियोजनाओं द्वारा सृजित सम्भाव्यता का अधिक से अर्ध अधिक उपयोग करने हेतु खेत की नालियों का निर्माण/ उनकी मरम्मत ।

§3§ समासाजिक वानिकी ।

§4§ स्थाई परिसम्पत्ति जैसे प्राइमरी स्कूल भवन, पंचायतघर/ सामुदायिक विकास भवन, कार्यशाला आदि में सम्मिलित किया जा सकता है।

11- पंचायतीराज विभाग :-

1. पंचायत उद्योगो को प्रबन्धकीय सहायता:- जनपद के पंचायत उद्योगों को कच्चा माल उपलब्ध न होने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। जिससे किसी भी पंचायत उद्योग को प्रबन्धकीय सहायता में नहीं रखा गया है।

2. पंचायत भवनो का निर्माण :- गांव सभाओं की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण एंव स्थान की सुगमता को देखते हुये एक पंचायत भवन विकास खण्ड देवाल में ग्राम सभा सवाड़ में बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें 25 हजार रूपये सम्बन्धित गांव सभा वहन करेगी। तथा 25 हजार शासन से दिये जायेंगे ।

3. पंचायत संस्थाओं को प्रोत्साहन :- वर्ष 87-88 में भी गांव सभाओं की आय में न वृद्धि करने पर पुरूष्कार देने का प्राविधान रखा गया है। इससे गांव सभाओं से आय में वृद्धि करने पर बल मिलता है। यह पुरूष्कार गांव सभा को उनके गत 3 वर्षों की आय के आधार पर दिया जाता है। यह पुरूष्कार जिले की 3 सर्वश्रेष्ठ गांव सभाओं को क्रमश: प्रथम को 3 हाजर द्वितीय को 2 हजार एंव तृतीय को 1 हजार दिया जाता है। इस प्रकार इसमें कुल रू. 6 हजार व्यय का प्रस्ताव है।

4. खड़ंजा तथा भूमिगत नालियों का निर्माण :- यातायात के अभाव एवं मार्गों की सफाई को मद्देनजर रखते हुये वर्ष 87-88 के लिए 12 अभावग्रस्त गांव सभाओं में इसे रखा गया है। इसके अन्तर्गत रास्तों के लिये भूमि उपलब्ध हो जायेगी। 12 गांव सभाओं में से 4 अनुसूचित जाति तथा 2 अनुसूचित जनजाति के गांवों में भी यह योजना रखी गई है। कुल रू. 60 हजार का परिव्यय प्रस्तावित है।

12- युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल:-

विभाग की जिला सेक्टर योजना वर्ष 87-88 के लिए वार्षिक योजना निम्न प्रकार प्रस्तावित की जा रही है :-

1. ग्रामीण खेलकूद :- इस मद में वर्ष 86-87 में 24 हजार रू. का आवंटन प्राप्त हुआ है। जिसमें ब्लाक, जिला एवं प्रादेशिक स्तर की प्रतियोगिताएं सम्मिलित की गई है। वर्ष 87-88 के लिए 35 हजार रू. का प्रस्ताव है, जिसमें उक्त के अतिरिक्त न्याय पंचायत स्तर की प्रतियोगिता सम्मिलित की गई है। कुल 13 प्रतियोगिताओं के आयोजन का लक्ष्य है।

2. स्वयं सेवकों का सुदृढ़ीकरण :- इस मद में वर्ष 86-87 के लिए 89 हजार रू. का आवंटन प्राप्त हुआ है। जिसमें 290 स्वयंसेवकों (दलपति) को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्ष 87-88 में ब्लाक कमाडरों को 75.00 रू. प्रतिमाह की दर से मासिक मानदेय दिया जायेगा और 83-84 में 25 प्रशिक्षित ब्लाककमाडर एवं हल्कासरदारों कोदूसरा वर्दी तथा 15 दिवसीय पुनर्श्चर्या शिक्षण दिया जायेगा। इसके अलावा 5 प्रति विकास खण्ड की दर से 55 दलपतियों को वर्दी तथा 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस प्रकार इस मद में वर्ष 87-88 के लिए 46 हजार रूपये का प्रस्ताव है। इसमें से 9 हजार रूपया अनुसूचित जाति तथा 1 हजार रूपया अनुसूचित जनजाति हेतु प्रस्तावित है।

3. युवक/ महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन :- रू. 500 के हिसाब से 150 युवक मंगल दल एवं 50 महिलामंगल दलों को सामग्री के रूप में अनुदान दिया जायेगा। वर्ष 87-88 के लिए उक्त मद में 37 हजार रू. का प्रस्ताव है। अनुसूचित जाति तथा जनजाति हेतु क्रमशः 9 हजार तथा 1 हजार का प्रस्ताव है।

4. व्यायामशाला/ युवा केन्द्र की स्थापना :- वर्ष 86-87 में इस मद में 125 हजार रू. का आवंटन प्राप्त हुआ है। जिससे व्यायामशाला भवन निर्माण एवं व्यायामशाला उपकरण क्रय किए जाने है। यह धनराशि भवन निर्माण हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा को हस्तान्तरित की गई है। भवन निर्माण एवं व्यायामशाला स्टाफ पर होने वाले व्यय हेतु वर्ष 87-88 में 270 हजार रू. का पुनः प्रस्ताव है।

नई योजना :-

1. जिला कार्यालय का सुदृढ़ीकरण (जीप क्रय तथा अनुरक्षण आदि) :-

इस जनपद के लिए नई योजना है। कई जनपदों को वर्ष 86-87 में इस मद में स्वीकृती प्राप्त हुई है। चूंकि विभाग में हर वर्ष कार्य बढ़ रहा है, तथा टास्क फोर्स के सदस्य होने के नाते गाड़ी न होने के कारण 20 सूत्रीय कार्यक्रम की स्थलीय जांच भी नहीं हो पा रही है। इसके अतिरिक्त नये 20 सूत्री कार्यक्रम 1986 में तेरहवां सूत्र ~~निभ~~ विभाग को दिया गया है। जिसके सफल कार्यान्वयन हेतु विभग के पास एक जीप गाड़ी का होना नितान्तआवश्यक है। इन्ही बिन्दुओं को देखते हुए इस मद में वर्ष 87-88 के लिए 111 हजार रूपये का प्रस्ताव किया जाता है।

3. सामुदायिक विकास :-

1. विकास खण्डो के भवन तथा आवासीय भवन निर्माण :- विकास खण्ड घाट , देवाल , ऊखीमठ, कर्णप्रयाग तथा अगस्तमुनी में आवासीय भवन नही बने हैं तथा विकास खण्ड घाट में कार्यालय किराये के भवन में चल रहा है। इन भवनो के निर्माण हेतु वर्ष 87-88 में 300 हजार रू. का प्रस्ताव किया गया है।

2. प्रचार एंव प्रसार के लिए गत वर्षों की भांति 16 हजार रूपया प्रस्तावित है।

3. विकास खण्डो को अनुदान :- शासन से स्वीकृत विकास की गति में तेजी लाने के कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न निर्माण कार्य जैसे पुलिया निर्माण, खड़न्जा निर्माण व आधारिक विद्यालय भवन मरम्मत आदि के लिए प्रति विकास खण्ड 1. लाख रू. दिया जाता है। वर्ष 87-88 के लिए रू. 11 लाख का व्यय प्रस्तावित है।

4. जिला परिषद को अनुदान :- वर्ष 87-88 में ~~2~~ 330 हजार रू. प्रस्तावित किया गया है। उक्त धनराशि से 33 कि.मी. क्षति ग्रस्त मार्गों की मरम्मत /सुधार का लक्ष्य रखा गया है।

5. ग्रामीण हरिजन पेयजल योजनाओं का निर्माण :- वर्ष 87-88 हेतु 32 हरिजन ~~बस्तियों~~ बस्तियों में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था हेतु पेयजल योजनाओं के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। रू. 20 हजार प्रति योजना के हिसाब से रू. 640 हजार का व्यय प्रस्तावित है। अनुमानत: 1000 की जनसंख्या लाभान्वित होगी ।

नई योजना :-

जिला विकास कार्यालयों में कार्यालय तथा आवासीय भवन निर्माण योजना :- वर्तमान समय में जिला विकास कार्यालय कलक्ट्रेट कार्यालय भवन में चल रहा है। जि जिला विकास कार्यालय का अपना कोई भवन नहीं है जिसकी अत्यधिक आवश्यकता है। इसके लिए वर्ष 87-88 की योजना में रू. 15 लाख का व्यय प्रस्तावित किया जाता है।

जिला योजना विकास कार्यालय हेतु 37 आवासीय भवनों के निर्माण की भी योजना प्रस्तावित है जिसके लिए वर्ष 87-88 में रू. 10 लाख का प्रस्ताव किया जाता है। निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध है। इस प्रकार कुल योजना हेतु रू. 25 लाख का प्रस्ताव है।

6. निर्बल वर्ग आवास -

इस योजना के अन्तर्गत कम आय वाले परिवारों को गृह निर्माण हेतु 3000 रूपये की दर से अनुदान दिया जाता है। इस योजना हेतु वर्ष 1987-88 हेतु 111 आवासों की 333 हजार रूपये प्रस्तावित किये गये है।

7. स्थल विकास :-

निर्बल वर्ग आवास के निर्माण के लिये स्थल विकास हेतु प्रति परिवार को 600 रूपये का अनुदान दिया जाता है। उक्त योजना में वर्ष 1987-88 हेतु 66.60 हजार रूपये प्रस्तावित किये गये है।

14- <u>सहकारिता विभाग</u> :-

सहकारिता कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1987-88 में ऋण एवं अधिकोषण योजना के लिए 2.37 लाख रूपये का परिव्यय प्रस्तावित है। इसके अन्तर्गत पैक्स के स सचिवों हेतु वेतन कामन कैडर को अनुदान, जिला सहकारी बैंक की शाखाओं को प्रबन्धकीय अनुदान, जिला सहकारी बैंक की शाखाओं को नवीनीकरण हेतु अनुदान, अनुसूचित जाति/ जनजाति के सदस्यों को अंश क्रय करने हेतु ब्याज रहित मध्यकालीन ऋण/ अनुदान तथा उपयोग ऋण वितरण पर रिस्क फन्ड हेतु अनुदान के कार्यक्रम सम्मिलित है।

क्रय विक्रय एवं भण्डारण योजना हेतु वर्ष में 1.40 लाख रू. का परिव्यय प्रस्तावित है, जिसके अन्तर्गत डी.सी.डी.एफ. को उर्वरक व्यवसाय हेतु सीमान्तधन के कार्य आते हैं।

उपभोक्ता योजना के लिए वर्ष में 1.35 लाख का परिव्यय प्रस्तावित है, जिसके अन्तर्गत केन्द्रीय उपभोक्ता भण्डारों को मूल्य उतार चढाव निधि हेतु अनुदान तथा पैक्स को उपभोक्ता व्यवसाय हेतु सीमान्त धन के कार्यक्रम सम्मिलित हैं।

जड़ी बूटी एंव भेषज विकास योजना हेतु 2.12 लाख रूपये का परिव्यय प्रस्तावित है। श्रम योजना हेतु 5 हजार रू. का तथा उपभोक्ता योजना हेतु 20 हजार रू. का परिव्यय प्रस्तावित है।

सहकारिता कार्यक्रम के अन्तर्गत 7 नई योजनायें भी प्रस्तावित है जिनके लिए कुल 2.51 लाख रू. का परिव्यय प्रस्तावित है। इनमें से प्रमुख प्रस्तावित योजना पैक्स में उपभोक्ता कार्य हेतु समितियों के पुनर्स्थापन हेतु 20 पैक्स के लिए अनुदान की योजना है। जिसके लिए 1.05 लाख रू. का परिव्यय प्रस्तावित है।

इस प्रकार वर्ष 1987-88 में सहकारिता हेतु 10 लाख रू. का परिव्यय प्रस्तावित है।

निजी लघु सिंचाई योजनान्तर्गत छोटी-छोटी गूलों का निर्माण छोटी जोत वाले कृषकों को व्यक्तिगत ऋण उपलब्ध कराने पर पूर्ण किया जाता है । इन कृषकों को देय ऋण का 50% अनुदान उपलब्ध कराया जाता है ।

वर्ष 1987-88 हेतु जनपद चमोली के लिए 12 हाईड्रम मशीनों का लक्ष्य रखा गया है । जिनसे 72 है0 भूमि में अतिरिक्त सिंचन क्षमता का सृजन रखा गया है । ~~जिनसे 72 है0 भूमि में~~ इसके लिए रू0 18,26,000•00 की आवश्यकता होगी तथा उपकरण हेतु रू0 50000•00 की मांग की गयी है । हाईड्रम योजना सुदृढीकरण के अन्तर्गत इस जनपद में अब तक निर्मित 52 हाईड्रम मशीनों के रख-रखाव हेतु रू0 5000•00 प्रति मशीन की दर से रू0 220000•00 की मांग की गयी है ।

वर्ष 1987-88 में निजी लघु सिंचाई कार्यों के लिए रू0 330 हजार ऋण तथा रू0 165 हजार अनुदान का प्राविधान है । 18 कि0 मी0 गूल निर्माण तथा 100 हौज निर्माण का लक्ष्य है ।

16- राजकीय लघु सिंचाई:-

जनपद के विकास खण्डों में सिंचाई निर्माण एवं बाढ कार्यों के अनुरक्षण निर्माण एवं अनुसंधान सर्वेक्षण कार्य के लिए सिंचाई विभाग के दो खण्ड चमोली एवं रूद्रप्रयाग कार्यरत हैं ।

वर्ष 87-88 की जिला वार्षिक योजना हेतु 60 कि0 मी0 लम्बी नहरों का निर्माण कर 750 है0 सिंचन क्षमता सृजन का लक्ष्य प्रस्तावित किया गया है । जिस पर 141 लाख रू0 व्यय होने का अनुमान है । इस वार्षिक योजना में विगत 3 वर्ष से अधिक पुरानी चालू योजनाओं पर निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया है उन्हें वर्ष 87-88 में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित किया गया है । वर्ष 87-88 में 43 चालू योजनाओं पर व्यय प्रस्तावित है । वर्ष 87-88 की जिला योजना में स्पेशल कम्पोनेन्ट तथा ट्राइबल उप योजना हेतु क्रमशः रू0 11 लाख तथा रू0 9•5 लाख का प्राविधान किया गया है । योजनाओं हेतु भूमि की उपलब्धि योजनाओं की स्वीकृति उपरान्त होविस्तृत सर्वेक्षण एवं समरेखान निर्धारण उपरान्त सुनिश्चित की जाती है ।

17- राज्य विद्युत परिषद:-

जिले में विद्युतीकरण की निम्न योजनायें कार्यरत हैं ।

(अ) राज्य सामान्य योजना- के अन्तर्गत उन ग्रामों का विद्युतीकरण किया जाता है । जो कि पर्वतीय क्षेत्र में 8 % की राजस्व रिटर्न की परिधि में आते हैं ।

(ब) ग्रामीण विद्युतीकरण निगम- इसमें कार्य करने से पूर्व योजना बना कर उनको स्वीकृत किया जाता है । और फिर उन्हीं ग्रामों का विद्युतीकरण

किया जाता है । , जो कि स्वीकृत योजनाओं में होते हैं ।

जनपद में इस समय 9 योजनाओं पर कार्य चल रहा है, तथा अन्य तीन योजनायें तैयार की जा रही हैं । विद्युत व्यवस्था में सुधार हेतु तपोवन, सीतापुर एवं बराली माइक्रोहाइडिल योजनाओं पर कार्य हो रहा है । ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु रू० 16265·35 हजार का प्रस्ताव रखा गया है । इसमें 100 ग्रामों के विद्युतीकरण का लक्ष्य है जिनमें 80 हरिजन बस्तियाँ होंगी ।

18- <u>उद्योग निदेशालय</u>- उद्योग निदेशालय के अन्तर्गत जिला उद्योग केन्द्र ने वर्ष 1987-88 में 21·53 लाख रू० की चालू योजनायें एवं 2·05 लाख की नई योजनायें प्रस्तावित की हैं ।

चालू योजनाओं में लघु स्तरीय उद्योगों के विकास हेतु औद्योगिक सहकारी समितियों (अवस्त्रीय) के प्रसार हेतु अंश पूंजी एवं प्रबंधकीय राज्य सहायता के अन्तर्गत क्रमश: 10 हजार एवं 5·40 हजार रू० का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है ।

लघु स्तरीय उद्योगों के विकास हेतु ही जिला उद्योग केन्द्र मार्जिन मनी ऋण के राज्य अंश के रूप में, हरिजन एवं कमजोर वर्ग की सहकारी समितियों को अंश पूंजी ऋण तथा एकीकृत मार्जिन ऋण के लिए क्रमश: 100 हजार रू०, 18 हजार रू० एवं 25 हजार रू० का परिव्यय प्रस्तावित है ।

हस्तकला के विस्तार हेतु वर्ष में 12योजनाओं हेतु 24·67 लाख रू० का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है । इनमें से प्रमुख योजनायें - रिंगाल उपयोगी केन्द्र, कच्चा माल व वाणिज्य क्रियाओं की व्यवस्था अनुसूचित जाति/जनजाति के आर्थिक उत्थान हेतु औद्योगीकरण एवं उनके विस्तार की योजनायें, उद्यमियों के माध्यम से कालीन प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना हेतु क्रमश: 80 हजार रू०, 500 हजार रू०, 80 हजार रू० तथा 184·20 हजार रू० का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है ।

उपरोक्त के अतिरिक्त चालू योजनायें गोपेश्वर में प्रशिक्षणार्थियों के लिए होस्टल एवं कर्मचारियों के लिए आवासों की व्यवस्था हेतु भी 10 लाख रू० का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है ।

नई योजनाओं में विपणन केन्द्र की स्थापना हेतु वर्ष में 1 लाख रू० का तथा पीपलकोटी में सिलाई, बुनाई उत्पादन एवं प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना हेतु कर्मचारियों का वेतन आदि तथा अन्य आवर्तक एवं अनावर्तक व्यय मिला कर 1·05 लाख रू० का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है । प्रशिक्षण के साथ-साथ केन्द्र रू० 15000·00 का उत्पादन भी करेगा । इस प्रकार योजना प्रशिक्षण एवं उत्पादन प्रधान होगी । कार्मिकों के रूप में प्रति केन्द्र दो प्रशिक्षक तथा 2 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों कीआवश्यकता होगी जो स्थानीय रूप से उपलब्ध हो जायेंगे । प्रशिक्षण की अवधि पूर्ण हो जाने पर प्रशिक्षित व्यक्तियों को अपना स्वत: रोजगार चलाने के लिए वित्तीय सहायता दी जायेगी । किसी निश्चित स्थान पर इस योजना के कार्य

करने के पश्चात इस केन्द्र को दूसरे उपयुक्त स्थानों पर स्थानान्तरित कर दिया जायेगा ताकि जनपद का प्रत्येक भाग इस योजना से लाभान्वित हो सके ।

19-हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग- हथकरघा कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में वर्ष 1987-88 के जिला सैक्टर योजना में 2•50 लाख रू० का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है । कालीन बुनाई एवं प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना हेतु 160 हजार रू० , रेशम कर्मचारियों व कीट पालकों के प्रशिक्षण की योजना हेतु 8•10 हजार रू० तथा रेशम कीट पालन प्रसार योजना के अन्तर्गत माडल चार्थ कीट पालन योजना हेतु 82•50 हजार रू० का परिव्यय प्रस्तावित है ।

20- पर्यटन विभाग- 1- ऋण उपादान योजना- पर्वतीय क्षेत्र में पर्यटन को बढावा देने के उद्देश्य से वर्ष 80-81 में शासन द्वारा पर्यटन ऋण उपादान योजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है । जिसके अन्तर्गत निजी उद्यमियों को जिला पर्यटन समिति के माध्यम से व्यावसायिक बैंकों से ऋण सुलभ करा कर दिये गये ऋण (अधिकतम् सीमा रू० 50000-00) पर 20% या अधिकतम रू० 10000•00 की राजसहायता का प्राविधान है ।

जनपद चमोली में इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1986-87 तक शासन से उद्यमियों को राजसहायता के रूप में कार्य पूर्ण करने पर भुगतान की जाने वाली धनराशि रू० 6•75 लाख प्राप्त हो चुकी है जिसमें से रू० 0•29लाख की धन राशि उद्यमियों को भुगतान की जा चुकी है । तथा संशोधित नियमावली 1983 के अन्तर्गत रू० 1•346 लाख की राजसहायता उद्यमियों को उनकी योजना के परीक्षण पर इसी वर्ष 86-87 में स्वीकृत की जा रही है । शेष धनराशि डी•आर•डी•ए•के पी•एल•ए• कोष में जमा है ।

नई योजना- पाण्डुकेश्वर में मिनी कैपेटेरिया तथा शौचालय निर्माण

बद्रीनाथ यात्रामार्ग पर पाण्डुकेश्वर नामक स्थान पर मिनी कैपेटेरिया तथा शौचालयों की आवश्यकता है क्यों कि इस स्थान पर गेट चैक होता है जिस कारण यहीं पर यात्रियों को काफी देर रूकना पड़ता है । अत: यहां पर एक मिनी कैपेटेरिया तथा शौचालयों के निर्माण का प्रस्ताव है जिस पर अनुमानित रू० 1•00 लाख की धनराशि व्यय होगी भूमि प्राप्त की जा सकती है ।

21- बेसिक शिक्षा- बेसिक शिक्षा के प्रसार से संबंधित सभी योजनायें जिला सैक्टर योजना में सम्मिलित है । इनका वर्गीकरण दो भागों में किया गया है ।

1- आवर्तक योजनायें 2- अनावर्तक योजनायें ।

वर्ष 1987-88 के लिए प्रस्तावित जिला योजनायें हैं ।

- ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन मिश्रित जूनियर बेसिक स्कूल खोलने हेतु अनुदान:- इस योजनान्तर्गत वर्ष 87-88 के लिए 12 नवीन प्राइमरी विद्यालय खोलने का प्रस्ताव किया गया है । 1 नवीन विद्यालय की यूनिट कास्ट 110 हजार रू० निर्धारित है । अत: 12 नवीन विद्यालयों के लिए 1320 हजार रू०

का प्राविधान किया गया है । इस योजना में वर्ष 1985-86, 86-87 में नवीन खोले गये 6। विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के वेतन आदि भुगतान हेतु 1454 हजार रू0 वचन वद्ध व्यय को व्यवस्था की गयी है ।

2- नगर क्षेत्र में बालक बालिकाओं के नवीन मिश्रित प्राइमरी विद्यालय खोलने हेतु अनुदान- इस योजना अन्तर्गत 86-87 में खोले गये । नगर क्षेत्र के प्राइमरी विद्यालय के शिक्षकों के वेतन आदि भुगतान हेतु 61 हजार रू0 वचन वद्ध व्यय अन्तर्गत तथा वर्ष 87-88 में नगर क्षेत्र में 2 नये प्राइमरी विद्यालय खोलने हेतु 218 हजार रू0 यूनिट काष्ट के अनुसार 436 हजार रू0 का प्रस्ताव किया गया है ।

3- बालक बालिकाओं के सी0बी0 स्कूल खोलने हेतु अनुदान- इस योजनान्तर्गत वर्ष 85-86 एवं 86-87 में खोले गये 5 नवीन सी•बे•स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के वेतन आदि भुगतान हेतु 407 हजार रू0 वचन वद्ध व्यय की व्यवस्था की गयी है । तथा वर्ष 87-88 में 4 नवीन विद्यालय खोलने हेतु 123•5 हजार रू0 यूनिटकास्ट के अनुसार 4 नवीन विद्यालयों के लिए 494 हजार रू0 व्यय का ~~प्राविधान~~ प्रस्ताव किया गया है ।

4- अशासकीय मान्यता प्राप्त एवं सहायता प्राप्त सी•बे•स्कूलों को अनुरक्षण अनुदान:- इस योजना अन्तर्गत वर्ष 87-88 हेतु कोई नई योजना प्रस्तावित नहीं की गयी है । योजना अन्तर्गत 216 हजार रू0 वर्ष 85-86 में स्वीकृत दो विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षणोत्तर कर्मचारियों के वेतन भुगतान हेतु वचन वद्ध व्यय की व्यवस्था की गयी है ।

5- नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ~~व्यय~~ वय वर्ग 6-14 के बच्चों के लिए अंश कालीन कक्षायें खोलने हेतु अनुदान:- 6-14 वय वर्ग के ऐसे बच्चों जो नियमित रूप से अपना अध्ययन विद्यालयों में जारी नहीं रख सके हैं, को अनोपचारिक शिक्षा केन्द्रों के माध्यम से शिक्षित करने हेतु 490 केन्द्रों के संचालन एवं शिक्षिकों ~~के मानदेय~~ का मानदेय हेतु वर्ष 87-88 में योजना में 446 हजार रू0 का प्राविधान किया गया है ।

6- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का सुदृढीकरण:- वर्ष 87-88 में योजना अन्तर्गत कोई नई योजना सम्मिलित नहीं की गयी है ।

7- जिले में कक्षा 6-8 में 15-0 रू0 मासिक की दर से योजना छात्रवृत्ति हेतु अनुदान:- इस योजना अन्तर्गत योग्य एवं प्रतिभाशाली बच्चों को योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा के आधार पर छात्रवृत्ति स्वीकृत की जाती है । योजनान्तर्गत शिक्षा परिषद के विद्यालयों में अध्ययन कर रहे छात्रों के लिए 87-88 में 33 हजार रू0 ~~तथा~~ माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 6-8 में पढने वाले छात्रों की छात्रवृत्ति हेतु 34 हजार रू0 का प्राविधान किया गया है ।

8- प्रदेश में अशासकीय सी0बे0 स्कूलों का प्रान्तीयकरण:- इस योजना में वर्ष 87-88 में कोई नवीन प्रस्ताव नहीं किये गये हैं ।

9- जूनियर बेसिक स्कूलों में प्रधानाध्यापक तथा सी0बे0 स्कूलों में अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति हेतु अनुदान:- बेसिक शिक्षा परिषद के ~~445~~ 449 प्राइमरी विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों के पद सृजित नहीं हैं । वार्षिक योजना 87-88 में 449 सहायक अध्यापकों के पदों को उच्चीकृत कर प्रधानाध्यापक पद बनाने का प्रस्ताव है । इस प्रकार 449 प्रधानाध्यापक पदों पर वर्ष 87-88 के लिए 54 हजार रू0 का प्राविधान किया गया है ।

10- ग्रामीण क्षेत्रों में भवन रहित जू0बे0 स्कूलों के भवन निर्माण हेतु अनुदान:- भवन रहित विद्यालयों के भवन निर्माण हेतु वर्ष 87-88 में 93 हजार रू0 प्रति विद्यालय भवन की दर से 9 विद्यालयों के भवन निर्माण हेतु 840 ह0 रू0 का प्राविधान योजना में किया गया है ।

11- ग्रामीण क्षेत्रों में भवन रहित सी0बे0स्कूलों के भवन निर्माण हेतु अनुदान:- भवन रहित सी0बे0स्कूलों के भवन निर्माण हेतु प्रति विद्यालय 180 हजार रू0 की दर 4 विद्यालय भवनों के निर्माण हेतु वर्ष 87-88 में 720 ह0 रू0 का प्राविधान किया गया है ।

12- जू0बे0स्कूलों में विज्ञान शिक्षा में सुधार हेतुअनुदान:- वर्ष 87-88 में 25 विद्यालयों को विज्ञान शिक्षा साज सज्जा उपलब्ध कराने हेतु 600·00 रू0 प्रति विद्यालय की दर से 15 ह0 रू0 का प्राविधान किया गया है ।

13- ग्रामीण एवं नगर क्षेत्रों में सीनियर बेसिक स्कूलों में विज्ञान साज सज्जा उपलब्ध कराने हेतु अनुदान:- वर्ष 87-88 में +5000-00 रू0 प्रति विद्यालय की दर से 8 विद्यालयों के लिए विज्ञान किट क्रय करने हेतु 40 हजार रू0 का प्राविधान किया गया है ।

14- छात्र सं0 वृद्धि एवं स्थिरता हेतु निर्बल वर्ग के बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण हेतु अनुदान:- निर्धन छात्रों एवं छात्राओं जो पिछड़े क्षेत्र के विद्यालयों में पढ़ रहे हैं और नियमित रूप से विद्यालयों में अध्ययनरत नहीं रहते हैं, को प्रोत्साहित करने हेतु 3-00रू0 प्रतिछात्र,छात्रा की दर से 1666 छात्र,छात्राओं को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने हेतु योजना में 5000/- रू0 का प्राविधान किया गया है ।

15- जू0बे0स्कूलों में अध्यापकों को दक्षता पुरस्कार देने हेतु अनुदान:- इस योजनान्तर्गत वर्ष 87-88 में 500-00 रू0 प्रति शिक्षक की दर 6 शिक्षकों को पुरस्कार देने हेतु 3000·00 का प्रविधान किया गया है ।

16- ग्रामीण क्षेत्रों में सी0बे0स्कूलों में साज सज्जा उपलब्ध कराने हेतु अनुदान:- सी0बे0स्कूलों में साज सज्जा उपलब्ध कराने हेतु 3000-00 प्रति विद्यालय की दर से वर्ष 1987-88 में 30 विद्यालयों को साज सज्जा उपलब्ध कराने हेतु 90 हजार रू0 का प्राविधान किया गया है ।

17-जूनियर बेसिक स्कूलों में साज सज्जा उपलब्ध कराने हेतु अनुदान:- वर्ष 87-88 में 70 विद्यालयों को साज सज्जा उपलब्ध कराने हेतु 1000·00 रू0 प्रति विद्यालय की दर से 70 हजार रू0 का प्राविधान योजना में किया गया है ।

18- सी0बे0 स्कूलों में बुक बैंक स्थापना हेतु अनुदान:- सी0बे0स्कूलों में बुक बैंक स्थापना हेतु 1250·00 रू0 प्रति विद्यालय की दर से 12 सी0बे0 स्कूलों में बुक बैंक स्थापना हेतु योजना में 15 हजार रू0 का प्राविधान किया गया है।

19- सहायता प्राप्त सी0बे0स्कूलों को भवन निर्माण हेतु अनुदान :- इस योजनान्तर्गत वर्ष 87-88 में एक अशासकीय सी0बे0स्कूल के भवन निर्माण हेतु मानक अनुसार 54 हजार रू0 की योजना में व्यवस्था की गयी है।

20- विद्यालय संकुल निर्माण हेतु अनुदान:- शैक्षिक उन्नयन हेतु एक केन्द्रीय विद्यालय के अन्तर्गत आने वाले प्राइमरी एवं जू0हाई0 स्कूलों का संकुल बनाया जाना है। वर्ष 87-88 में 116 संकुलों के निर्माण हेतु 30 हजार रू0 प्रति संकुल 258-00 रू0 की दर से व्यवस्था की गयी है।

21- छात्रवृद्धि अभियान हेतु अनुदान:- 6-11 वय वर्ग के पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों को विशेष रूप से छात्राओं को विद्यालयों में भर्ती कराने हेतु छात्रवृद्धि अभियान संचालन हेतु वर्ष 87-88 में 5 हजार रू0 की योजना में व्यवस्था की गयी है।

22- निर्बल वर्ग के बच्चों को निःशुल्क पोशाक उपलब्ध कराने हेतु अनुदान:- निर्बल वर्ग के बच्चों को विशेष रूप से बालिकाओं को जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण नियमित रूप से विद्यालयों में उपस्थित नहीं होते हैं, के लिए 100/रू0 प्रति छात्र,छात्रा की दर से वर्ष 87-88 में 500 छात्र, छात्राओं को पोशाक उपलब्ध कराने हेतु योजना में 50000·00 रू0 की व्यवस्था की गयी है। नई योजना के अन्तर्गत शाखा आधारित विद्यालयों को पूर्ण विद्यालय का दर्जा देने हेतु अनुदान के लिए वर्ष में 433 हजार रू0 का परिव्यय प्रस्तावित है।

23 माध्यमिक शिक्षा:- माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत जिला सेक्टर में खेलकूद तथा युवक कल्याण, संस्कृत पाठशालाओं को विकास अनुदान तथा पुस्तकालय सेवा आते हैं।

(1) जनपद एवं मण्डलीय स्तर पर खेलकूद आयोजन हेतु टीम भेजने के लिए बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों के लिए 40 हजार रू0 एवं माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए 15 हजार रू0 का परिव्यय 87-88 में प्रस्तावित है।

(2) संस्कृत पाठशालाओं को विकास अनुदान हेतु वर्ष 1987-88 में 21·10 हजार रू0 का परिव्यय प्रस्तावित है।

(3) पुस्तकालय सेवा के अन्तर्गत वर्तमान राजकीय जिला पुस्तकालय के विकास हेतु 70 हजार रू0, सार्वजनिक पुस्तकालयों को अनावर्तक अनुदान हेतु 7 हजार रू0 तथा तहसील स्थित राजकीय पुस्तकालयों की स्थापना और विकास हेतु 250 हजार रू0 का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है।

24- प्राविधिक शिक्षा:- चमोली जैसे पिछड़े जनपद हेतु पोलीटैकनिक की स्थापना का विशेष महत्व है। राजकीय पोलीटैकनिक के लिए गोचर में भूमि उपलब्ध है। इसकी कुल लागत 3 करोड़ की अनुमानित है। प्रथम वर्ष अर्थात 1987-88 में पोलीटैकनिक के भवन निर्माण हेतु 1 करोड़ रू० का परिव्यय प्रस्तावित है।

25-खेलकूद एवं युवाकल्याण:- खेलकूद कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 87-88 में जिला सैक्टर में कुल 1.68 लाख रू० का परिव्यय प्रस्तावित है। चालू योजनाओं में क्रीडा एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु 15 हजार रू० तथा ग्रामीण क्षेत्र में खेल कूद केन्द्रों के विकास तथा शासकीय/अशासकीय स्कूलों में खेल कूद केन्द्रों की स्थापना हेतु 3800 रू० का परिव्यय प्रस्तावित है। नई योजना के अन्तर्गत क्रीडा प्रतिष्ठानों के निर्माण हेतु 1.50 लाख रू० का परिव्यय प्रस्तावित है।

25-चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य

जनपद चमोली की जनसंख्या एवं न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम

वर्तमान योजनाओं के सुदृढीकरण एवं निरोधात्मक स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता प्रदान करने हेतु वर्ष 87-88 की जिला सैक्टर योजना में निम्न प्राविधान किये जा रहे हैं :-

न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद चमोली की जनसंख्या को मद्दयनजर रखते हुए एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 10 उप केन्द्रों की स्थापना, एवं 1 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व 15 उपकेन्द्रों के भवन निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। प्रा0स्वा0 केन्द्रों का उच्चीकरण योजना वर्ष 1986-87 से जिला सैक्टर में परिवर्तित हो गयी है। वर्तमान समय में दो उच्चीकृत प्रा0स्वा0 केन्द्रों के भवन निर्माणाधीन हैं जिसकी स्वीकृति रू0 102-32 लाख रू0 है। अत: वर्ष 1987-88 में उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु 6 लाख रू0 का प्राविधान रखा गया है। वर्तमान में जनपद में 124 उपकेन्द्र हैं जो सभी किराये भवनों में स्थित हैं। 16 उप केन्द्रों के भवन निर्माणाधीन तथा 15 उपकेन्द्रों के भवन 86-87 में प्रस्तावित हैं। इस प्रकार न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम हेतु वर्ष 87-88 में उप केन्द्रों के निर्माण हेतु 18 लाख रू0 का प्राविधान किया गया है। न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 48•60 लाख रू0 प्राविधान वर्ष 1987-88 के लिए किया जा रहा है।

क्षय रोग चिकित्सालय पटियालधार में 40 शैय्याओं का चिकित्सालय कार्यरत है, जिसमें अभी तक स्टाफ नर्स के पद स्वीकृत नहीं हैं। 4 स्टाफ नर्स के पदों का प्राविधान 87-88 हेतु किया गया है।

जिला स्पताल गोपेश्वर में 4 आवासीय सुविधा का नर्सेज हास्टल निर्माणाधीन है, जिसकी लागत 4-61 लाख है। 87-88 में उक्त भवन को पूर्ण करने हेतु 1 लाख 10 हजार रू0 का प्राविधान किया जा रहा है।

बढ़ती हुई जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए जिला स्पताल में 10 शैय्याओं की वृद्धि की जानी आवश्यक है, जिसमें साज सज्जा आदि हेतु वर्ष 87-88 के लिए 2 लाख रू0 का प्राविधान रखा गया है।

वर्तमान समय में 5 राजकीय चिकित्सालय, 16 स्टाफ क्वार्टर्स, एक औषधी भण्डार निर्माणाधीन है तथा 2 चिकित्सालय 86-87 हेतु निर्माण के लिए प्रस्तावित हैं । वर्ष 87-88 हेतु नये निर्माण कार्य नहीं रखे गये हैं । चालू योजनाओं को पूर्ण करने हेतु योजना वर्ष 1987-88 में 20 लाख रू0 का प्राविधान किया जा रहा है ।

थराली, देवाल, नारायणबगड़ क्षेत्र में रोगी वाहन की व्यवस्था हेतु रू0 1.45 लाख की धनराशि की व्यवस्था की जा रही है । जिसमें वाहन चालक का पद भी सृजित होगा । जिला अस्पताल गोपेश्वर में एक्सरे मशीन अक्सर खराब रहती है, जिसके नई मशीन हेतु 2 लाख रू0 का प्राविधान योजना वर्ष 1987-88 में रखा जा रहा है ।

जिला योजना 87-88 में विभिन्न अस्पतालों में विशिष्ट चिकित्सा सुविधाओं की स्थापना को भी लक्ष्य रखा गया है ; जिस हेतु 1 लाख 20 हजार रू0 प्राविधानित हैं । वर्तमान समय में जिले में एक ही चोर घार है, बढती जनसंख्या एवं दुर्घटनाओं को देखते हुए एक दूसरा चोर घार कर्णप्रयाग में स्थापित होना आवश्यक है । इसके लिए 20 हजार रू0 का परिव्यय प्रस्तावित है ।

आयुर्वेदिक चिकित्सालय के विस्तार एवं स्थापना का प्राविधान का भी नई योजना में प्राविधान रखा गया है । क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी के कार्यालय हेतु जीप एवं टैलीफोन व्यवस्था भी नई योजना में सम्मिलित है । इसके लिए भी 1.50 लाख रू0 का परिव्यय प्रस्तावित है ।

राजकीय होमोपैथिक अस्पतालों में अतिरिक्त दवाओं हेतु 15 हजार रू0 का अतिरिक्त प्राविधान किया गया है ।

यद्यपि इस विभाग की सभी योजनायें सामूहिक योजनायें हैं, फिर भी अनुसूचित जाति एवं जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में 2-2 उप केन्द्रों की स्थापना एवं निर्माण का लक्ष्य रखा जा रहा है ॥ जनजाति बाहुल्य क्षेत्र थराली के लिए एक रोगी वाहन का लक्ष्य भी प्रस्तावित है ।

26- जलनिगम:-

पेयजल व्यवस्था का कार्यक्रम न्यूनतम् आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत आता है,और पर्वतीय क्षेत्र में इस कार्यक्रि म का विशेष महत्व है ।

छटी पंचवर्षीय योजना के दौरान जनपद में जलनिगम द्वारा रू0 100987/- का व्यय किया गया तथा 417 ग्रामों के लक्ष्य के विपरीत 434 ग्रामों में पेयजल व्यवस्था की गयी ।

वर्ष. 1985-86 में न्यूनतम् आवश्यकता कार्यक्रम में रू0 16471 तथा त्वरित कार्यक्रम के अन्तर्गत रू0 2055 का व्यय कर के 64 ग्रामों में पेयजल उपलब्ध कराया गया । वर्ष 1986-87 में कुल रू0 33714 का व्यय अनुमोदित है,तथा 15•5 ग्रामों को पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है ।

ग्रामीण पेयजल योजनाओं हेतु वर्ष 1987-88 में 3•37 करोड़ रू0 का परिव्यय प्रस्तावित है तथा 125 ग्रामों का लक्ष्य रखा गया है ।

27- सूचना विभाग:-

सूचना विभाग की केवल एक चालू योजना जिला सैक्टर में वर्ष 1987-88 में प्रस्तावित है । सामूहिक दूरदर्शन योजना के अन्तर्गत 40 टी0वी0 सेट्स के क्रय करने हेतु 40 हजार रू0 का परिव्यय प्रस्तावित है ।

इस विभाग द्वारा वर्ष 1985-86 में 10 सामूहिक टेलीविजन सेट्स की स्थापना की गयी थी ।

वर्ष 1986-87 में सूचना विभाग द्वारा 30000/ रू0 का व्यय किया जायेगा जिससे जनपद में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में 20 सामूहिक टेल विजन सेट्स की स्थापना की जायेगी ।

28- औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम:-

औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1987-88 में दो चालू योजना ब्रान्च औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देवाल/गैरसैंण तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्णप्रयाग का भवन निर्माण एवं एक नई योजना औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्णप्रयाग में पद सृजित हेतु 28•31 लाख रू0 का परिव्यय प्रस्तावित है ।

चालू योजनाओं के अन्तर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं ब्रान्च आई0टी0आई0 के स्थापना हेतु 7•96 लाख रू0 तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के विस्तार एवं सुदृढीकरण हेतु 20 लाख रू0 का परिव्यय प्रस्तावित है । नई योजना के

अन्तर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्णप्रयाग में फोरमैन तथा टंकण मैकेनिक के पदों के सृजन हेतु 35 हजार रू० के परिव्यय का प्रस्ताव है ।

29- सेवायोजन:-

सेवा योजन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला सेक्टर में वर्ष 1987-88 में केवल चालू योजनाओं में 1•43 लाख रू० का परिव्यय प्रस्तावित है । अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए शिक्षण एवं मार्ग दर्शन हेतु केन्द्र की स्थापना हेतु 110 हजार तथा रोजगार बाजार सूचना इकाई की स्थापना के लिए 33 हजार रू० का परिव्यय प्रस्तावित है ।

30- हरिजन एवं समाज कल्याण:-

हरिजन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 1987-88 में जिला सैक्टर में कुल 11•07 लाख रूपये का परिव्यय प्रस्तावित है,जब कि इस कार्यक्रम में जनपद में वर्ष 1985-86 में 9•17 लाख रूपया व्यय हुआ और वर्ष 1986-87 में 9•29 लाख रू० व्यय होने का अनुमान है ।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए शैक्षिक एवं आर्थिक उत्थान

के विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तावित हैं, जिनका विवरण निम्न प्रकार है:-

{क} शैक्षिक कार्यक्रम:-

प्राइमरी कक्षाओं के अनुसूचित जाति के विद्यालयों हेतु 1•50 लाख रू0 के तथा जूनियर हाई स्कूल स्तर के अनुसूचित जाति के विद्यालयों के लिए 3•50 लाख रू0 को छात्रवृत्ति, पाठ्यपुस्तक एवं अन्य उपकरण हेतु अनावर्ती सहायता का प्रस्ताव रखा है । इसी प्रकार अनुसूचित जाति के छात्राओं को अपारच्यु-निटी कास्ट अनुदान हेतु वर्ष में 2•00 लाख रू0 का प्रस्ताव रखा है ।

2- दशम एवं दशमोत्तर कक्षाओं को अंतिम परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण अनुसूचित जाति के छात्रों को विशेष पुरस्कार हेतु वर्ष में 6 हजार रू0 प्रस्तावित है ।

3- विभाग द्वारा सहायता प्राप्त छात्रावासों, पुस्तकालयों एवं पाठशालाओं के सुधार/विस्तार हेतु 5 हजार रू0 का प्रस्ताव रखा गया है ।

{ख} आर्थिक उत्थान के कार्यक्रम:-

1- कृषि /बागवानी हेतु अनुसूचित जाति के परिवारों को अनुदान के मद में वर्ष में 1•20 लाख रू0 का परिव्यय प्रस्तावित है ।

2- अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को लघु कुटीर उद्योग हेतु अनुदान के लिए वर्ष में 1•20 लाख रू0 का परिव्यय रखा गया है ।

3- अनुसूचित जाति के परिवारों को गृह निर्माण/सुधार हेतु अनुदान के लिए वर्ष में 2·70 लाख रू0 का परिव्यय प्रस्तावित है ।

4- अन्य पिछड़ी जातियों के लिए शैक्षिक कार्यक्रम, कृषि भूमि क्रय हेतु अनुदान तथा हायर पर्चेज के आधार पर दुकानों के निर्माण हेतु वर्ष में 90 हजार रू0 का परिव्यय प्रस्तावित है ।

जनपद में अनुसूचित जनजाति के भोटिया परिवारों के लिए निम्न योजनायें प्रस्तावित की गयी हैं ।

क्र0सं0	कार्यक्रम का नाम	वर्ष 1987-88 में प्रस्तावित परिव्यय (हजार रू0)
1	2	3
1-	गृह निर्माण विस्तार तथा मरम्मत हेतु अनुदान	60·00
2-	अन्य विशेष कार्यक्रम	137·00
3-	बागवानी अनुदान	75·00
4-	कुटीर उद्योग अनुदान	90·00
5-	अनुसूचित जनजाति का पुनर्वासन	50·00

समाज कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष में निम्न कार्यक्रम प्रस्तावित किये गये हैं ।

क्र0सं0	कार्यक्रम का नाम	वर्ष 1987-88 में प्रस्तावित परिव्यय (हजार रू0 में)
1-	निर्धन एवं निराश्रित महिलाओं को उनके पुनर्वासन हेतु सिलाई, कढ़ाई, बुनाई मशीनों के क्रय हेतु अनुदान	20·00
